खबरें छुपाता नहीं, छापता है
ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
# शाह टाइम्स
नई दिल्ली, शनिवार 21 मार्च 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 348 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 1 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

## केंद्र सरकार ने एलपीजी संकट पर दी सफाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव ने अंतर मंत्रालयी प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि देश की सारी रिफाइनरी अपनी पूरी क्षमता में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा है कि घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और हम लगातार उपभोक्ताओं से अपील कर रहे हैं, जहां भी संभव हो वे नेचुरल गैस अपनाने की ओर बढ़ें।

इस संबंध में राज्य सरकारों को भी पत्र लिखे गए हैं। इस दिशा में पहल करने वाले राज्यों को अतिरिक्त 10 फीसदी एलपीजी मुहैया कराने का भरोसा भी दिया गया है। 13700 से अधिक कनेक्शन दिए गए हैं और 7500 से अधिक लोग एलपीजी से पीएनजी पर शिफ्ट हुए हैं। ऑनलाइन बुकिंग्स में लगभग 93 फीसदी की बुकिंग ऑनलाइन है। उनकी डिलिवरी की जा रही है। पैनिक बुकिंग कम हुई -शेष पृष्ठ दो पर



- देश की सारी रिफाइनरी पूरी क्षमता में काम कर रही हैं, खाड़ी देशों में फंसे भारतीय जहाज और नाविक पूरी तरह सुरक्षित

### प्रीमियम पेट्रोल दो व औद्योगिक डीजल 22 रुपये महंगा

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल की कीमत में दो रुपये प्रति लीटर का इजाफा कर दिया है। औद्योगिक उपयोग वाले थोक डीजल की दरें भी करीब 22 रुपये प्रति लीटर बढ़ाई गईं। तेल विपणन कंपनियों ने कीमतों में यह इजाफा पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक तेल कीमतों में उछाल के बाद किया है। हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# उत्तराखंड में धामी मंत्रिमंडल का विस्तार, पांच विधायक बने मंत्री

एस. आलम अंसारी

**देहरादून।** नवरात्रि के दूसरे दिन उत्तराखंड की धामी सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया। लोक भवन में शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे आयोजित समारोह में नव नियुक्त कैबिनेट मंत्रियों को शपथ ग्रहण कराई गई।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि.) ने शुक्रवार को लोक भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उत्तराखंड सरकार के मंत्रिपरिषद के नवनियुक्त मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने विधायक खजान दास, मदन कौशिक, भरत सिंह चौधरी, प्रदीप बत्रा एवं राम सिंह कैड़ा को मंत्री पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्य मंत्री भगत सिंह कोश्यारी, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, श्रीमती रेखा आर्या, गणेश जोशी एवं सौरभ बहुगुणा, सांसद महेन्द्र भट्ट और नरेश बंसल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन -शेष पृष्ठ दो पर



- लोक भवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल ने पांचों विधायकों को दिलाई शपथ
- विधायक मदन कौशिक, खजान दास, भरत चौधरी, प्रदीप बत्रा और राम सिंह कैडा बने मंत्री

### धामी कैबिनेट में अब 12 मंत्री

साल 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत 9 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली थी। ऐसे में सरकार के गठन के साथ ही तीन मंत्रिमंडल के पद खाली चल रहे थे। लेकिन कुछ समय बाद ही 26 अप्रैल 2023 को समाज कल्याण और परिवहन मंत्री चंदन रामदास के निधन के बाद एक और मंत्रिमंडल का पद खाली हो गया। इसके साथ ही 16 मार्च 2025 में वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की ओर से दिए गए विवादित बयान के बाद उन्हें भी अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। ऐसे में धामी मंत्रिमंडल में पांच मंत्री के पद खाली चल रहे थे। शुक्रवार को धामी मंत्रिमंडल में पांच नए मंत्री शामिल होने से अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित 12 मंत्री हो गए हैं।

# अमेरिकी F-35 विमान पर इतिहास में पहला हमला: ईरान

**तेल अवीव।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ईरान की आईआरजीसी ने गुरुवार को सुबह 2:50 बजे मध्य ईरान के हवाई क्षेत्र में एक अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमान को निशाना बनाने का दावा किया।

आईआरजीसी के अनुसार, विमान के क्रैश होने की बहुत ज्यादा संभावना है। दूसरी तरफ, सीएनएन रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने बताया कि ईरानी मिसाइलों के हमले के बाद एक एफ-35 विमान को इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता कैप्टन टिम हॉकिन्स ने पुष्टि की कि विमान ईरान के ऊपर एक मिशन पर था। उन्होंने बताया कि विमान सुरक्षित उतर गया है और पायलट की हालत स्थिर है। फिलहाल इस घटना की जांच चल रही है। बता दें कि एफ-35 दुनिया के सबसे महंगे विमानों में से एक है और इसकी कीमत 100 मिलियन डॉलर से भी ज्यादा है। अगर ईरान का यह दावा पूरी तरह सच साबित होता है, तो यह इस युद्ध की सबसे बड़ी सैन्य उपलब्धि होगी। ब्लूमबर्ग और सीएनएन रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के साथ युद्ध में अमेरिका को भारी नुकसान हुआ है। पहली बार किसी देश ने एफ-35 लाइटनिंग 2 विमान पर हमला किया।

- IRGC का दावा: विमान के क्रैश होने की बहुत ज्यादा संभावना, यूएस ने की आपात लैंडिंग की पुष्टि

### इजरायली हमले में आईआरजीसी प्रवक्ता और खुफिया मंत्री की मौत

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के मुख्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी एक भीषण हमले में मारे गए हैं। दावा किया जा रहा है कि यह हमला अमेरिका और इजरायल की ओर से संयुक्त रूप से किया गया था। इस बात की पुष्टि ईरान के सरकारी मीडिया ने की है। इतना ही नहीं, अभी ईरान इस झटके से उबर भी नहीं पाया था कि देश के खुफिया मंत्री इस्माइल खतीब की भी एक हमले में मौत हो गई।

### मुबारकबाद



ईद-उल-फितर के मौके पर सभी देशवासियों को दिली मुबारकबाद

- सम्पादक

### अवकाश सूचना

ईद-उल-फितर के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 23 मार्च 2026 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी नौकरानी नहीं, लाइफ पार्टनर है: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तलाक से जुड़े मामले की सुनवाई में कहा कि 'पत्नी का खाना न बनाना या घरेलू कामकाज ठीक से न करना क्रूरता नहीं माना जा सकता।' जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच ने कहा कि अब समय बदल चुका है और पति को भी घर के कामों में बराबर की जिम्मेदारी निभानी होगी। जस्टिस मेहता ने कहा कि आप नौकरानी से शादी नहीं कर रहे, बल्कि जीवनसाथी से कर रहे हैं। जस्टिस नाथ ने कहा कि आज के समय में पति को भी खाना बनाना और घर के काम करना चाहिए। बेंच ने इस केस में अंतिम फैसला नहीं सुनाया है। मामले की अगली तारीख पर पति-पत्नी को सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है। पहले भी इस केस को मेडिएशन में भेजा गया था, लेकिन समझौता नहीं हो सका। वहीं, मामले में फैमिली कोर्ट ने पति के पक्ष में फैसला दिया था। हाईकोर्ट ने फैसला रद्द किया। बाद में पति ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई। दरअसल, इस मामले में पति ने क्रूरता के आधार पर तलाक की मांग की थी।

### यूपी, बिहार समेत 12 राज्यों में बारिश

**नई दिल्ली।** देश के 12 राज्यों में मौसम बदला हुआ है। मार्च के महीने में जहां पहाड़ी इलाकों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में भारी बर्फबारी हो रही है। वहीं मैदानी इलाकों राजस्थान, मध्य प्रदेश, यूपी और बिहार में तेज बारिश के साथ-साथ ओले गिर रहे हैं। मौसम में बदलाव की वजह वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का बदला हुआ आकार है। आमतौर पर यह सिस्टम कर्व्ड (मुड़ा हुआ) होता है। इस बार यह सीधी लाइन में है। यह रेन बैंड 1000 किमी लंबा है। अफगानिस्तान से पाकिस्तान और इंडिया तक इसका असर है। दरअसल वेस्टर्न डिस्टर्बेंस पश्चिम से आने वाला बादलों का एक सिस्टम होता है। जो सर्दियों में उत्तर भारत में बारिश और बर्फबारी कराता है। क्लाइमेट साइंटिस्ट डा. प्रदीप के अनुसार, मौजूद वेस्टर्न डिस्टर्बेंस अपनी बनावट के कारण बेहद दुर्लभ है। जिससे शक्तिशाली आंधी-तूफान और गरज वाले बादल पैदा करने की क्षमता है।

### ताहिर हुसैन को मिली अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** 2020 के उत्तर- पूर्वी दिल्ली दंगों के आरोपी पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को कोर्ट ने मेडिकल आधार पर अंतरिम जमानत दी है। उन्होंने इनगुइनल हर्निया के इलाज के लिए स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जमानत की मांग की थी। कड़कड़डूमा कोर्ट ने दिल्ली सरकार को उनकी सर्जरी 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।
















## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस कमांडो का शव कमरे में फंदे से लटका मिला

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में पुलिस कमिश्नर के एस्कॉर्ट में तैनात कमांडो का शव शुक्रवार को उनके किराए के कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने बताया कि कैंट थाना क्षेत्र के गंगानगर राजापुर स्थित मकान में रह रहे कमांडो कृपाल सिंह (29) का कमरा अंदर से बंद था। मकान मालिक ने सुबह खिड़की से झांककर उन्हें फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, कृपाल सिंह आखिरी बार 18 मार्च की रात ड्यूटी से लौटने के बाद देखे गए थे। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कृपाल सिंह फिरोजाबाद जिले के निवासी थे और 2019 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे। वर्तमान में वह पुलिस कमिश्नर के एस्कॉर्ट में कमांडो के रूप में तैनात थे।

### मीरवाइज उमर फारूक लगातार तीसरे शुक्रवार नजरबंद

**श्रीनगर।** कश्मीर के मुख्य मौलवी मीरवाइज उमर फारूक ने आरोप लगाया है कि उन्हें एक बार फिर घर में नजरबंद कर दिया गया है, जिससे वह श्रीनगर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद में शुक्रवार का उपदेश द्धखुतबाऋ नहीं दे सके। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखी एक पोस्ट में दावा करते हुए कहा कि रमजान के पवित्र महीने के दौरान यह लगातार तीसरा शुक्रवार है जब उन्हें इस तरह की पाबंदी का सामना करना पड़ा है। उनके घर के बाहर पुलिस वाहनों और सुरक्षाबलों की तैनाती कर दी गई और गलियों को कटीले तारों से बंद कर दिया गया। उन्होंने इस कार्रवाई को शासकों की घबराहट का प्रतीक बताया।

### आंधी और बारिश से यूपी में मौसम हुआ सुहाना, किसानों की चिंता बढ़ी

# फसलों को नुकसान होने की संभावना

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ जौनपुर और प्रयागराज जिले में बिजली गिरने से एक युवक और किसान की मौत हो गई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य क्षेत्रों में तेज रफ्तार हवा और बारिश से बढ़ते तापमान में फौरी ब्रेक लगा है वहीं मौसम के इस बदलाव के चलते खेत खलिहान में पकी पड़ी फसल के नुकसान की भी संभावना गहरा गई है और अन्नदाताओं की चिंता में इजाफा हुआ है।

मौसम विज्ञान विभाग के लखनऊ केंद्र ने उत्तर प्रदेश में आंधी, बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना को देखते हुए 20-21 मार्च के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश में कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश और तेज झोंकेदार हवाएं (50-60 किमी प्रति घंटा) चलने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान में 7.9 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जा सकती है। पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों में वज्रपात, तेज हवाओं और कहीं-कहीं ओलावृष्टि की आशंका जताई गई है। 21 मार्च को भी कुछ स्थानों पर मौसम सक्रिय रहेगा, जबकि 22 मार्च से मौसम शुष्क होने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान घरों में रहने, पेड़ों के नीचे आश्रय न लेने और बिजली उपकरणों से दूरी बनाए रखने की सलाह दी है। किसानों को पकी फसल की शीघ्र कटाई कर सुरक्षित स्थान पर रखने और खेतों में जल निकासी की व्यवस्था करने को कहा गया है। इस बीच मथुरा, आगरा, अलीगढ़, इटावा, कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी और भदोही समेत कई स्थानों पर आंधी बारिश से फसल प्रभावित होने की सूचना है वहीं वर्षाजनित हादसों में कम से कम चार लोगों की मृत्यु हो गई जबकि कुछ मवेशी भी हताहत हुए हैं। जौनपुर जिले में मीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मोलनापुर में आज सुबह बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अजीत चौहान (9) आज सुबह घर से शौच के लिए बाहर गया था, तभी खुले मैदान में उस पर वज्रपात हुआ। परिजनों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रयागराज के बहादुरपुर के चकिया घराहरा गांव में बिजली गिरने से किसान संग्राम सिंह (60) की मौत हो गई।

### गर्मी से राहत, तो हवा से परेशानी

कानपुर के रावतपुर क्षेत्र में दीवार गिरने से एक मासूम गंभीर रुप से घायल हो गई। राजधानी लखनऊ में सुबह की शुरुआत धूप के साथ हुई, लेकिन करीब 9 बजे के बाद अचानक घने काले बादलों ने आसमान को ढक लिया। कुछ ही देर में अंधेरा छा गया और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। इस अचानक बदलाव से जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं सुबह घर से निकले लोग बारिश और तेज हवा के कारण परेशान भी नजर आए। जालौन,हमीरपुर में भी आंधी बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। बारिश से गिरी गेहूं की फसल के साथ सरसों, चना, मटर, मसूर व आम की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। कानपुर की सुबह शुक्रवार को आसमान से घिरे बादलों और हल्की फुहारों से हुई। मौसम में आए बदलाव से लोगों को एक बार फिर ठंड का अहसास हुआ।

# देशविरोधी बड़ी साजिश का भंडाफोड़, नौ गिरफ्तार

कौशांबी, वार्ता

■ देश के महत्वपूर्ण स्थानों की जानकारी भेजते थे विदेश, सीसीटीवी व ओटीपी से चल रहा था जासूसी रैकेट

देश की सुरक्षा को खतरे में डालने वाली एक बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है। यूपी के थाना कौशांबी पुलिस और स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो भारत के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और सुरक्षा ठिकानों की गोपनीय जानकारी विदेश में बैठे लोगों तक पहुंचा रहा था। इस मामले में कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 5 नाबालिग भी शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से 9 मोबाइल फोन, 10 सिम कार्ड और 2 सीसीटीवी कैमरे बरामद किए हैं।

पुलिस से मिली सूचना के अनुसार ये युवक रेलवे स्टेशन, सुरक्षा बलों के ठिकानों और अन्य महत्वपूर्ण जगहों के वीडियो बनाकर विदेश में बैठे लोगों को भेज रहे थे। इतना ही नहीं, ये लोग पैसों का लालच देकर अन्य युवाओं को भी इस काम में शामिल कर रहे थे। इस इनपुट को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने थाना कौशांबी में मुकदमा दर्ज किया, जिसमें बीएनएस की धारा 61(2)/152 और ऑफिशियल एक्ट की धारा 3/5 के तहत केस दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 5 पुरुष और 1 महिला को गिरफ्तार किया। इनके मोबाइल फोन की जांच में कई आपत्तिजनक वीडियो, फोटो और महत्वपूर्ण लोकेशन मिलीं, जो सीधे तौर पर देश की सुरक्षा से जुड़ी थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया गया। गिरोह के मुख्य हैंडलर सुहैल मलिक, नौशाद अली और समीर उर्फ शूटर हैं। इनके इशारे पर भारत के अलग-अलग इलाकों में मौजूद आरोपी रेलवे स्टेशन, सुरक्षा बलों के ठिकानों और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की रेकी करते थे और वहां की फोटो, वीडियो और जीपीएस लोकेशन विदेश भेजते थे। 20 मार्च 2026 को एसआईटी ने आगे कार्रवाई करते हुए 9 और को गिरफ्तार किया।

# दंपति ने बेटे संग खाया जहर मां-बेटे की मौत, पिता गंभीर

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ लखनऊ की घटना सुसाइड नोट छोड़ा

**लखनऊ।** लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र के नींवा गांव में शुक्रवार को एक ही परिवार के तीन लोगों द्वारा जहरीला पदार्थ खाने की घटना सामने आई है। हादसे में मां और बेटे की मौत हो गई, जबकि पिता की हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, डायल 112 पर सूचना मिलने के बाद टीम मौके पर पहुंची तो रूपनारायण चौरसिया (55), उनकी पत्नी तारावती (लगभग 50 वर्ष) और पुत्र संदीप चौरसिया (30) अचेत अवस्था में मिले। तीनों के मुंह से झाग निकल रहा था। परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने तारावती और संदीप को मृत घोषित कर दिया, जबकि रूपनारायण का इलाज जारी है। छोटे बेटे कुलदीप ने बताया कि गुरुवार रात सभी ने खाना नहीं खाया और अपने कमरे में चले गए। तड़के आवाज सुनकर जब वह उठा, तो पिता को उल्टियां करते पाया और कमरे में मां व भाई बेसुध पड़े मिले। परिजनों की मदद से सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस जांच में मृतक संदीप की जेब से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें लिखा है कि अपनी मौत के जिम्मेदार केवल हम हैं। हालांकि आत्महत्या के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। परिजनों के अनुसार, किसी बड़े कर्ज या विवाद की जानकारी नहीं है, हालांकि घर पर कुछ अज्ञात लोगों के आने की बात सामने आई है।

# बढ़ी कीमतों पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा

## पेट्रोलियम पदार्थों की मूल्यवृद्धि मुनाफाखोरी: तिवारी

नई दिल्ली, वार्ता



वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्यसभा में उप नेता प्रमोद तिवारी ने प्रीमियम पेट्रोल के 2.35 रुपये प्रति लीटर तक महंगा होने पर सरकार की आलोचना करते हुए उस पर मुनाफा कमाने का आरोप लगाया है।

तिवारी ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए शुक्रवार को की गई पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि को मुनाफाखोरी और अवसरवादिता करार दिया है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 110 से 120 डालर के बीच होने के बावजूद सरकार की ओर से प्रीमियम पेट्रोल पर प्रति लीटर दो रूपए से ज्यादा की बढ़ोतरी करना जनता के साथ अन्याय है। तिवारी ने सवाल उठाया कि अगर यही काम कोई डीलर करता, तो उसे मुनाफाखोर और अवसरवादी कहा जाता, लेकिन केंद्र सरकार ने जानबूझकर मुनाफाखोरी करते हुए यह फैसला लिया है। उन्होंने मांग की कि पेट्रोल के बढ़े हुए दाम तत्काल वापस लिए जाएं। अमेरिका - इजरायल और ईरान में चल रहे संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच भारत में प्रीमियम पेट्रोल के दाम में बढ़ोतरी की गई है। प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में 2 से 2.35 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया गया है। सामान्य पेट्रोल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### व्यापार समझौते के खिलाफ सत्याग्रह युकां

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने एआई सम्मेलन के दौरान भारत मंडपम में किए अपने प्रदर्शन को उचित करार देते हुए कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता पीएम मोदी का आत्मसमर्पण है और युवा संगठन इस समझौते के खिलाफ पूरे देश में सत्याग्रह करेगा। युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब व संगठन के प्रभारी मनीष शर्मा ने कहा कि भारत मंडपम में विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में हिरासत में लिए गए उनके सभी सहयोगियों को रिहा कर दिया गया है। युवा कांग्रेस अमेरिका के साथ हुए समझौते के खिलाफ दिल्ली के साथ ही सभी प्रदेशों के मुख्यालयों, मंडल, जिला और ब्लाक स्तर पर आंदोलन करेंगे।

### सपा की महिला विग ने गैस सिलेंडर की 'अर्थी' निकालकर जताया विरोध

**लखनऊ।** महंगाई और गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर सपा की महिला विग की कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कैसरबाग स्थित पार्टी मुख्यालय पर अनोखा प्रदर्शन किया। महिलाओं ने गैस सिलेंडर को 'शव' मानते हुए उसकी अर्थी निकाली और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सिलेंडर को सफेद कपड़े ओढ़ाकर उसके चारों ओर बैठकर विलाप किया। महिलाएं छाती पीटते हुए कह रही थीं 'अब हम अपने बच्चों को कैसे पालेंगे, सिलेंडर हमें छोड़कर चला गया, अब हम क्या करेंगे। इस भावनात्मक अंदाज में उन्होंने बढ़ती महंगाई और रसोई गैस की समस्या को उजागर किया। कुछ महिलाएं हाथों में पोस्टर और खाली बर्तन लेकर पहुंचीं थी, जिन पर लिखा था 'महंगी गैस, महंगा तेल-मोदी योगी दोनों फेल'। सपा कार्यालय से निकलकर सड़कों पर उतरीं कार्यकर्ताओं ने नारा लगाया 'मोदी तेरे सरकार में, कटोरा हमारे हाथ में'।

काम कोर्स उदास क्यों? अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा। फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें। ऋषि इन्टरनेशनल 08899787114 09808917010

## अर्थ व्यापार

शाह टाइम्स — बारिश के बीच अलविदा

सेंसेक्स 74532.96 | निफ्टी 23114.50

सोना 147000 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 234000 प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक मजबूत

मुंबई, वार्ता



पिछले कारोबारी दिवस की बड़ी गिरावट के बाद शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में कम कीमतों पर हुई लिवाली से प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 325.72 अंक (0.44 प्रतिशत) की बढ़त में 74,532.96 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक भी 112.35 अंक यानी 0.49 प्रतिशत ऊपर 23,114.50 अंक पर पहुंच गया। बाजार में गुरुवार को भारी बिकवाली देखी गई थी और दोनों सूचकांक सवा तीन प्रतिशत के करीब टूटे थे। सुबह के कारोबार में सेंसेक्स एक समय 1,079 अंक चढ़ गया था, लेकिन बाद में इसकी तेजी सीमित रह गई। मझौली और छोटी कंपनियों में भी आज तेजी रही। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.74 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.09 प्रतिशत चढ़ा। आईटी, सरकारी बैंकों, फार्मा, धातु, स्वास्थ्य और ऑटो सेक्टरों में अच्छी मजबूती रही। बैंकिंग, निजी बैंक, रियलटी और मीडिया सेक्टरों के सूचकांक गिर गए। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील और टेक महिंद्रा के शेयर तीन प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। इंफोसिस, ट्रेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर दो से तीन प्रतिशत की बीच मजबूत हुए। टाइटन, एनटीपीसी, सनफार्मा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इटरनल, टीसीएस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, पावरग्रिड, अडानी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी ऊपर रहे। एचडीएफसी बैंक का शेयर लगभग ढाई प्रतिशत टूट गया।

### सोना सस्ता, चांदी बढ़कर 2.34 लाख पर पहुंची

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोने की कीमत में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 549 रुपए घटकर 1.47 लाख रुपए पर आ गया है। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 3,727 रुपए बढ़कर 2.34 लाख रुपए पर आ गई है। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना 8 दिन में 12,963 और चांदी 34,701 सस्ती हुई है।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 28,781 रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक 50 दिन में चांदी 1.52 लाख रुपए सस्ती हो गई है। सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं।

# चावल, गेहूं मजबूत, चीनी नरम दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गई। चावल के साथ गेहूं में भी मजबूती रही जबकि चीनी की कीमतों में गिरावट देखी गई। दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 49 रुपये बढ़कर 3,837 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। गेहूं 36 रुपये महंगा हुआ और 2,818 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी 31 रुपये बढ़ गई। दाल. दलहनों में उतार-चढ़ाव देखा गया। तुअर दाल की औसत कीमत 37 रुपये और मसूर दाल की छह रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। मूंग दाल 41 रुपये और उड़द दाल 19 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। चना दाल के भाव कमोबेश अपरिवर्तित रहे। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में आज अवकाश रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.73 प्रतिशत की तेजी के साथ 65.89 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 267 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। मूंगफली तेल 127 रुपये और वनस्पति 125 रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल में 96 रुपये की गिरावट रही। सोया तेल 160 रुपये और सरसों तेल 51 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 29 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। वहीं, चीनी 11 रुपये सस्ती हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें। काजीजादा, अमरोहा-UP हाशमी दवाखाना 9997161320, 8272800800

Cipzer — HEALTH WITH CARE — जॉन्डिस क्योर लिवर का जिगरी दोस्त भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध। 86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड में...**

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने किया। लोक भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सबसे पहले देहरादून की राजपुर रोड विधानसभा से विधायक खजान दास ने शपथ ग्रहण की। उनके बाद रुद्रप्रयाग के विधायक भरत सिंह चौधरी, हरिद्वार शहर से विधायक मदन कौशिक, रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा व भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने शपथ ग्रहण की। ताजपोशी के लिए नए चेहरों का चयन विधायकों के पिछले चार साल के कामकाज का रिकॉर्ड देखकर किया गया है। नई कैबिनेट में क्षेत्रीय व जातीय समीकरण के बीच संतुलन बनाया गया है।ऐसे में अब धामी मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। उत्तराखंड राज्य में साल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले धामी मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया है। मंत्रिमंडल का विस्तार आगामी विधानसभा चुनाव के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। राज्य सरकार ने मंत्रिमंडल विस्तार के जरिये क्षेत्रीय, जातीय और महिला- युवा संतुलन साधने की कोशिश की है। उल्लेखनीय है कि साल 2022 में सरकार के गठन के बाद से ही मंत्रिमंडल के कई पद खाली चल रहे थे, जिसके बाद से ही समय समय पर मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा चलती रही है। ऐसे में वर्तमान सरकार के कार्यकाल को चार साल पूरा होने से ठीक तीन दिन पहले मंत्रिमंडल का विस्तार कर दिया गया है। शुक्रवार को धामी मंत्रिमंडल में पांच नए मंत्री शामिल होने से अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित 12 मंत्री हो गए हैं।

**घरेलू एलपीजी..**

है। गुरुवार को 55 लाख बुकिंग हुई है। सभी राज्यों के पास सप्लाई उपलब्ध है। पिछले एक हफ्ते में 11300 टन कमर्शियल एलपीपी उपभोक्ताओं को दी गई है। इस सप्लाई का 50 प्रतिशत शिक्षण संस्थाओं और अस्पतालों को मिला है। लगभग 32 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में कंट्रोल रूम सेटअप किए गए हैं। जिला निगरानी समिति भी काम कर रहे हैं। पिछले 24 घंटों में लगभग 4500 जगहों पर छापेमारी की गई है। उत्तर प्रदेश में करीब 1100 जगहों पर छापेमारी की गई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने भी 1800 जगहों पर सरप्राइस इंस्पेक्शन किया है। एलपीजी के बारे में यही कहना है कि स्थिति अब भी चिंताजनक है, लेकिन उपभोक्ता अफवाहों पर ध्यान न दें और वैकल्पिक ईंधन का अधिक से अधिक उपयोग करने की कोशिश करें। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि एलपीजी के उत्पादन में लगभग 40 फीसदी तक का इजाफा किया गया है। पोत परिवहन व जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि पिछले 24 घंटे में समुद्र से कोई अप्रिय घटना नहीं है। डीजी शिपिंग की लगातार मॉनिटरिंग लगातार जारी है। खाड़ी क्षेत्र में फंसे हमारे सभी 22 जहाज और 6 से अधिक नाविकों में सभी सुरक्षित है। पिछले 24 घंटों में हमारी हेल्पलाइन पर करीब सवा सौ कॉल और 200 से अधिक ईमेल आए। पिछले 24 घंटों के दौरान 25 भारतीयों को अभियान चलाकर भारत वापस लाया गया। देश के किसी भी पोर्ट पर कहीं कोई कंजेशन की स्थिति नहीं है।

न्यू मंगलोर पोर्ट ने क्रूड और एलपीजी के कार्गो से जुड़े चार्ज के वेवर के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। ये 14 मार्च से 31 मार्च तक वैध है। प्रेस वार्ता के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गुरुवार को दुनिया के पांच नेताओं से बात की। उन्होंने ओमान, मलेशिया, फ्रांस, जॉर्डन और कतर के नेताओं से बात की। इन वार्ताओं में प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर भारत का रुख स्पष्ट किया।

### गंगा में बिरयानी पार्टी करने वाले 14 युवकों की जमानत अर्जी खारिज

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में गंगा नदी में नाव पर इफ्तार पार्टी के दौरान बिरयानी खाकर उसके अवशेष नदी में फेंकने के मामले में 14 आरोपियों को गुरुवार देर शाम कड़ी सुरक्षा के बीच अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) नवम अमित यादव की अदालत में पेश किया गया। अदालत ने आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई की और उसे खारिज कर दिया। सभी 14 आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। अभियोजन पक्ष तथा वादी पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों पर अदालत ने आरोपियों का आपराधिक इतिहास संबंधित थाने से तलब किया है। अगली सुनवाई के लिए 23 मार्च की तिथि नियत की गई है। अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने बताया कि अदालत ने सभी आरोपियों के आपराधिक इतिहास को मंगवाया है। आरोपियों ने न केवल मां गंगा को अपवित्र करने का कार्य किया, बल्कि नाविक भाइयों को जबरदस्ती धमकाकर साथ ले गए। मना करने पर वे नहीं माने और जान से मारने की धमकी देकर नाव पर कब्जा कर लिया। अब अदालत में रो रहे हैं और पश्चाताप जता रहे हैं, लेकिन इससे क्या फर्क पड़ता है। अधिवक्ता नित्यानंद राय ने बताया कि मामले का सबसे महत्वपूर्ण मोड़ नाविक रंजन साहनी और अनिल साहनी के बयान रहे, जो विवेचक द्वारा दर्ज किए गए थे। कोर्ट को बताया गया कि नाविकों की इच्छा के विपरीत नाव को जबरदस्ती ले जाया गया।

# ब्रज की धरा पर राष्ट्रपति मुर्मू भक्ति रस से हुई सराबोर

शाह टाइम्स संवाददाता



■ स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी योजना का उद्घाटन किया

**मथुरा।** कान्हा नगरी मथुरा में अपने तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भक्ति रस में सराबोर नजर आईं। वृंदावन पहुंचीं श्रीमती मुर्मू ने प्रख्यात संतों से भेंट कर आशीर्वाद लिया, वहीं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया।

सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजामों के बीच राष्ट्रपति का यह दौरा ब्रज की सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत को सम्मान देने वाला रहा। राष्ट्रपति मुर्मू सबसे पहले प्रख्यात संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचीं। वहां उन्होंने महाराज श्री से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और विभिन्न आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की। संत महाराज ने राष्ट्रपति को ब्रज की अनूठी भक्ति परंपरा, यमुना संरक्षण की आवश्यकता और समाज सेवा के प्रकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राष्ट्रपति ने संतों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आध्यात्मिक गुरु समाज को सकारात्मक दिशा देने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। भेंट के अंत में महाराज श्री ने राष्ट्रपति को स्मृति चिन्ह और प्रसाद भेंट किया। इसके पश्चात राष्ट्रपति मथुरा मार्ग स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल पहुंचीं। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और आश्रम के पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। राष्ट्रपति ने यहां नवनिर्मित 'ऑन्कोलॉजी ब्लॉक' का लोकार्पण किया, जो क्षेत्र में कैंसर के मरीजों के लिए बेहतर उपचार की सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने देश की समृद्ध सांस्कृतिक और सेवा परंपरा को आगे बढ़ाने में मिशनरी संस्थाओं की भूमिका को सराहा। दौरे के अगले चरण में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विश्व प्रसिद्ध नीब करौरी बाबा आश्रम पहुंचीं। उन्होंने हनुमान मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और मंदिर की परिक्रमा की।

# सड़कों पर उतरीं 300 नई इलेक्ट्रिक बसें, मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इंद्रप्रस्थ बस डिपो से कई अहम परियोजनाओं की शुरुआत और शिलान्यास किया। उन्होंने 300 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और नानकसर (दिल्ली) से गाजियाबाद तक नई अंतरराज्यीय बस सेवा का लोकार्पण किया। साथ ही दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के बहुमंजिला कार्यालय भवन का शिलान्यास भी किया गया। मुख्यमंत्री ने ईवी इंसेंटिव पोर्टल की शुरुआत करते हुए 12,877 लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से 24 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी भी वितरित की। इन सभी पहलों के जरिए सरकार दिल्ली में हरित, स्वच्छ और आधुनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।इस अवसर पर दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह, जंगपुरा से विधायक तरविंदर सिंह मारवाह सहित अन्य गणमान्यजन और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये पहलें दिल्ली को स्वच्छ, किफायती, सुरक्षित और भविष्य के लिए तैयार सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

ग्रीन ट्रांसपोर्ट न केवल प्रदूषण कम करेगा, बल्कि दिल्लीवासियों के जीवन को अधिक सहज और सुविधाजनक बनाएगा।मुख्यमंत्री ने पिछले एक वर्ष में डीटीसी द्वारा किए गए उल्लेखनीय सुधारों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पहले डीटीसी भारी घाटे में चल रही थी, लेकिन अब सरकार के निरंतर प्रयासों के कारण यह धीरे-धीरे वित्तीय संतुलन की दिशा में बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में डीटीसी की स्थिति काफी कमजोर हो गई थी, जहां संचालन में अनियमितताएं थीं और संसाधनों का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा था। उनकी सरकार ने इन व्यवस्थागत कमियों को दूर करते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा बस डिपो के आधुनिकीकरण, आईएसबीटी के पुनर्विकास, डीटीसी कार्यालय के निर्माण, ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन की स्थापना और प्रदूषण जांच प्रणाली (पीयूसीसी) को सुदृढ़ करने जैसे कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। पिछली सरकारों की वित्तीय देनदारियों को भी वर्तमान सरकार द्वारा जिम्मेदारीपूर्वक पूरा किया जा रहा है।उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहन सब्सिडी के संदर्भ में कहा कि पूर्व में घोषित योजनाओं के बावजूद लाभार्थियों को समय पर सब्सिडी प्राप्त नहीं हुई थी।

वर्तमान सरकार ने इस स्थिति को सुधारते हुए पारदर्शी प्रणाली के माध्यम से पहले चरण में 12,800 से अधिक लाभार्थियों के खातों में लगभग 24 करोड़ रुपये की राशि सीधे हस्तांतरित की है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनता को उनके अधिकारों का लाभ समय पर और बिना किसी बाधा के प्राप्त हो।इस अवसर पर दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि इंद्रप्रस्थ बस डिपो से 300 नई जीरो-उत्सर्जन इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत की।

## नरेला मे हुए हत्या प्रयास मामले में वांछित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने नरेला थाने के एक क्रूर हत्या के प्रयास के मामले में वांछित को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) पंकज कुमार ने बताया कि 4 मार्च को शाम लगभग 06:30 बजे, नरेला, निवासी महिला शिकायतकर्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जब वह अपने वाटर प्लांट पर पहुंची, तो वहां दो लड़के एक बाइक पर आए। उनमें से एक ने पिस्टल दिखाकर उसे धमकाया और वाटर प्लांट के पास की दीवार की ओर एक गोली चलाई, जिससे वहां दहशत फैल गई, उसने महिला को धमकी दी कि वह वाटर प्लांट बंद कर दे, अन्यथा उसे जान से मार दिया जाएगा। इसके बाद, दोनों आरोपी अपनी बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। इसके बाद नरेला थाने थाने के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान, पीयूष नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आगे की जांच के दौरान, अनीश (23) नाम का दूसरा आरोपी, जो इस घटना का मुख्य शूटर है, अभी भी फरार था। इसके बाद एसीपी उमेश बर्थवाल की देखरेख की देखरेख में इंस्पेक्टर रामपाल के नेतृत्व में अपराध शाखा की टीम ने विश्वसनीय गुप्त मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर आरोपी अनीश / ईश्वर दयाल को पकड़ लिया।पुलिस पूछताछ के दौरान,आरोपी अनिश ने बताया कि उसने इलाके में अपना दबदबा कायम करने के लिए यह घटना की थी। उसने स्वीकार किया कि उनके एक साथी और रोहित के बीच पुरानी दुश्मनी के कारण, उन्होंने रोहित को धमकाने और इस कारोबार में बाधा डालने की साजिश रची थी।

## शरजील इमाम को मिली 10 दिन की अंतरिम जमानत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वर्ष 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगा मामले में आरोपीशरजील इमाम को दिल्ली की अदालत से 10 दिन की अंत. रम जमानत मिलने के बाद वह करीब छह साल बाद जेल से बाहर आया। अदालत ने उसे पारिवारिक समारोह में शामिल होने के लिए यह राहत दी है।

शुक्रवार को जब इमाम ने तिहाड़ जेल से बाहर कदम रखा तो मुस्कुराते हुए नजर आया और एक बार विक्ट्री साइन भी दिखाया। हालांकि उसने मीडिया के सवालों का जवाब नहीं दिया और सीधे कार में बैठकर वहां से निकल गया। दिल्ली की कड़कड़डूमा अदालत ने 9 मार्च को इमाम को 10 दिन की अंतरिम जमानत दी थी। अदालत ने उसे अपने भाई की शादी में शामिल होने और परिवार के साथ समय बिताने की अनुमति दी। बताया गया है कि उसके भाई की शादी 25 मार्च को है। इमाम ने अदालत से छह सप्ताह की राहत मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने उसे सीमित अवधि के लिए ही जमानत दी।

अंतरिम जमानत के साथ अदालत ने कई शर्तें भी लगाई हैं जैसे कि वह मामले से जुड़े किसी भी गवाह या व्यक्ति से संपर्क नहीं करेगा। उसे जांच अधिकारी को अपना मोबाइल नंबर देना होगा। परिवार और करीबी रिश्तेदारों के अलावा किसी अन्य व्यक्ति से मिलने की अनुमति नहीं होगी। सोशल मीडिया के उपयोग पर भी रोक रहेगी। 30 मार्च की शाम तक उसे दोबारा जेल में आत्मसमर्पण करना होगा।

## शास्त्री पार्क में चलती बैटरी स्कूटी बनी आग का गोला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शास्त्री पार्क इलाके में शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक बैटरी से चलने वाली स्कूटी में अचानक आग लग गई। स्कूटी सवार व्यक्ति अपने किसी काम से तड़के घर से निकला था, तभी रास्ते में अचानक स्कूटी से धुआं निकलना शुरू हो गया।

देखते ही देखते धुआं आग में बदल गया और स्कूटी धू-धू कर जलने लगी। पास में खड़ी कार भी बाल बाल बची स्थिति को भांपते हुए सवार ने तुरंत स्कूटी छोड़कर अपनी जान बचाई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पानी डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया।गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि बैटरी से चलने वाले वाहनों में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे लोगों में डर का माहौल है।

### गैस न मिलने से कामगार मजदूर परेशान

**नई दिल्ली।** राजधानी में एलपीजी गैस की कमी के कारण कई छोटे होटल, ढाबे और फुटपाथ पर खाने-पीने की दुकानों में काम करने वाले लोगों के रोजगार पर संकट आ गया हैं। गैस की आपूर्ति न होने से इन व्यवसायों का काम ठप हो गया है और इससे जुड़े कर्मचारियों और मजदूरों पर रोजगार संकट आन पड़ा है। होटल और ढाबों संचालकों के अनुसार, उन्हें काम चलाने के लिए गैस नहीं मिल रही है, जिससे उनका रोज का कारोबार पूरी तरह ठप हो गया है। गैस की कमी के साथ कीमतें भी बढ़ गई हैं। छोटे सिलिंडरों में गैस पहले से ज्यादा महंगी हो गई है। मजदूरों के अनुसार, पहले जितने पैसे में हफ्ते भर की गैस मिल जाती थी, अब उतने पैसे में मुश्किल से कुछ दिन ही काम चल पाता है।



नई इलेक्ट्रिक बसों मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

## एक नजर

### गारमेंट टेक्नोलॉजी एक्सपो का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण एशिया के प्रमुख परिधान निर्माण प्रौद्योगिकी मंच गारमेंट टेक्नोलॉजी एक्सपो के 39वें संस्करण का इंडिया एक्सपो मार्ट में उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में कई प्रतिष्ठित गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही, जिनमें डॉ. राकेश कुमार, चेयरमैन, इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड, एचकेएल मगु, सदस्य (वित्तीय बजट), अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, सेक्टर स्टेट काउंसिल ऑफ अपैरल एंड मेडअप्स एवं एमडी, ज्योति अपैरल्स; ललित ठाकुराल, प्रेसिडेंट, नोएडा अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर रक्षित पोद्दार, प्रेसिडेंट, गारमेंट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान, अनिल आनंद, मैनेजिंग डायरेक्टर, हरि चंद आनंद एंड कंपनी; सुंदर बेलानी, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चेयरमैन, रामसंस गारमेंट फिनिशिंग इक्विपमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड; तथा एम.एल. जैन, मैनेजिंग डायरेक्टर, गॉज ग्रुप सहित अन्य वरिष्ठ उद्योग नेता शामिल थे।

### व्हाट्सएप पर अगले महीने से मिलेंगी 65 सरकारी सेवाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लोग अगले महीने से वाट्सएप पर जाति, आय प्रमाणपत्र और ड्राइविंग लाइसेंस जैसी दिल्ली सरकार की करीब 65 सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। यह सेवा वाट्सएप गवर्नेंस पहल के अंतर्गत अगले महीने शुरू हो सकती है। धीरे-धीरे इस सेवा को बढ़ाया जाएगा। बजट सत्र के बाद इसकी शुरुआत होने की संभावना है। दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 23 मार्च से 25 मार्च तक प्रस्तावित है। इस पहल का मकसद वाट्सएप के जरिए सरकारी सेवाओं तक जनता की पहुंच आसान बनाना है, जिससे जनता एआइ इनेबल्ड चैटबाट और वाट्सएप के जरिए आवेदन जमा कर सकें, नोटिफिकेशन पा सकें और प्रमाणपत्र पा सकें। इस योजना में सरकार की जिन सेवाओं को आनलाइन लाना शामिल है, उनमें जन्म और जाति प्रमाणपत्र जैसी जरूरी जीचें भी शामिल हैं, और यह काम वाट्सएप के जरिए बिना किसी पहचान के किया जा सकेगा। अधिकारियों ने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस मॉडल लोगों को संबंधित विभाग के ऑफिस जाए बिना कई सेवाओं का फायदा उठाने में मदद करेगा, क्योंकि यह रियल-टाइम अपडेट और एक तय समय में अच्छी सेवा देगा।

### डीयू कुलपति ने किया डीयू के प्लेसमेंट एवं इंटर्नशिप ड्राइव 'अवसर 2026' का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर कार्यालय द्वारा 'अवसर 2026' के नाम से प्लेसमेंट एवं इंटर्नशिप ड्राइव का आयोजन किया गया। इस जॉब मेले का आयोजन डीयू के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित मल्टीपर्पज हाल में हुआ। 'अवसर 2026' के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि पहुंचे डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि 'अवसर' में अनेकों युवाओं को अवसर मिलेंगे। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के लिए अति लाभकारी हैं। उन्होंने डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. रंजन कुमार त्रिपाठी से इस आयोजन की बारे में जानकारी लेते हुए भविष्य के लिए कई सुझाव भी दिये। उद्घाटन अवसर पर कुलपति ने अपने संबोधन में शिक्षा जगत और उद्योग के बीच साझेदारी को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया और छात्रों की रोजगार क्षमता को बढ़ाने के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दोहराया।

उन्होंने कहा कि श्अवसर 2026 छात्रों के लिए एक ऐसे प्रवेश द्वार का काम करेगा, जिसके माध्यम से वे आत्मविश्वास और उद्देश्य के साथ अपनी पेशेवर यात्रा शुरू कर सकेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग जगत से जोड़ना और उन्हें बेहतर करियर अवसर उपलब्ध कराना था। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया, इंटरव्यू प्रक्रिया में भाग लिया और कई विद्यार्थियों को ऑन-द-स्पॉट जॉब एवं इंटर्नशिप ऑफर भी प्राप्त हुए। इससे विद्यार्थियों को जहां व्यावसायिक अनुभव प्राप्त हुए वहीं उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि हुई।

छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. रंजन त्रिपाठी ने इस पहल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह के दृष्टिकोण के अनुरूप अवसर 2026 भविष्य की उड़ान भरेगा और विद्यार्थियों को उनके करियर में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए सशक्त बनाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ज्वाइंट डीन प्रो. हेना सिंह, प्रो. संगीता गादरे, प्रो. अमित वर्धन और प्रो. ए.के. सिंह तथा डिप्टी डीन एम. ख्युथुंगलो हमस्टो, डॉ. चंद्र प्रकाश, डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, डॉ. निधि एस. चंद्र, और डॉ. सुरेश गोहे के साथ वीसीआईएस इंटर्न आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## दो दिन की बारिश से लुढ़का पारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिल रहा है। दो दिन तक रुक-रुक हुई बारिश के चलते तापमान भी करीब 9 डिग्री तक गिर गया है। ऐसे में मौसम ठंडा बना है। साथ ही, हवाएं लोगों को ठंड का अहसास करा रही है। लोगों के सर्दी वाले कपड़े भी निकल आए हैं। इसके चलते दिन के दिन के तापमान में सात डिग्री गिरावट आई है। बीते 24 घंटे में 8.2 एमएम बारिश हुई। दिनभर बादल और सूरज के बीच लुकाछिपी का खेल जारी रहा। अचानक काले बादलों के साथ अंधेरा छा गया और कई जगहों पर तेज आंधी के साथ बारिश हुई जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के अधिकारियों ने पहले ही ऐसी संभावना जताई थी, क्योंकि पहाड़ों पर लगातार बर्फबारी हो रही है।

## मास्टर चाबी की मदद से घर में की चोरी, आरोपी शेफ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस के

आर.के पुरम थाने के स्टाफ ने शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक मास्टर चाबी, एक चोरी की स्कूटी, अपराध में इस्तेमाल की गई एक स्कूटी, 2.69 लाख रूपये की चोरी की रकम और चोरी किए गए सभी गहने व एक चाँदी का सिक्का बरामद किया है।

दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि 18 फरवरी को, आर.के पुरम थाने में एक मामला दर्ज किया गया। अपने बयान में उसने बताया कि 14 फरवरी को, वह अपने परिवार के साथ एक शादी में शामिल होने के लिए राजस्थान गए थे। जब वे लौटे, तो उन्होंने पाया कि घर में ताला लगा हुआ है, लेकिन घर से 3.5 लाख नकद और सोने-चाँदी के गहने चोरी हो चुके थे। इसके बाद एसीपी वसंत विहार बब्बर मान की देखरेख में एसएचओ आर.के पुरम रविंदर कुमार त्यागी के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई।

टीम ने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया, जिसमें एक संदिग्ध को गेट खोलने की कोशिश करते हुए देखा गया। वह शुरू में तो असफल रहा, लेकिन बाद में उसने गेट का ताला खोल लिया और घर के अंदर घुस गया। लगभग आधे घंटे बाद, वह चोरी का सामान लेकर बाहर निकला और एक स्कूटी पर बैठकर भाग गया। टीम ने सीसीटीवी विश्लेषण के आधार पर, संदिग्ध निलेश उर्फ घ्घनिकेश (22) की पहचान की गई और उसे पूछताछ के लिए बुलाया गया।


वह एक पांच-सितारा होटल में शेफ के तौर पर काम करता था। शुरू में उसने रात की ड्यूटी का हवाला देते हुए इस अपराध में अपनी संलिप्तता से इनकार किया लेकिन लगातार पूछताछ और तकनीकी व वित्तीय सबूतों के आधार पर, उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि वह मास्टर की का इस्तेमाल करके लॉक खोल कर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था।

## हत्या मामले में 50 हजार इनामी पीओ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने पचास हजार इनामी को गिरफ्तार किया है। उसे सरिता विहार के एक नृशंस हत्या के मामले में श्पीओश घोषित किया गया था।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) संजीव कुमार यादव ने बताया कि एक व्यक्ति की शिकायत पर एक मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि 15. सितंबर 2023 को आरोपी - राजू पात्रो, विजय पात्रो, मनोज हलदर, अलहयात और शंभू - ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके पिता अर्धेन्दु मंडल पर उनके घर के पास वाली गली में चाकू और कुल्हाड़ी जैसे जानलेवा हथियारों से नृशंस हमला किया था। जांच के दौरान, शंभू प्रमाणिक, रवि, राजू पात्रो और मनोज हलदर को गिरफ्तार किया गया और कोर्ट के समक्ष उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई। हालांकि, आरोपी विजय पात्रो और अतेंदु हलदर फरार हो गए, जिसके बाद कोर्ट के आद. ेश पर पीओ घोषित कर दिया गया। उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रत्येक पर पचास हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। इसके बाद फरार आरो. पियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए, इंस्पेक्टर वीर सिंह की देखरेख में अपराध शाखा की टीम ने तकनीकी निगरानी रखी, जिससे पता चला कि आरोपी विजय पात्रो मुंबई में मौजूद है। इसके बाद तकनीकी इनपुट और मानवीय खुफिया जानकारी के आधार पर, स्थानीय पुलिस की मदद से, टीम ने मुंबई के सीएसटी इलाके से आरा. ेपी विजय पात्रो को पकड़ लिया गया।




विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शिक्षा विभाग को 15 लैपटॉप का पहला बैच सौंपते हुए।

## धूमधाम ने मना आर्य समाज स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**नई दिल्ली।** आर्य केन्द्रीय सभा दिल्ली राज्य की ओर से नव सम्वत् 2083 पर नई दिल्ली में दिल्ली की समस्त आर्य समाजों व आर्य शिक्षण संस्थाओं की और से जेबी एम ग्रुप के वाईस चेयरमैन निशान्त आर्य के सान्निध्य 151वां आर्यसमाज स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया।

निशान्त आर्य ने कहा कि आर्य समाज द्वारा राष्ट्र सुरक्षा के लिए किये जा रहे ऐतिहासिक कार्य अपने आप में मील के पत्थर सिद्ध हो रहे है। जिसमें भाजपा दिल्ली अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि देश विदेश के 15000 आर्य समाजों में मानवता कल्याण कार्यों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री विनय आर्य ने कहा विश्व शांति के लिए आर्य समाज सदैव अग्रसर रहता है तथा पर्यावरण बुद्धि में सहायक है।

आर्य केन्द्रीय सभा दिल्ली के प्रधान जोगेन्द्र खट्टर ने युवाओं को बालवाड़ी योजना के माध्यम जोडने का आहवान किया। सार्वदेशिक आर्य वीरदल के प्रमुख स्वामी देवव्रत सरस्वती आर्य नेता धर्मपाल आर्य, डॉ. एस.सी.शर्मा वक्ताओं ने भी प्रेरक विचार रखे। महामंत्री डॉ. मुक. ेश आर्य के अनुसार गुरुकुल रानी बाग प्रियंका आर्या ने सांस्कृतिक कार्यकमो मधुर भजनो से जन जागृति करी।

## विजेंद्र गुप्ता ने शिक्षा विभाग को 15 लैपटॉप का पहला बैच सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सदन से लेकर कक्षा तक, प्रत्येक सार्वजनिक संपत्ति का उच्चतम उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में सहायक होना चाहिए,ष यह विचार दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विज. ेंद्र गुप्ता ने शिक्षा निदेशक सुश्री वेदिता रेड्डी के साथ हुई एक बैठक के दौरान व्यक्त किए।

इस अवसर पर, विधानसभा अध्यक्ष ने औपचारिक रूप से पहले चरण में 15 लैपटॉप शिक्षा निद. ेशालय, दिल्ली सरकार को सौंपे। इन लैपटॉप का उपयोग दिल्ली के सरक. ारी स्कूलों में किया जाएगा, जिससे छात्रों को डिजिटल उपकरणों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा और तकनीक के माध्यम से कक्षा में सीखने की प्रक्रिया भी मजबूत होगी। उन्होंने आगे जानकारी दी कि आने वाले समय में कुल 50-60 लैपटॉप चरणबद्ध तरीके से निदेशालय को सौंपे जाएंगे, जिनमें उन छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी जिन्हें डिजिटल संसाधनों की सर्वाधिक आवश्यकता है।

दिल्ली विधानसभा सचिवालय में मानसून सत्र 2025 से नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) को सफलतापूर्वक लागू किया गया है, जिससे विधायी कामकाज के डिजिटलीकरण को बढ़ावा मिला है। नेवा परियोजना के तहत लोक निर्माण विभाग (च्ॅक्) द्वारा नए लैपटॉप और कंप्यूटर सिस्टम खरीदे गए थे, जिसके बाद पुराने लैपटॉप अब सरकारी स्कूलों में उपयोग के लिए शिक्षा विभाग को दिए जा रहे हैं। इस पहल को आगे बढ़ाते हुए गुप्ता ने कहा कि 2019 में खरीदे गए लैपटॉप, जो वर्तमान में भी कार्य करने की अच्छी स्थिति में हैं, उन्हें शिक्षा विभाग को सौंपने की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि यह सरकारी संसाधनों के सही इस्तेमाल का बेहत. रीन उदाहरण है, जहाँ पुरानी चीजों को बेकार छोड़ने के बजाय उन्हें फिर से काम में लाकर बच्चों की शिक्षा और समाज की भलाई में लगाया जा रहा है।चरणबद्ध तरीके से लैपटॉप मिलने से सरकारी स्कूलों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और छात्रों को कंप्यूटर चलाने का सीधा अनुभव प्राप्त होगा।

## दिल्ली मेट्रो की नई लाइन से केबल चोरी में एक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की नई लाइन से केबल चोरी मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक और चोर को पकड़ा है। बीती 12 मार्च को आजापुर मेट्रो केबल चोरी मामले में दिल्ली पुलिस ने आरोपी शाहिद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में 30 मीटर तांबे का केबल भी बरामद की है।

यह गिरफ्तारी चोरी की घटना की जांच के दौरान हुई है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, इस मामले से जुड़े अन्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है। केबल खरीदने वाले लोगों की भी पहचान कर ली गई है। पुलिस जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार करने की तैयारी में है। इस कार्रवाई से मेट्रो परिसरों में सुरक्षा बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। यह मामला मेट्रो संपत्ति की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ा रहा था। पुलिस से मिली जानकारी के मुता. बिक, बीती 12 मार्च की सुबह करीब 4:20 बजे डीएमआरसी के ओसीसी/एमबी सिग्नल कंट्रोलर एमआरएस मजलिस पार्क से सिग्नलिंग केबल चोरी होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही रात्रि गश्त टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने पास के जंगल में कुछ लोगों को तांबे के लिए तार पिघलाते देखा। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जहांगीरपुरी, दिल्ली निवासी शेख शफीक के रूप में हुई है। आजादपुर मेट्रो पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता और डीएमआरसी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। शिकायतकर्ता जसबीर सिंह एमआरएस मजलिस पार्क ने बताया कि निरीक्षण के दौरान लगभग 1000 मीटर सिग्नलिंग केबल गायब पाई गई।

पुलिस बाकी आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है और आगे की जांच जारी है। मेट्रो पुलिस और डीएमआरसी की टीम ने संवेदनशील स्थानों का संयुक्त सर्वेक्षण भी किया है। जिस मेट्रो की नई लाइन पर चोरी हुई है, वहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस यानी 8 मार्च को दिल्ली मेट्रो के दो कॉरिडोर का उद्घाटन किया था।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैः-
क्रम सं.-1, ई-निविदा संख्याः CPM-GS-IZN-2026-01, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मण्डल में गतिशक्ति इकाई के लिये जनरल कन्सल्टेन्ट की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी), अनुमानित निविदा मूल्य (रू.): ₹ 2,45,36,591.28, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 2,72,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः निल, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 24 (चौबीस) माह।
◆बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथिः 27-03-2026 ◆उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथिः दिनांक 10-04-2026, 15:00 बजे तक। ◆उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथिः दिनांक 10-04-2026, 15:30 बजे। ◆निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। ◆निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।
उप मुख्य इंजीनियर/गतिशक्ति, इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू-519
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में हैकाथॉन का भव्य शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में एसजीयू हैकाथॉन 2.0 का भव्य शुभारंभ हुआ। यह तकनीकी प्रतियोगिता 20 एवं 21 मार्च 2026 को आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, तकनीकी दक्षता एवं समस्या समाधान क्षमता का विकास करना है। इस हैकाथॉन में अनेक प्रतिष्ठित कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 1052 प्रतिभागियों ने पंजीकरण किया, जो 114 टीमों (79 कॉलेजों एवं 35 विश्वविद्यालयों) का प्रतिनिधित्व करते हैं।

प्रतियोगिता के लिए लगभग 343 टीमों ने पंजीकरण किया, जिनमें से चयन प्रक्रिया के पश्चात 60 टीमों को अंतिम चरण (फाइनल राउंड) के लिए चयनित किया गया। इस आयोजन में Delhi Technological University (DTU), IIIT Delhi, Aligarh Muslim University, GLA University, Ajay Kumar Garg Engineering College, ABES Engineering College, Vivekananda Institute of Professional Studies (VIPS), Maharaja Agrasen Institute of Technology (MAIT), IIT Madras एवं राजकुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की उल्लेखनीय भागीदारी रही।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिसमें विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, उपकुलाधिपति, कुलपति एवं रजिस्ट्रार सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने विद्यार्थियों को नवीन तकनीकों को अपनाने, रचनात्मक सोच विकसित करने तथा वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान हेतु नवाचार करने के लिए प्रेरित किया। यह आयोजन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग के प्रो. डॉ. जयदीप कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें कोऑर्डिनेटर के रूप में कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष वंदना शर्मा एवं कंप्यूटर एप्लिकेशन विभागाध्यक्ष योगिता कौशिक की विशेष भूमिका रही। कॉलेज के सहायक प्राध्यापकों ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया तथा कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सुन्दरदीप एजुकेशनल सोसायटी के चेयरमैन एवं एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति महेंद्र अग्रवाल, उपकुलाधिपति नितिन अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर (शैक्षणिक) विमल कुमार शर्मा, प्रो-चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव, कुलपति प्रो. डॉ. प्रसेनजीत कुमार एवं रजिस्ट्रार प्रो. डॉ. राजीव रतन ने इस तकनीकी पहल की सराहना की तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## संजीव गुप्ता ने भाजपा पदाधिकारियों का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और समरकूल होम एप्लांयसेज लिमिटेड के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने अपने प्रतिष्ठान पर भाजपा संगठन की नवगठित टीम का जोरदार स्वागत किया। नवरात्रि पर भाजपा टीम के नये महामंत्री प्रदीप चौहान बाल्मीकि, गौरव चौपडा, पंकज भारद्वाज और उपाध्यक्ष भानू शिशोदिया, महेन्द्र यादव, अमित रंजन तथा युवा नेता मोनू त्यागी सहित सभी ने समरकूल प्रतिष्ठान में स्थित माता रानी के मंदिर में माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तथा पंडित दिलिप शास्त्री की आचार्य टीम ने मंत्रोच्चार के साथ भाजपा की समस्त टीम का तिलक किया तथा संजीव कुमार गुप्ता के द्वारा सभी का पुष्पमाला एवं पटका पहनाकर स्वागत किया तथा समस्त टीम के उज्जवल कार्यकाल की मनोकामना की।

# संदिग्धावस्था में महिला की मौत, मायके वालों ने लगाया जहरीला पदार्थ देकर हत्या करने का आरोप

**चन्दौसी।** गुरुवार की शाम लगभग 06 बजे थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के गांव फतेहपुर डाल में एक महिला मेहताब जहां (27) की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने ससुराल वालों पर जहरीला पदार्थ देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुवार को यासिर व रिहान निवासी मौहम्मदपुर बाबई अपनी बहन मेहताब जहां के घर ईद की त्योहारी देकर आये थे। लगभग शाम 06 बजे ससुरालियों द्वारा मेहताब जहां की तबीयत खराब होने की सूचना पर बड़ा भाई अरमान व ताऊ असगर फतेहपुरडाल पहुंचे तो



घर में मेहताब जहां मृत अवस्था में पड़ी हुई मिली तथा घर के सभी पुरुष फरार थे, घर पर सिर्फ महिलाएं ही मौजूद थीं। थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव मौहम्मदपुर बाबई निवासी जफरूद्दीन ने अपनी बेटी मेहताब जहां (27) की शादी कोरोनाकाल के समय थाना कुढ़फतेहगढ़ के गांव फतेहपुर डाल निवासी शमशाद अहमद के बेटे मुजम्मिल के साथ की थी। मेहताब जहां पर तीन बच्चे हैं जिसमें एक नवजात शिशु अभी डेढ़ माह का है। महिला के पिता शमशाद अहमद ने ससुराल वालों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताडिघ्त करने का आरोप लगाया है जिसमें आठ महीने पूर्व ससुराल वालों से नरौली पुलिस चौकी पर समझौता भी हुआ था। गुरुवार की सुबह 10 बजे करीब महताब के दो छोटे भाई यासिर व रिहान ईद की त्योहारी देने गये थे, दोपहर बाद महताब ने हंसी खुशी अपने भाईयों को विदा किया परन्तु शाम 6 बजे करीब बेटी तबियत खराब होने की बात कहते हुए फोन पर सूचना दी।

# आर्य समाज स्थापना दिवस सम्मलेन हर्षोल्लास से सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिला आर्य सभा, आर्य केन्द्रीय सभा एवं सन्यास आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय आर्य समाज स्थापना दिवस सम्मेलन शम्भु दयाल दयानन्द वैदिक सन्यास आश्रम दयानन्द नगर में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञब्रह्मा आचार्य रणवीर आर्य ने यज्ञ कर किया मुख्य यज्ञमान शिल्पा गर्ग एवं सुभाष गर्ग रहे।उन्होंने अपने उद्‌बोधन में कहा कि ऋषि दयानन्द के मनतव्यों ओर विचारों को परिवार ओर समाज में पहुँचाना होगा तभी लोग जागरूक होंगे तथा यह नवसंवत्सर केवल भारतीय या किसी पंथ विशेष के मानने वालों का नहीं अपितु संपूर्ण विश्व के मानवों के लिए है।



सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक वेदपाल आर्य के द्वारा नवसम्वतसर एवं आर्य समाज महिमा गुणगान को भजनोपदेश के माध्यम से सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में श्रद्धानन्द शर्मा ने कहा कि चेत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ब्रह्माण्ड के स्वामी ने जगत का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का कुशल संच. ालन यशस्वी मंत्री सत्यवीर चौधरी ने किया।उन्होंने कहा स्वामी दयानंद का चिंतन सर्वांगीण विकास का था। इस अवसर पर विजयपाल कसाना, ओम प्रकाश आर्य, सुभाष गर्ग आदि ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम संयोजक सत्यकेतु ने आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्य रूप से कृष्ण कुमार यादव, कृष्ण देव आर्य, सलेक भैया (मकरेड़ा), सेवा राम त्यागी, डा प्रमोद सक्सेना, स्वामी सूर्यवेश, आश्रमचार्य जितेंद्र आर्य,सुभाष शर्मा, वेद व्यास, चौधरी मंगल सिंह, देवेन्द्र मेहता, डा प्रतिभा सिंघल, आशा आर्या, त्रिलोक शास्त्री एवं योगी प्रवीण आर्य आदि उपस्थित रहे।

## नवरात्र का दूसरा दिन: मां ब्रह्मचारिणी की आराधना

**चन्दौसी।** चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ की गई। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने व्रत रखकर मां ब्रह्मचारिणी का विधि-विधान से पूजन किया और सुख-शांति की कामना की। नवरात्र के अवसर पर शहर के प्रमुख मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सीता रोड स्थित बगिया वाली देवी मंदिर, रायसत्ती मंदिर, मौलागढ़ काली मंदिर, रामबाग धाम स्थित सिद्धिदात्री नवदुर्गा मंदिर, शीतला माता मंदिर, कंकाली देवी मंदिर और ब्रह्म बाजार के देवी गंगा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जा रहा है।

### गाजियाबाद के दो नौजवानों ने रचा इतिहास

# मुकुल सहलोत और सिद्धार्थ त्यागी बने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अटौर गांव और भदौली गांव के दो युवाओं ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। अटौर गांव निवासी मुकुल सहलोत और भदौली गांव के सिद्धार्थ त्यागी की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवारों को गौरवान्वित किया है, बल्कि पूरे इलाके में उत्साह की लहर दौड़ गई है। दोनों युवा अधिकारियों के सम्मान में अटौर गांव में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों, गणमान्य व्यक्तियों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



यह कार्यक्रम हिंदू युवा संगठन भारत के जिला उपाध्यक्ष (गाजियाबाद) विश्वेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। समारोह में ग्राम प्रधान रणवीर सिंह, पूर्व प्रधान प्रत्याशी विजय शर्मा, श्याम सिंह चौधरी, बाबा ब्रह्म सिंह, पूर्व प्रधान तेजराम सिंह, पूर्व बीडीसी सदस्य संदीप शर्मा सहित गांव के अनेक सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मुकुल और सिद्धार्थ की कड़ी मेहनत, अनुशासन, लगन और देशभक्ति की भावना की जमकर प्रशंसा की। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक स्वागत से हुई। दोनों युवा लेफ्टिनेंटों को मंच पर बुलाकर जोरदार तालियों के साथ स्वागत किया गया। उन्हें पगड़ी बांधी गई, फूलों की मालाएं पहनाई गईं, बुके भेंट किए गए और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

ग्रामीणों ने न केवल तालियां बजाईं, बल्कि उत्साहपूर्ण नारों से उनका हौसला भी बढ़ाया। कई लोगों ने कहा कि ऐसे नौजवान ही देश की वास्तविक शक्ति हैं, जो कठिन परीक्षाओं को पार कर सेना जैसी गरिमामय सेवा में शामिल होकर राष्ट्र की रक्षा का संकल्प लेते हैं।

मुकुल सहलोत और सिद्धार्थ त्यागी ने अपने संक्षिप्त संबोधन में सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि बचपन से ही सेना में भर्ती होने का सपना देखते थे, जिसे कठोर परिश्रम, नियमित अभ्यास और परिवार-समुदाय के अटूट सहयोग से साकार किया। अब वे लेफ्टिनेंट के रूप में भारतीय सेना की जिम्मेदारियां संभालेंगे और देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## चैयरमेन खेल महोत्सव ट्रॉफी का हुआ विधिवत उद्‌घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय चैयरमेन खेल महोत्सव वॉलीबॉल इंटर स्टेट चैंपियनशिप का नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनोद वैशाली द्वारा विधिवत उद्‌घाटन किया गया उन्होंने इस अवसर पर कहा कि किसी भी देश की खुशहाली व संपन्नता उस देश के खेल के स्तर पर निर्धारित होती है जो देश आज खेलों में आगे हैं वही देश हर क्षेत्र में अग्रणी है इसलिए हमें खेलों को आगे बढ़ाने में अपने पूरे प्रयास करने चाहिए खेलों को बढ़ावा देना राष्ट्रीय सोच का परिचायक है प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे हैं खेलो इंडिया कार्यक्रम से आज देश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा रहा है।



छाया स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी बताया की छाया स्कूल के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में 21 व 22 मार्च 2 दिन चौयरमेन खेल महोत्सव के अंतर्गत इंटर स्टेट वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देशभर की 30 से अधिक टीमें प्रतिभाग कर रही है मोदीनगर के इतिहास में पहली बार यह मुकाबले अंतर्राष्ट्रीय मैचो की तरह मेट पर खेले जाएंगे जिसमें दर्जनों राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं यह प्रतियोगिता मोदीनगर चैयरमेन विनोद वैशाली के 3 साल बेमिसाल उनके द्वारा शहर में कराये गए ऐतिहासिक कार्यों को समर्पित है।

### बंद स्कूल में आरटीई सीट आवंटन पर

# इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने उठाए सवाल, जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने आरटीई के अंतर्गत एक गंभीर अनियमितता को उजागर करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। एसोसिएशन के अनुसार, अभिभावक अनिल वर्मा की पुत्री नायरा वर्मा को शिक्षा सत्र 2026ख्र27 के लिए आरटीई के तहत विजय नगर के बागू स्थित सेंट जॉन्स स्कूल में प्रवेश आवंटित किया गया, जबकि संबंधित विद्यालय वर्तमान में बंद/असंचालित है।

ऐसे में छात्रा का प्रवेश संभव नहीं हो पा रहा है, जिससे उसके



शिक्षा के अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है एसोसिएशन ने मांग की है कि छात्रा को उसके क्षेत्र में किसी अन्य मान्यता प्राप्त विद्यालय में तत्काल प्रवेश दिलाया जाए। साथ ही, बंद स्कूल में आरटीई सीटों की मैपिंग जैसी गंभीर त्रुटि की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

आईपीए की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी ने कहा कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार है और इसमें किसी भी प्रकार की प्रशासनिक लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। छात्रा को तुरंत वैकल्पिक विद्यालय उपलब्ध कराया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आश्वस्त किया है कि वो छात्रा का दाखिला किसी अन्य स्कूल में कराएंगे इस मौके पर राहुल शर्मा, जितेंद्र अरोड़ा, रिंकू सिंह, अनिल वर्मा, विवेक त्यागी उपस्थित रहे।

## आईटीएस की एनएसएस यूनिट ने हाथों में झाड़ू लेकर पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मोहन नगर स्थित आईटीएस (स्नातक परिसर) की एनएसएस यूनिट द्वारा समाज सेवा एवं छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, टीम भावना एवं नैतिक मूल्यों का विकास करना है। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं इसके सफल क्रियान्वयन के लिए आईटीएस ख्र द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कहा कि संस्था द्वारा समाज के प्रति अपनी भूमिका एवं उत्तरदायित्वों के निर्वहन में एनएसएस की यह इकाई अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ करते हुए आईटीएस की प्राचार्या (स्नातक परिसर) डॉ. नैन्सी शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में सामाजिक सेवा की भावना को विकसित करने, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक



होते हैं। आईटीएस मोहन नगर (स्नातक परिसर) की संकायाध्यक्ष डॉ. विदुषी सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक संवे. दनशीलता को बढ़ाते हैं।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अमित शर्मा ने बताया कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा आईटीएस मोहन नगर (स्नातक परिसर) को एनएसएस की एक इकाई के रूप में चयनित किया गया है। एनएसएस स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर एवं उसके आसपास स्वच्छता अभियान चलाते हुए पॉलीथिन, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट एकत्र किए। कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक एवं कर्मचारीगण, जिनमें डॉ. अमित शर्मा, विकास त्यागी, डॉ. संदीप गर्ग, प्रो. विकास कुमार, प्रो. आदिल खान, प्रो. प्रशांत त्यागी, डॉ. नीरज कुमार जैन एवं डॉ. अनुभा श्रीवास्तव सहित बीबीए एवं बीसीए पाठ्यक्रमों के लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया।

# ईद-उल-फितर को लेकर पुलिस सतर्क, पाकबड़ा में किया पैदल गश्त व ईदगाह का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आगामी त्यौहार ईद-उल-फितर को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आ रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी हाईवे ने कस्बा पाकबड़ा में थाना पाकबड़ा पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की।इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र के प्रमुख मार्गों, बाजारों और संवे. दनशील स्थानों का निरीक्षण किया। साथ ही ईदगाह पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। अधिकारियों ने संबंधित



पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा- निर्देश देते हुए त्योहार के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।गश्त के दौरान क्षेत्राधिकारी ने स्थानीय लोगों और व्यापारियों से संवाद भी किया तथा उनसे शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे त्योहार को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि जनपद में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाएगी, जिससे सभी लोग सुरक्षित वातावरण में त्योहार मना सकें।

# प्रिटी पेंग्विंस स्कूल में स्प्रिंग फ्लिंग कैंप का भव्य समापन समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डॉ के एन मोदी ग्लोबल स्कूल की शाखा प्रीटी पेंगुइन्स स्कूल में आयोजित स्प्रिंग फ्लिंग कैंप का समापन बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और नन्हे बच्चों ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सम्मानित अतिथियों डॉ.के.एन. मोदी के प्रबंधक मेघराज, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर दीपांकर शर्मा, स्कूल प्रधानाचार्य पूजा शर्मा, स्कूल हेडमिस्ट्रेस प्रेरणा वर्मा, टेक्सटाइल ब्रांच की हेडमिस्ट्रेस सपना खुराना, प्रोफेसर मनीषा त्यागी की गरिमामई उपस्थिति में हुआ। समापन समारोह की शुरुआत मां सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलित करके की गई जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ इसके पश्चात मुख्य अतिथियों का अभिनंदन किया गया।



समापन समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। चीयरिंग परफॉर्मेंस और आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया, वहीं फ्रेंच स्किट ने कार्यक्रम में विशेष रंग भर दिया। इसके साथ ही स्किल बूस्ट एक्टिविटी एग्जीबिशन में बच्चों द्वारा बनाई गई एक्टिविटीज को दर्शाया गया, जिसमें बच्चों की रचनात्मकता और सीखने की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ताइक्वांडो के बच्चों द्वारा प्रस्तुत बेसिक स्टंट्स रहे।

जिसने दर्शकों में रोमांच भर दिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नृत्य, खेल, फ्रेंच और ताइक्वांडो के लिए पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। स्प्रिंग फ्लिंग कैंप ने बच्चों को न केवल मनोरंजन का अवसर दिया, बल्कि उनके आत्मविश्वास, प्रतिभा और रचनात्मकता को भी निखारा।

# कुट्टू का आटा खाने से एडीएम न्यायिक व 10 लोगों की बिगड़ी तबीयत

## एडीएम सहित दस लोगों के बीमार होने से खाद्य विभाग की टीम ने कुटू का आटा बेचने वाली कई दुकानों पर की छापेमारी







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नवरात्र के दौरान कुट्टू के आटे से बनी पकौड़ी खाने से अपर जिलाधिकारी की तबीयत बिगड़ गई। एडीएम शिव नारायण और उनके रसोइया को उल्टी व चक्कर आने लगे, जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। एडीएम के बीमार होने से खाद्य विभाग एक्टिव हुआ और कुटू का आटा बेचने वाली कई दुकानों पर छापेमारी की।

उधर, जिले के अलग-अलग हिस्सों में भी कुटू की पकौड़ी खाने से 10 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। सभी को उल्टी और चक्कर की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। अभी एडीएम की हालत स्थिर डा. विजय प्रकाश ने बताया कि एडीएम ने नवरात्रि का व्रत रखा था। उन्होंने कुटू के आटे की पकौड़ी खाई थी। इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। फिलहाल उनकी स्थिति सामान्य है। एडीएम समेत 10 लोगों को उल्टी और डिहाइड्रेशन की शिकायत हुई। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मरीजों का इलाज जारी है। पूरी तरह ठीक होने तक उन्हें निगरानी में रखा जाएगा। घटना के बाद खाद्य विभाग की टीम सक्रिय हो गई। टीम ने बागपत के अलग-अलग इलाकों में छापेमारी की। कुटू के आटे के सैंपल जांच के लिए लिए गए हैं। मामले की जांच जारी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि व्रत में इस्तेमाल होने वाले आटे की शुद्धता और एक्सपायरी डेट जरूर चेक करें। साथ ही बिना जांचे-परखे खाने की चीजें न खरीदें और न ही खाएं। संदिग्ध या खराब खाने से दूरी बनाएं। किसी भी तरह की स्वास्थ्य समस्या होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। इस मामले में सहायक खाद्य आयुक्त डीपी सिंह ने बताया कि गौरीपुर मोड़ पर स्थित एक दुकान पर छापेमारी की है। दुकान को बंद कराया गया है। कूटू के आटे के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। वहीं बड़ौत क्षेत्र में खाद्य विभाग की टीम ने दो दुकानों पर छापेमारी की है। सूचना के अधिकार पर अलग-अलग क्षेत्र में निरंतर छापेमारी की जाएगी।

## जयंत चौधरी को मिली जान से मारने धमकी से पार्टी के कार्यकर्ताओं व समर्थकों में आक्रोश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** राष्ट्रीय लोकदल सुप्रीमो जयंत चौधरी को जान से मारने की धमकी मिली है। इस घटना के बाद उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी आक्रोश है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

जयंत चौधरी को यह धमकी फोन पर मिली थी, जिसके बाद उनके निजी सचिव ने दिल्ली में मुकदमा दर्ज कराया है। चूंकि जयंत चौधरी दिल्ली में रहते हैं, इसलिए मामला वहीं दर्ज किया गया है। धमकी मिलने की खबर से बागपत सहित विभिन्न स्थानों पर आरएलडी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में गहरा आक्रोश है। उन्होंने सरकार से जयंत चौधरी को तत्काल श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने की भी मांग की है। आरएलडी नेता ओमवीर ढाका ने बताया कि जयंत चौधरी को व्हाट्सएप मैसेज के जरिए जान से मारने की धमकी दी गई है। ढाका ने इसे एक बेहद गंभीर मामला बताया, क्योंकि इस परिवार की कभी किसी से कोई दुश्मनी नहीं रही है और उन्होंने कभी अपने लिए सुरक्षा की मांग भी नहीं की है। ओमवीर ढाका ने एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा कि जयंत चौधरी के आवास के आसपास तीन दिनों तक एक संदिग्ध गाड़ी देखी गई थी। उन्होंने मांग की है कि गाड़ी में मौजूद लोगों की पहचान की जाए और इस मामले का जल्द से जल्द खुलासा किया जाए।

## श्याम सिंह खोखर के चैम्बर पर अधिवक्ताओ की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील परिसर में वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम सिंह खोखर के चैम्बर पर अधिवक्ताओ की एक मीटिंग हुई, जिसकी अध्यक्षता एडवोकेट विनोद जैन ने की व संच. ालन महामंत्री पुष्पेंद्र कुमार ने किया।



बैठक में तहसील में रुके पड़े कार्यो पर चर्चा हुई व नेहर के रास्ते से तहसील में आने वाला रास्ता बनाने की बात रखी गई क्योंकि अधिवक्ताओ को तहसील में आने के लिए दिल्ली रोड चौराहा पर जाम की समस्य से जूझना पड़ता है। दिल्ली रोड तहसील गेट के बाहर लगने वाले जाम पर वकीलों ने रोष जताया जिसके कारण विवाद की स्थिति बनी रहती है। बैठक मैं भूप्रकाश श्योरान, वीरेंद्र चौहान, ईश्वर सिह, आनद तोमर, सत्यपाल मान, उपाध्यक्ष हरबीर सिंह, राकेश कुमार, रुपेश, सचिन, संजीव, विवेक चौहान, तेजवीर तोमर, संजीव तोमर, निशांत तोमर, मोहित चौहान, अरुण, सोहनवीर तोमर, राहुल जैन, सुशीलराणा मौजूद रहे।

## नगर में कबड्डी खिलाड़ियों का किया गया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर की गुड मंडी में कबड्डी के खिलाड़ियों का स्वागत किया। मेरठ के विद्या यूनिवर्सिटी में चल रही तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित स्टेट चैंपियन शिप में उत्तर प्रदेश से कबड्डी खेल में आठ जोन की टीम ने भाग लिया था।

कबड्डी कोच एडवोकेट विशेष तोमर पूर्व जिलाध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि जिसमें बड़ौत की शहीद भगत सिंह कबड्डी एकेडमी गुड मंडी बड़ौत ने मेरठ जॉन से सब जूनियर वर्ग में प्रतिभाग कर फाइनल में रोमांच मुकाबला खेलकर गोल्ड मेडल हासिल किया जिसमें मेरठ जॉन की टीम के 27 प्वाइंट ओर गोरखपुर टीम के 25 प्वाइंट के साथ बड़ौत की शहीद भगत सिंह कबड्डी एकेडमी गुड मंडी बड़ौत ने 2 प्वाइंट से जीत हासिल कर जनपद बागपत और एकेडमी का नाम रोशन किया जिसमें टीम कैप्टन विजय शर्मा उर्फ फौजी को बेस्ट ऑलराउंडर और दीपक कुमार को बेस्ट डिफेंडर और शुभम राजपूत को बेस्ट रेडर चुनकर सम्मानित किया गया ओर वंश तोमर, प्रेरित लाठियांन , बादल तोमर , आकाश कुमार , विराज नैन आदि का भी अच्छा प्रदर्शन रहा, जिसमें जिले के युवा, क्षेत्रीय कल्याण विभाग अधिकारी, अंकित कुमार, सोनू कुमार, हरीश मिश्रा, शिवानी त्यागी, ओर मेरठ जिले के कबड्डी सचिव पोपिंद्र सिंह, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।



## क नजर

### कुटू के आटे से बनी पकौड़ी खाने से अलग-अलग स्थान के 14 लोगों की तबीयत बिगड़ी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में कुट्टु के आटे का फलाहार खाने से बड़ौत के आसपास के तीन गांव से 14 लोगो की तबीयत हुई खराब अस्पताल में भर्ती उल्टी और चक्कर की शिकायत सभी मरीजों को होने लगी सभी मरीज बड़ौत के आसपास के कई गांव से14 लोग हुए बीमारी की चपेट में आ गए। कुटू के आटे से बनी पकौड़ी खाने के बाद 14 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। सभी को आस्थाअस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना अलग-अलग स्थान पर सामने आने से प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। मरीजों को उल्टी चक्कर और कमजोरी की शिकायत के बाद अस्पताल में लाया गया। आस्था अस्पताल के डा.अनिल कुमार जैन ने बताया मरीजों को उल्टी और डिहाईड्रेशन की समस्या के चलते भर्ती कराया गया। फिलहाल सभी की हालत सामान्य है और उन्हें आवश्यक उपचार दिया जा रहा है। पूरी तरह स्वस्थ होने तक उन्हें निगरानी में रखा जाएगा। घटना के बाद खाद्य विभाग की टीम सक्रिय हो गई है। टीम ने बडौत नगर के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर कुटू के आटे व साबूदाना के नमूने जांच के लिए एकत्रित किए हैं। मामले की विस्तृत जांच जारी है। खाद्य विभाग की टीम लोगों से आहवान किया है कि बिना जांच पड़ताल खाद्य सामग्री न खरीदे और न ही सेवन करें। खाद्य विभाग की टीम ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर खाद्य सुरक्षा विभाग ने दो दुकानों को बंद कराकर नमूने लिए और उनके लाइसेंस रद्द कर अग्रिम कार्रवाई तक बंद करने के आदेश दिए। बीमार हुए लोग सतपाल मदनपाल सेंसर पाल राजेश वीरेंद्र सुनीता मिस्टी विनय संदीप विधि रेखा सुनीता के अलावा दर्जनों लोग अपना उपचार हॉस्पिटल में करा रहे हैं।

## अलविदा जुम्मे के साथ रमजान हुए समाप्त, आज मनाई जाएगी ईद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत/बड़ौत।** रमजान के मुकद्दस महीने के आखिरी जुमे (अलविदा जुमे) के मौके पर नगर की मरकज वाली मस्जिद वही बडौत की फूंस वाली मर्कज़ी मस्जिद में नमाज अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। बागपत में नमाज मुफ्ती अहसान कासमी व बडौत में इमाम मुफ्ती खालिद कासमी ने अदा कराई। इस अवसर पर मस्जिद में बड़ी संख्या में रोजेदारों और नमाजियों की भीड़ उमड़ी, वहीं इलाके में सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर भी खास इंतजाम देखने को मिले।



नमाज से पहले अपने बयान में बागपत मुफ्ती अहसान कासमी व बडौत मुफ्ती खालिद कासमी ने अलविदा जुमे की फजीलत बयान करते हुए कहा कि रमजान का पाक महीना इंसान को सब्र, इबादत और इंसानियत का पैगाम देता है। यह महीना अब रुख्सत हो रहा है, ऐसे में हर मुसलमान को चाहिए कि वह रमजान में सीखी गई बातों-नमाज, रोजा, जकात और फितरा-को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में भी कायम रखे। उन्होंने कहा कि रमजान केवल इबादत का महीना नहीं, बल्कि अपने अंदर सुधार लाने, बुराइयों से दूर रहने और जरूरतमंदों की मदद करने का भी पैगाम देता है।



अलविदा जुमे के मौके पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम पूरे साल नेक रास्ते पर चलेंगे और समाज में अच्छाई को बढ़ावा देंगे। ईद-उल-फितर को लेकर उन्होंने अहम अपील करते हुए कहा कि नमाज केवल तय स्थानों-मस्जिदों और ईदगाहों-में ही अदा करें और सड़कों पर नमाज पढ़ने से बचें, ताकि यातायात और आम जनजीवन प्रभावित न हो। उन्होंने प्रशासन और जनता के सहयोग से शांतिपूर्ण तरीके से ईद मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जहां एक तरफ रमजान का पाक महीना समाप्त हो गया, वहीं दूसरी ओर हिंदू समाज के पवित्र नवरात्र शुरू हो गए हैं। ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी है कि एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का पूरा सम्मान करें और कोई ऐसा कार्य न करें जिससे किसी भी समाज को ठेस पहुंचे। उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार मोहब्बत, खुशी और एकता का प्रतीक है। हमें चाहिए कि इस मौके पर गरीबों, जरूरतमंदों और कमजोर वर्ग के लोगों का भी खास ख्याल रखें, ताकि हर घर में ईद की खुशियां पहुंच सकें। अंत में उन्होंने देश में अमन, शांति और तरक्की के लिए दुआ की और सभी लोगों से अपील की कि भाईचारा, सद्भाव और इंसानियत को सर्वोपरि रखते हुए समाज को मजबूत बनाएं। जुम्मे की नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर मस्जिदों पर पुलिस बल भी तैनात रहा।

## पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा कर किया एक आरोपी को गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** थाना पुलिस ने चोरी की एक घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी हुई बैटरी बरामद की है।

यह मामला 18 मार्च 2026 को सामने आया था, जब शाह गार्डन, खेकड़ा निवासी विजेंद्र शर्मा पुत्र फकीरचंद शर्मा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनकी टाटा ऐस गाड़ी से अज्ञात चोरों ने बैटरी चुरा ली है। विजेंद्र शर्मा की तहरीर के आधार पर खेकड़ा थाने में बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने मामले की जांच शुरू की और साक्ष्य जुटाते हुए संदिग्धों की तलाश में जुट गई। जांच के दौरान मिले महत्वपूर्ण सुरागों के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी के पास से चोरी की गई बैटरी बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान खेकड़ा के मोहल्ला शेखपुरा निवासी आमिर उर्फ (चील) पुत्र हाजी हसन के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आमिर उर्फ (चील) का आपराधिक इतिहास रहा है और खेकड़ा थाने में उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल, खेकड़ा पुलिस आरा. ेपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई जिसमें आगामी 24 मार्च को क्षेत्र के ऐतिहासिक गांव बामनोली में होने वाली किसान मजदूर पंचायत को को सफल बनाने के लिए गहन मन्थन कर रणनीति पर विचार किया गया।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार ने पदा. धिकारियों कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौप कर भारी तादाद मे पंचायत मे पहुचने का आहवान किया और कहा भारत अमेरिका ट्रेड डील किसानों व पुरे देश के हित मे नहीं है। देश का किसान आज खेती की थोडी थोडी जमीन के टुकड़ों में बट चुका है। भारी आर्थिक तंगी के चलते परिवार का पालन पोषण करना दुभर हो रहा है। केंद्र सरकार को किसानों मजदूरों की कोई परवाह नहीं महंगाई आसमान छू रही है। अनेक गम्भीर समस्याओं को लेकर कांग्रेस डटकर होने वाली ट्रेड डील का विरोध करेगी। किसान पंचायत के माध्यम से लोगो को जागरूक किया जायेगा। किसान पंचायत को सफल बनाने के लिए गांव गांव जाकर लोगो से जनसम्पर्क किया जायेगा। संचालन बिजेन्द्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर पूर्व पीसीसी क्रष्ण हरि पंवार औमबीर दुहण मदन सिंह रामरंग पंवार पप्पू ठेकेदार राममेहर प्रविन्द्र सिंह डा सुभाष शर्मा विनित इरशाद फिरोज औकार दत्त आदि रहे।

## अफसरों का नंबर ब्लॉक करने पर तीन सचिवों को हटाया, सात के गांव बदले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जिले के तीन सचिवों को अफसरों का नंबर ब्लॉक करने, फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी, डुप्लीकेट मतदाता की जांच के कार्य में सहयोग नहीं करने पर हटा दिया गया। इन तीनों को हटाते हुए ब्लॉक व डीपीआरओ कार्यालय से संबद्ध कर दिया है। साथ ही सात सचिवों के गांव बदल दिए हैं। जिले में इस समय फैमिली आईडी बनाने, फार्मर रजिस्ट्री व डुप्लीकेट मतदाता की जांच का कार्य चल रहा है। यह कार्य शत-प्रतिशत नहीं होने के कारण सीएम डैश बोर्ड पर रैंकिंग खराब हो रही थी। कई बार पत्र जारी करने के बाद भी कार्य करने में सहयोग नहीं कर रहे थे। अफसरों के फोन करने पर भी लापरवाही बरती जा रही थी और व्हाट्सएप पर कोई पत्र न भेज सकें, इसलिए उनके नंबर तक ब्लॉक कर दिए गए। इससे अफसरों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। अफसरों की शिकायत के बाद पांची से निशांत कुमार को डीडीओ कार्यालय, बावली से प्रिंस जैन व निवाड़ा से सूरज कुमार को डीपीआरओ कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। डीपीआरओ रमेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि तीनों सचिवों को लापरवाही बरतने पर कार्यालयों से संब) कर दिया गया है। जिले में सात सचिवों के गांवों में बदलाव किया गया है। इनमें लोयन व चौबली में अंकुश अरविंद को हटाकर कुबेर खोखर, महावतपुर व रुस्तमपुर में विकास सहरावत को हटाकर जोनी चौधरी, गुराना व बड़ावद में विकास सहरावत को हटाकर अंकुश अरविंद को जिम्मेदारी सौंपी गई। हिसावदा व गौसपुर में कुबेर खोखर की जगह अनिल कुमार वर्मा और लुहारा, रामनगर व खिंदौड़ा में रविंद्र कुमार को हटाकर उपदेश कुमार और बिजवाड़ा से विनोद कुमार को हटाकर विकास सहरावत, मीतली व गौरीपुर हबीबपुर से सुनील बंसल को हटाकर मनीष कुमार को जिम्मेदारी सौंपी है।

## बारिश ने बढाई किसानों की चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पिछले 8 घंटे से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी है, लेकिन किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बेमौसम बारिश और तेज हवाओं से गेहूं, आलू और सरसों की फसलों को भारी नुकसान की आशंका है। कई क्षेत्रों में सरसों की फसल को 50 प्रतिशत तक नुकसान होने की खबर है। बारिश के साथ चली तेज हवाओं के कारण गेहूं की फसल भी खेतों में गिर गई है, जिससे उपज में कमी आने की संभावना है। किसान इस अप्रत्याशित मौसम से काफी चिंतित हैं। इस बारिश के बाद बागपत की हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 98 पर आ गया है, जिससे लोगों को शुद्ध हवा मिल रही है और प्रदूषण से राहत मिली है। दिन का तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और रात का तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जिससे गर्मी से काफी राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 2 से 3 घंटे तक और बारिश होने की संभावना है। किसान फिलहाल बारिश रुकने का इंतजार कर रहे हैं ताकि वे अपनी फसलों को हुए वास्तविक नुकसान का आकलन कर सकें। उन्होंने सरकार से फसल नुकसान के मुआवजे की भी मांग की है। स्थानीय निवासियों विनोद, राकेश और शाहरुख ने बताया कि बेमौसम बारिश ने किसानों को परेशान किया है, हालांकि इससे गर्मी से राहत मिली है। उनका कहना है कि तेज हवाओं से फसलें प्रभावित हो रही हैं। मौसम साफ होने के बाद ही नुकसान का सही अनुमान लगाया जा सकेगा।

## 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक जनपद में चलाया जाएगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग व अन्यविभाग के अधिकारियों के साथ संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान के द्वितीय चरण के संबंध में बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि 1अप्रैल से 30 अप्रैल तक जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है तथा संचारी के अंतर्गत 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा जिसमें आशा घर घर जाकर दस्तक देंगी और संचारी के प्रति जागरूक करेंगी। इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को पूर्ण रूप से सफल बनाने एवं गांव गांव शहर शहर के मौहल्लों में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित करते हुए मच्छर जनित बीमारियों से नागरिकों को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ गहन मंथन करते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विकासखंड छपरौली में संचारी में अच्छा कार्य न मिलने पर जिला. धिकारी ने खंड विकास अधिकारी का स्पष्टीकरण किया उन्होंने कहा कि जो आधिकारिक कार्य अच्छा नहीं करेंगे उन पर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में जाकर साफ सफाई की स्थिति को अभियान के समय अवश्य देखें। उन्होंने कहा कि गांव में शहरी क्षेत्र में होगी सफाई अभियान नियमित रूप से होना चाहिए एंटी लारवा



छिड़काव कराया जाए। जिलाधिक. ारी निर्देश दिए कि कहीं भी पानी एकत्रित नहीं होना चाहिए। साफ-सफाई रहनी चाहिए। समस्त अधिशासी अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में इसकी विशेष निगरानी करें दवाई छिड़काव करें फागिंग समय से कराते रहें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राहुल वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल, डिप्टी सीएमओ डा.यशवीर, डॉ.सुरुचि शर्मा सीएचसी अधीक्षक डा.विभाष राजपूत, ईओ केके भड़ाना व समस्त अधिशासी अधिकारी, खंड विकास अधिकारी बड़ौत, बागपत, पिलाना, छपरौली, बिनौली, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**सूचना**

मेरे पुत्री का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपनी पुत्री अपेक्षा तोमर से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगी।
संजय तोमर पुत्र जयवीर तोमर निवासी ग्राम कण्डेरा, जनपद बागपत, हाल निवासी डी.के.कालोनी शामली थाना व जिला शामली।

# जिला मंत्री ने हिस्ट्रीशीटर होने के आरोपों पर दी सफाई, कहा सभी मुकदमों में हो चुका बरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हाल ही में भाजपा की जिला कमेटी की घोषणा के बाद संगठन के भीतर खुशी और नाराजगी दोनों के स्वर सामने आए हैं। नई सूची जारी होने के बाद कुछ कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया, वहीं कई नाम न आने से मायूसी भी नजर आई। इसी बीच गालंद निवासी नवीन तोमर को जिला महामंत्री पद दिए जाने के बाद सोशल मीडिया पर उन्हें कथित हिस्ट्रीशीटर बताते हुए विरोध के स्वर भी उठने लगे। यह मामला जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।



जिला महामंत्री नवीन तोमर ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि उनके खिलाफ अतीत में दर्ज मुकदमे राजनीतिक रंजिश के चलते कराए गए थे, जिनमें उन्हें न्यायालय से राहत मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2005 से 2012 तक वह भाजपा के बूथ अध्यक्ष रहे, इसके बाद 2012 से 2019 तक मंडल महामंत्री तथा वर्ष 2019 से 2026 तक मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाई। वर्ष 2026 में पार्टी ने उन पर भरोसा जताते हुए जिला कमेटी में अहम दायित्व सौंपा है। तोमर का कहना है कि वर्ष 2008 में गांव की रंजिश के चलते उनके खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज कराए गए थे, जिनसे वर्ष 2011 में न्यायालय ने उन्हें दोषमुक्त कर दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उस समय राजनीतिक विरोध के कारण उन्हें कई बार परेशान किया गया और धारा 151 के तहत भी कार्रवाई की गई।

नवीन तोमर ने दावा किया कि बाद में उनके खिलाफ हिस्ट्रीशीट (एचएस) भी खोल दी गई, जिसके विरुद्ध उन्होंने उच्च न्यायालय की शरण ली। उनके अनुसार, न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस अधीक्षक ने 27 अक्टूबर 2025 को उनके ऊपर से हिस्ट्रीशीट समाप्त कर दी, जिसका रिकॉर्ड पिलखुवा थाने में दर्ज है। उन्होंने कहा कि सभी मामलों में बरी होने के बावजूद उन्हें बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि रंजिशन उनका मकान गिरवाया गया था, जिसकी शिकायत पर अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए संबंधित थाना प्रभारी का तबादला किया था। नवीन तोमर ने कहा कि वह लंबे समय से पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं और विरोधी चाहे कुछ भी आरोप लगाएं, उनका भाजपा से संबंध अटूट है। उन्होंने कहा, मैं भाजपा का था, हूं और रहूंगा। पार्टी मेरे लिए सर्वोपरि है और उसके लिए अंतिम सांस तक काम करता रहूंगा। जिला कमेटी में नाम आने के बाद उठे इस विवाद ने स्थानीय राजनीति को गरमा दिया है। हालांकि संगठन की ओर से इस मामले पर आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन सोशल मीडिया पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है।

# आरक्षण का फर्जी लाभ लेने वाला ग्राम प्रधान पुलिस के हत्थे चढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने कूटरचित अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र बनवाकर आरक्षण सहित अन्य सरकारी लाभ प्राप्त करने के आरोप में ग्राम प्रधान को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। आरोपी लंबे समय से पुलिस की निगरानी में था और उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।



थाना प्रभारी के अनुसार, बीएनएस के तहत वांछित नामजद अभियुक्त हेमचंद पुत्र भाग सिंह निवासी ग्राम चंदपुरा को उसके गांव स्थित प्राथमिक पाठशाला के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र बनवाने तथा उसके आधार पर चुनाव लड़कर ग्राम प्रधान बनने और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का आरोप है। बताया जा रहा है कि मामले की जांच के दौरान दस्तावेजों में गड़बड़ी सामने आने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की थी। इसके बाद से आरोपी की तलाश की जा रही थी। पिलखुवा पुलिस ने सूचना के आधार पर घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और फर्जी प्रमाणपत्र तैयार करने में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। साथ ही पूरे प्रकरण से जुड़े दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस मामले में और कौन-कौन शामिल है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है और दोष सिद्ध होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कॉलेज कमरे में मिला कॉपी जांच के लिए आए लेक्चरर का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए आए एक लेक्चरर का शव शहर के एक इंटर कॉलेज के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक पिछले कई दिनों से कॉलेज परिसर में ही ठहरे हुए थे और वहीं से मूल्यांकन केंद्र पर जा रहे थे। शुक्रवार को निर्धारित समय तक केंद्र पर नहीं पहुंचने पर यह मामला सामने आया।

मृतक की पहचान मुजफ्फरनगर जनपद के जानसठ थाना क्षेत्र के उत्तरी घटायन गांव निवासी 55 वर्षीय रविंद्र चौधरी के रूप में हुई है। वह हापुड़ के कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित मेरठ रोड पर श्री शांति स्वरूप कृषि इंटर कॉलेज में कृषि विभाग के लेक्चरर के पद पर कार्यरत थे। बताया गया कि उनकी ड्यूटी यूपी बोर्ड की कॉपियां जांचने के लिए लगी थी और 15 मार्च से वह कॉलेज परिसर के एक कमरे में रह रहे थे। वहीं से वह प्रतिदिन मूल्यांकन केंद्र स्थित एसएसवी इंटर कॉलेज जाते थे। शुक्रवार को दोपहर तक जब वह मूल्यांकन कार्य के लिए नहीं पहुंचे तो केंद्र से कॉलेज प्रशासन को सूचना दी गई। कॉलेज कर्मियों ने जब उनके कमरे पर जाकर देखा तो दरवाजा अंदर से बंद था और काफी आवाज देने के बाद भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। संदेह होने पर रोशनदान से झांककर देखा गया तो वह जमीन पर पड़े दिखाई दिए। इसकी जानकारी तुरंत कॉलेज प्रशासन को दी गई। प्राचार्य द्वारा सूचना देने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई। कमरे में लेक्चरर का शव फर्श पर पड़ा मिला। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि मृतक ने रात में स्वयं भोजन तैयार किया था। उसी मेज के पास उनका शव पड़ा मिला, जिससे घटना को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा परिजनों को सूचना दे दी गई है।



प्रारंभिक जांच में पुलिस आत्महत्या की आशंका जता रही है, हालांकि मौत के सही कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

# जिम्मेदारी ओढ़े दिखीं 'लेडी सिंघम', मिशन शक्ति अभियान में दिखाई सख्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में लगातार हो रही तेज बारिश के बीच महिला थाना प्रभारी अरुणा राय ने कर्तव्यनिष्ठा की ऐसी मिसाल पेश की, जिसकी शहरभर में सराहना हो रही है। मिशन शक्ति द्वितीय चरण की शुरुआत के साथ ही वह स्वयं सड़कों पर उतरकर महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेती नजर आईं। खराब मौसम और जलभराव के बावजूद उन्होंने अपने अभियान को रुकने नहीं दिया और टीम के साथ शहर की गलियों से लेकर मुख्य मार्गों तक गश्त कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया।



स्कूल समय के दौरान महिला थाना प्रभारी ने विशेष रूप से छात्राओं की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया। स्कूल आने-जाने वाली छोटी बच्चियों से बातचीत कर उनका फीडबैक लिया और रास्तों में होने वाली संभावित परेशानियों के बारे में जानकारी जुटाई। उन्होंने बच्चियों को आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई जारी रखने और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान महिलाओं और छात्राओं को सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबरों, महिला सुरक्षा सेवाओं तथा आपातकालीन सहायता सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।

थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है और किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या भय की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज कराएं। बारिश में भीगते हुए लगातार क्षेत्र में मौजूद रहकर अरुणा राय ने यह संदेश दिया कि महिला सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनके इस सक्रिय और संवेदनशील रवैये से महिलाओं व अभिभावकों में भरोसा बढ़ा है, वहीं छात्राओं में भी सुरक्षा का एहसास मजबूत हुआ है। शहरवासियों ने 'लेडी सिंघम' के इस जज्बे की खुलकर प्रशंसा की है।

# वीरांगना अवंतीबाई लोधी का 168वां शौर्य दिवस धूमधाम से मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** भारत की प्रथम स्वतंत्रता सेनानी वीरांगना अवंतीबाई लोधी का 168वां शौर्य दिवस तहसील रोड स्थित समाजसेवी पंकज लोधी कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर वीरांगना के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता नक्का कुआं मंदिर के मुख्य महंत बारहा गिरी महाराज ने की, जबकि संचालन मास्टर मदन सैनी ने किया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी श्रीराम सिंह भी पहुंचे और दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान खड़कवंशी संघ के पदाधिकारी जय सिंह राणा, विश्व हिंदू राष्ट्र सेना के युवा प्रदेश अध्यक्ष मोंटी चौधरी एवं भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के जिला अध्यक्ष अमित त्यागी सहित वक्ताओं ने वीरांगना अवंतीबाई लोधी के 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और उनके बलिदान को याद किया।

कार्यक्रम में पुष्पेंद्र चौधरी, मनोज पवार, अमरीक सिंह, आमिर चौधरी, मनीष, विनय सागर, आशीष शर्मा, राजवीर शास्त्री, विनोद शास्त्री, बबलू सहगल, चंदन भारद्वाज, संदीप निषाद, दीपक राणा, बंटी, विनोद चंद्र, उमेश लोधी, कुमारपाल लोधी, महेंद्र, योगेंद्र चौधरी सहित विभिन्न संगठनों के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दोबारा से नियुक्ति होने पर पिंकी त्यागी का हुआ भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** भाजपा की जिला कार्यकारण में जिला मंत्री पद पर पुन: नियुक्ति के बाद पिंकी त्यागी का नगर में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और कई स्थानों पर उनका जोरदार अभिनंदन किया गया।

गढ़ नगर में मुख्य कार्यक्रम दीपेंद्र कुमार के आवास पर आयोजित हुआ, जहां पिंकी त्यागी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे और फूल-मालाओं से उनका सम्मान किया गया।पिंकी त्यागी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें दोबारा जिम्मेदारी सौंपना उनके लिए गर्व की बात है। वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगी और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगी। रोहित मल्होत्रा ने कहा कि पिंकी त्यागी एक मेहनती और समर्पित कार्यकर्ता हैं। उनके नेतृत्व में संगठन को और मजबूती मिलेगी और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा, दीपेंद्र कुमार ने कहा कि पिंकी त्यागी को पुन: जिला मंत्री बनाए जाने से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा आई है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकजुट होकर संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।इस मौके पर दीपेंद्र कुमार, शिवकुमार गौतम, योगेश वर्मा, जसपाल सिंह, अजय वर्मा, नरेश कुमार, सोनू वर्मा, नरेश वाल्मीकि, रक्की वाल्मीकि, आशीष वाल्मीकि, योगेंद्र जाटव, शैलेंद्र जाटव, विक्की जाटव, राम अवतार राजोरा एवं विनोद आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### जुम्मा अलविदा के साथ रमजान हुए समाप्त, आज मनाया जाएगा ईद का पर्व

**रोबिन शर्मा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** शुक्रवार को क्षेत्र में जुम्मे अलिवदा की नमाज के साथ देर शाम हुई अफ्तयारी के साथ ही रमजान का समापन हो गया। क्षेत्र भर में ईद-उल-फितर का त्यौहार आज मनाया जाएगा। सऊदी में की ईद होने की खबर के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे को बधाइयां दी। चांद रात में देर रात तक बाजारों में चहल-पहल रही। बच्चों और युवाओं ने आतिशबाजी चलाकर खुशी का इजहार किया। सोशल मीडिया पर तो सुबह से शुरू हुआ ईद की बधाई देने का सिलसिला रात भर चलता रहा।

ईद के त्योहार को लेकर बाजारों में शुक्रवार को पूरे दिन रौनक रही। महिलाओं, युवाओं और बच्चों तथा बड़ों ने बाजार में जमकर खरीदारी की। दोपहर के समय मस्जिदों में जुम्मा अलविदा की नमाज की गई। सऊदी अरब में ईद होने की खबर आते ही मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर, सोशल मीडिया, फोन के माध्यम से ईद की बधाई दी। चांद रात पर नगर सहित कस्बे के सभी प्रमुख बाजारों में पूरी रात जमकर खरीदारी हुई। वहीं, युवा वर्ग ने सोशल मीडिया के माध्यम से एक-दूसरे को ईद की बधाई दी। सड़कों पर रात भर रौनक रही। मौलाना अनस ने बताया कि शनिवार यानि आज ईद मनाई जाएगी। सभी धर्मों के लोगों को त्योहार मिलजुलकर मनाने चाहिए। इससे आपसी भाईचारा कायम होता है। ईद के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए।

**पुलिस अलर्ट:- सारे दिन हुई संदिग्ध लोगों की चेकिंग**

कोतवाली प्रभारी देवेंद्र कुमार बिष्ट ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस ने पूरे दिन क्षेत्र के ईदगाहों का निरीक्षण कर शाम को चौराहों पर पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात रहा। उधर रात्री में भी पुलिस फ्लैग मार्च निकल रही है, और कैमरा द्वारा भी निगरानी रखी जा रही है, पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने नगर सहित मिश्रित आबादी वाले चेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस ने संदिग्ध लोगों को पूछताछ की और तहकीकात करने के बाद ही उन्हें जाने दिया गया।

### जल्द ही होगा अब नक्का कुंआ मंदिर का सुंदरीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के नक्का कुंआ मंदिर में चल रहे सुदंरीकरण कार्य में अब और तेजी आएगी। शुक्रवार को तेज बारिश के बीच नगर पालिका ईओ ने मौके पर पहुंच कर जेसीबी से अतिक्रमण को हटाते हुए मलबे को साफ कराने का काम किया है।

बता दें कि शासन स्तर से नगर के प्रसिद्ध मंदिरों का सुदंरीकरण किया जा रहा है। इसमें नक्का कुंआ मुक्तेश्वरा मंदिर भी शामिल है। मंदिर के कुछ हिस्से में अतिक्रमण फैला हुआ था। पिछले दिनों ही डीएम अभिषेक पांडेय ने मौके पर पहुंच कर अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर पालिका अधिकारियों को आदेश दिए। शुक्रवार को बारिश के बीच पालिका ईओ पवित्रा त्रिपाठी, सफाई निरीक्षक सुभाष चंद जेसीबी और पालिका टीम को लेकर मौके पर पहुंचे। यहां पर अतिक्रमण को हटाते हुए वहां फैले मलबे को हटाने का काम किया। ईओ ने बताया कि इस कार्य के बाद मंदिर के सुंदरीकरण के कार्य में तेजी आ जाएगी।

### हत्या के प्रयास मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ पुलिस ने ग्राम मुबारिकपुर सलामतपुर निवासी कुलदीप पर हुए जानलेवा हमले के मामले में वांछित चल रहे एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में राहत की भावना है, जबकि आरोपी से पूछताछ जारी है।

थाना प्रभारी के अनुसार, घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था और उसकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही थी। बीएनएस के तहत दर्ज मुकदमे में वांछित अभियुक्त शेखर पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम मुबारिकपुर सलामतपुर को उसके ही गांव से गिरफ्तार किया गया। बताया गया कि कुलदीप पर हुए हमले को गंभीर मानते हुए पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। इसके बाद से आरोपी की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। पुख्ता सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की भी जांच की जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि हमले में कोई और व्यक्ति शामिल तो नहीं था।

# राजपाल की मौत में अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के आदर्श नगर में रहने वाले राजपाल सिंह की हत्या किसने की अभी तक सुराग नहीं लग सका है। वहीं पुलिस ने मृतक के बेटे की तहरीर पर फिलहाल अज्ञात में हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने कुछ लोगों हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए गए आरोपियों से पूछताछ में हत्याकांड से जुड़े कई अहम सुराग हाथ लगे है।

बता दें कि तीन दिन पूर्व मोहल्ला निवासी राजपाल सिंह का शव नगर के ही कब्रिस्तान में कंटीले तारों पर पड़ा हुआ मिला था। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मारपीट से मौत होने की पुष्टि हुई थी। उसके बाद पुलिस ने मृतक के बेटे समरभान ने अज्ञात लोगों के खिलाफ पिता की पीट-पीट कर हत्या करने की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की जांच की। वहीं कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया हैजिसमें हत्याकांड से जुड़े कई अहम सबूत सामने आए है।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि मृतक के बेटे की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। कुछ लोगों से पूछताछ की गई है, शीघ्र ही घटना का पर्दाफाश कर लिया जाएगा।

# गांधी बाजार से रेलवे रोड तक जाम ही जाम, लोग घंटों फंसे रहे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** दो दिन की लगातार बारिश के बाद शुक्रवार को मौसम साफ होते ही शहर के बाजारों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। ईद से एक दिन पहले खरीदारी के लिए निकले लोगों के सैलाब ने प्रमुख बाजारों और सड़कों पर यातायात व्यवस्था को पूरी तरह चरमरा दिया। गांधी बाजार, जवाहर बाजार, घास मंडी और रेलवे रोड पर घंटों लंबा जाम लगा रहा, जिससे लोग अपने वाहनों में फंसे रहने को मजबूर हो गए।

सबसे खराब स्थिति गांधी बाजार स्थित नाले के पास रही, जहां वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। भीड़ का दबाव इतना अधिक था कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। फलों की मंडी और आसपास के इलाकों में भी खरीदारों की भारी भीड़ के कारण अव्यवस्था का माहौल बना रहा। बताया जा रहा है कि पिछले दो दिनों की बारिश के कारण लोग घरों में ही थे। जैसे ही मौसम खुला, ईद की खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोग एक साथ बाजारों में पहुंच गए, जिससे सड़कों पर अचानक दबाव बढ़ गया और जाम की स्थिति बन गई। स्थिति बिगड़ते देख कोतवाली प्रभारी मनीष चौहान स्वयं मौके पर पहुंचे और पुलिस बल के साथ ट्रैफिक व्यवस्था संभाली। प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले बाजारों में अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। जाम कम करने के लिए कई स्थानों पर वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित किया गया। मारवाड़ चौकी प्रभारी मेजर सिंह ब्रिक और बस अड्डा चौकी प्रभारी परविंदर सिंह ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता दिखाते हुए जाम खुलवाने में अहम भूमिका निभाई। भीड़भाड़ वाले इलाकों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। जरूरत पड़ने पर ट्रैफिक डायवर्जन की व्यवस्था आगे भी लागू की जाएगी।



# दहेज की मांग पूरी न होने पर दिया तीन तलाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव अठसैनी में रहने वाली महिला को उसके पति ने दहेज की मांग पूरी न होने पर तीन तलाक दे दिया। पीड़िता के साथ आरोपियों ने मारपीट भी की। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव दौताई निवासी इनाम ने बताया कि उसकी पुत्री गुलबहार का निकाह मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार दिनांक छह साल पहले शाहनवाज निवासी गांव अठसैनी के साथ हुआ था। निकाह में हैसियत अनुसार दान दहेज दिया था।शादी के बाद से शाहनवाज सूखे पाउडर का नशा करता नजर आया। शाहनवाज ने नशे की आदत के चलते मायके द्वारा दिये गये सामान को बेच दिया है तथा अपाची मोटर साइकिल को किसी के पास गिरवी रख दिया है। उसके बाद आरोपी उनके घर में खड़ी एक अन्य मोटर साइकिल पैशन प्रो तथा घर में रखे हुये 30 हजार रूपये भी चुरा कर ले गया। शाहनवाज तथा उसके परिवार वालों द्वारा लगातार दहेज में मकान की मांग की जाती रही। मांग पूरी ना होने पर शाहनवाज, बहन रेशमा, जीजा अतीक तथा चाचा बाबू गुलबहार के साथ अत्यधिक मारपीट करते थे जिसमें कि गुलबहार का सीधा हाथ भी टूट गया। आरोपियों को काफी बार समझाने की प्रयास किया, लेकिन उक्त लोगों ने कोई बात नही मानी तथा अपनी दहेज की नाजायज मांग पर अड़े रहे। उसने बताया कि उसने अपनी छोटी बेटी गुलनाज का रिश्ता गांव बदरखा में तय किया था जहां पर शाहनवाज अपने साथ अजात 4-5 लोगों को लेकर गया तथा वहां पर गाली गलौंच एवं धमकी देकर आया। इसी कारण छोटी बेटी का रिश्ता भी टूट गया। आरोपी ने उनकी पुत्री गुलबहार को एक बार में तीन बार तलाक तलाक तलाक बोल कर तलाक भी दे दिया। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बेमौसम बारिश होने से किसानों की बढ़ी चिंता

**रोबिन शर्मा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र में नगर समेत ग्रामीण इलाकों में बेमौसम बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। अचानक बदले मौसम के कारण सरसों और गेहूं की तैयार खड़ी फसलें प्रभावित हुई हैं, जिससे किसानों में चिंता बढ़ गई है। शुक्रवार को बारिश के चलते खेतों में पानी भर गया, जिससे गेहूं की फसलें गिर गईं। वहीं, सरसों की फलियां भी टूटकर खराब हो गईं। किसानों का कहना है कि इस अप्रत्याशित बारिश से उनकी मेहनत पर पानी फिर गया है। ग्रामीणों के अनुसार, मौसम में अचानक बदलाव के कारण किसानों को संभलने का मौका नहीं मिला। तेज हवा के साथ हुई बारिश ने कई गांवों में फसलों को जमीन पर गिरा दिया, जिससे उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा। किसानों ने बताया कि फसल कटाई के करीब थी, ऐसे में हुई बारिश ने उनकी आर्थिक स्थिति को गहरा झटका दिया है। स्थानीय किसानों ने प्रशासन से जल्द से जल्द मुआवजे की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय पर सर्वे कराकर उचित सहायता प्रदान नहीं की गई, तो उन्हें गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। इस बेमौसम बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। किसान अब आसमान की ओर देख रहे हैं और आगे मौसम साफ रहने की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि बची हुई फसल को किसी तरह सुरक्षित किया जा सके।

## नाबालिक छात्रा के साथ छेड़छाड़ करते हुए घर तक पहुंचा सिरफिरा युवक, परिजनों ने दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा को सिरफिरे युवक ने फोन नंबर फोन करने के लिए किया। छात्रा द्वारा फोन न करने पर आरोपी उसके पीछे घर तक पहुंच गया और फोन न करने का कारण पूछा। छात्रा द्वारा पिता से शिकायत की, जिसके बाद पीड़िता के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 1.29 करोड़ की ठगी में दो गिरफ्तार

## डिजिटल अरेस्ट करने वाले ठग को प्रोवाइड कराए थे खाते, छह राज्यों में दर्ज है शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में 13 मार्च को डिजिटल अरेस्ट करके करीब एक करोड़ 29 लाख की ठगी की गई। इस मामले में साइबर पुलिस ने दो ठगों को गिरफ्तार किया है। इनके खाते में ठगी की रकत आई थी। ये दोनों ठगी के लिए खाते प्रोवाइड कराते थे। इन दोनों को नोएडा के सेक्टर-63 थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। इनके नाम रिषभ (21) और कुंवर शुक्ला (20) है।




दरअसल पीड़ित को फोन करके ठगों ने ज्त्ा॰ का अधिकारी बताया। पीड़ित को बताया कि उनके फोन का मोबाइल नंबर से अश्लील वीडियो भेजे गए। जिसकी जांच मुंबई क्राइम ब्रांच, सीबीआई दकर रही है। जेल भेजने का डर दिखाकर उनको डिजिटल अरेस्ट किया गया। साथ ही उनके एकाउंट से करीब 1. 29 करोड़ रुपए ट्रांसफर करा लिए।डीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि दोनों शातिर किस्म के अपराधी है।

ये लोग ठगों को अपने बैंक अकाउंट उपलब्ध कराते है। बैंक खातों में साइबर ठगी से संबंधित 10. 95 लाख आए थे।

**छह राज्यों में छह शिकायत, 4.17 करोड़ आए:** इनके बैंक खातों से संबंधित खाते के विरुद्ध देश के भिन्न-भिन्न राज्यों से 06 शिकायतें जिसें उप्र से 01, महाराष्ट्र-01, तमिलनाडू-01, दिल्ली -01, बिहार-01 व जम्मू कश्मीर-01 से दर्ज है। जिनमें अब तक धोखाधड़ी से संबंधित करीब 4 करोड़ 17 लाख रूपये की धनराशि प्राप्त की गयी है।

## कांस्टेबल को ट्रक ने टक्कर मार कर किया घायल

**ग्रेटर नोएडा।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड पर छपरौला गांव के तालाब के समीप पैदल सड़क पार कर रहे कांस्टेबल को ट्रक चालक ने टक्कर मार दी। घायल को ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि अलीगढ़ के हजियापुर गांव में अनोखे सिंह परिवार के साथ रहते हैं। उनका पुत्र लोकेश बदायूं में उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के पद पर तैनात है। वह 18 मार्च को ड्यूटी से अवकाश लेकर बदायूं रोडवेज बस द्वारा अपने घर आ रहा था। छपरौला गांव में बस से उतरकर सड़क पार करते समय ट्रक चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के पिता ने दो दिन बाद कोतवाली में ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्टट र्ज कराई है।

# अवैध कॉलोनियों में बिजली कनेक्शन दिए जाने पर नाराजगी जताई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** अवैध कालोनियों में बिजली कनेक्शन पर रोक के बाद भी लोगों को कनेक्शन दिए जा रहे हैं। इस पर ग्रेटर नोएडा के सीईओ ने संज्ञान लिया है। गुरुवार को नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) के एमडी के साथ अपने दफ्तर में बैठक कर गहरी नारा. जगी व्यक्त की। मामले को गंभीरता से न लिए जाने पर इसकी शिकायत शासन स्तर पर भी की जा सकती है। ग्रेटर नोएडा के सीईओ रवि कुमार एनजी ने साक्ष्य के रूप में ग्रेटर नोएडा वेस्ट के आमका सहित अन्य गांवों में बसी अवैध कालोनियों के फोटो और वीडियो दिखाए, जिनमें रोक के बाद भी बिजली कनेक्शन दिए गए हैं।

कर्मचारियों की मिलीभगत से यह खेल चल रहा है। दिशा- निर्देशों का कोई असर नहीं दिख रहा है। सीईओ ने कहा कि इस तरह अवैध कालोनियों पर अंकुश लगाने में सफलता नहीं मिलेगी। प्राधिकरण अवैध कालोनियों को ध्वस्त करने की कार्रवाई लगातार कर रहा है,वहीं एनपीसीएल द्वारा कनेक्शन दिए जा रहे हैं।

बिजली की सुविधा मिलने पर लोग रहना शुरू कर देते हैं। इस पर बिजली कंपनी के एमडी ने सीईओ को आश्वासन दिया कि टीम गठित कर क्षेत्र में जांच कराई जाएगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र की अवैध व डूब क्षेत्र की कालोनियों में बिजली के कनेक्शन जारी न किए जाएं। मामले की जांच की जाएगी। बता दें कि ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र की अवैध कालोनियों में बिजली कनेक्शन न दिए जाने के लिए प्राधिकरण कई बार पत्र लिख चुका है। इसके बाद भी अंकुश नहीं लग रहा है।पूर्व में किए गए प्रयासग्रेटर नोएडा क्षेत्र में अवैध कालोनियों पर अंकुश लगाने के लिए प्राधिकरण पूर्व में भी कई बार प्रयास कर चुका है। बीते साल बिजली कंपनी एनपीसीएल को पत्र लिख कहा गया था कि प्राधिकरण की अनुमति के बाद ही कनेक्शन दिया जाए।

**कनेक्शन जारी करने से पहले यह जरूरी:** देख लिया जाए कि कनेक्शन के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति के पास प्राधिकरण का अना. पत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) है या नहीं। साथ ही निबंधन पत्र को भी इस संबंध में पत्र लिखा गया था कि छोटे आकार के भूखंडों की रजिस्ट्री न की जाए। संबंधित भूमि जिस उपयोग में दर्ज है, उसी में रजिस्ट्री की जाए। कृषि भूमि की रजिस्ट्री कृषि उपयोग में ही की जाए।

रजिस्ट्री होने पर लोग आसानी से विश्वास कर लेते हैं, कि जो संपत्ति खरीद रहे हैं,वह सही है।

## एयरबैग खुलने से हादसे में चालक की जान बची

**नोएडा।** सेक्टर-21 स्थित ट्रैफिक सिग्नल के पास तेज रफ्तार कार के चालक ने एक अन्य कार में टक्कर मार दी। एयरबैग खुलने के कारण क्षतिग्रस्त कार में बैठे युवक को चोट नहीं लगी। हालांकि, हादसे में उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। दिल्ली निवासी शिवांग जैन ने पुलिस को शिकायत दी कि वह गुरुवार रात करीब 12:15 बजे एक शादी से लौट रहे थे। वह सेक्टर-21 के पास सिग्नल क्रॉस कर रहे थे, तभी एक दूसरी कार ने उनकी कार के दाईं तरफ टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि उनकी कार डिवाइडर से जा टकराई। इस हादसे में कार के एयरबैग खुल गए और कार को काफी नुकसान हुआ। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# भाजपा सरकार में यूपी का सबसे अधिक विकास: बृजेश सिंह

**■ बोले- प्रदेश में पहले आठ एयरपोर्ट थे अब बढ़कर 16 हुए**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में नोएडा के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने एक प्रेस वार्ता आयोजित की। यह प्रेस वार्ता उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में की गई, जिसमें उन्होंने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।




मंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने पिछले नौ वर्षों में व्यापक बदलाव देखा है। उन्होंने इन नौ वर्षों को नव निर्माण के नौ वर्ष बताया।

उन्होंने बताया कि प्रदेश की पच्चीस करोड़ जनता ने इन नौ वर्षों में विकास को प्रत्यक्ष रूप से महसूस किया है। मंत्री ने दावा किया कि जहां 2017 में प्रदेश के नौजवानों के हाथ में तमंचा दिखाई देता था, वहीं आज उनके हाथ में टैबलेट और स्मार्टफोन हैं।

बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि 2017 में प्रदेश में केवल दो एक्सप्रेसवे थे, जबकि अब निर्माणाधीन और संचा. लित मिलाकर 22 एक्सप्रेसवे पर काम हो रहा है। इसी तरह, पहले 8 एयरपोर्ट थे, जो अब बढ़कर 16 हो गए हैं। कई शहरों को मेट्रो से भी जोड़ा गया है।

मंत्री ने दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (रैपिड रेल) का भी जिक्र किया, जो नई दिल्ली से मोदीपुरम तक शुरू हो चुकी है और जिसका हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा लोकार्पण किया गया। उन्होंने बताया कि एशिया का सबसे बड़ा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जब पूरी तरह तैयार होगा, तो यह प्रदेश को एक नई पहचान देगा। इसके पहले चरण का उद्घाटन 28 तारीख को प्रधानमंत्री गौतम बुद्ध नगर में करेंगे।

बृजेश सिंह ने कहा कि जिस प्रदेश को कभी बीमारू राज्यश कहा जाता था, आज वही रिवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि जहां पहले निवेशक आने से कतराते थे, वहीं अब उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा निवेश केंद्र बनकर उभरा है।

इस परिवर्तन का श्रेय मुख्यमंत्री की श्जीरो टॉलरेंसश नीति को देते हुए उन्होंने कहा कि इसके तहत कानून का राज स्थापित हुआ है। आज प्रदेश के बुजुर्ग, किसान, मजदूर, बहनें और नौजवान सभी खुद को सुरक्षित और सशक्त महसूस कर रहे हैं।

## एक नजर

### गैंगस्टर में वांछित सरगना समेत दो गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर बीटा-2 थाने की पुलिस ने गैंगस्टर ऐक्ट में वांछित वाहन चोर गिरोह के सरगना समेत दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान राहुल और उसके साथी अर्जुन के रूप में हुई। राहुल गिरोह का सरगना है। गिरोह में राकेश, रोहित, सुमित और सचिन भी शामिल हैं। पुलिस ने चार महीने पहले गैंग को पकड़ा था। उनके पास से चोरी की 16 बाइक बरामद हुई थीं। पुलिस की टीम फरार बदमाशों की तलाश में जुटी है।

### कुएं में गिरे गोवंश को सुरक्षित निकाला

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर थाना क्षेत्र स्थित ननुआ का राजपुर गांव के पास शुक्रवार को एक गोवंश लगभग 30 फुट गहरे कुएं में गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही दनकौर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों व गौ रक्षकों के साथ मिलकर बचाव अभियान शुरू किया। प्रारंभिक प्रयासों में गोवंश को निकालने के लिए जेसीबी मशीन का उपयोग किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद हाइड्रा मशीन बुलाई गई। कड़ी मशक्कत और घंटों चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद गोवंश को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जिला गोरक्षक प्रमुख त्रिलोक गुर्जर (नवादा) ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के कारण बचाव कार्य में काफी बाधाएं आईं। इसके बावजूद गौ रक्षक पूरी निष्ठा के साथ मौके पर डटे रहे और गोवंश की जान बचाने में सफल रहे। उन्होंने प्राधिकरण पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जंगलों में खुले पड़े कुएं और बोरवेल के गड्ढों को भरने की मांग कई बार की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पूर्व में भी इस तरह की घटनाओं में कई गोवंशों की जान जा चुकी है। गोरक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इन खतरनाक गड्ढों को नहीं भरा गया, तो गौ रक्षक राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान गो. विंद, राहुल नागर, वेद नागर, विपिन गोस्वामी, सोनू बंसल और नितिन सहित कई लोग मौजूद रहे।

### नोएडा प्लाट स्कीम के तहत आए 32 आवेदन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा प्राधिकरण की स्कीम के तहत कुल 32 आवेदन कंपनियों ने किए है। दस्तावेज और ईएमडी जमा की गई। अब बोली लगाई जाएगी। जिस भी कंपनी की बोली ज्यादा होगी उसे जमीन का आवंटन किया जाएगा। इससे प्राधिकरण को राजस्व मिलेगा। साथ ही खाली प्लाटों की दोबारा से स्कीम लांच की जाएगी। प्राधिकरण ने कारपोरेट, होटल और ग्रुप हाउसिंग प्लाट की स्कीम एक महीने पहले लॉन्च की थी। होटल के लिए छह प्लाट निकाले गए थे। ये प्लाट 2000 से 24 हजार वर्ग मीटर तक के है। इसमें पांच प्लाट के लिए आवेदन नहीं आए। जबकि 7500 वर्ग मीटर सेक्टर-105 के लिए दो आवेदन आए है। कामर्शियल बिल्डर प्लाट में 11 प्लाट के सापेक्ष सेक्टर-96, 98 के दो प्लॉट, 108,142 और 135 के लिए 16 आवेदन आए है। वहीं कारपोरेट सेक्टर 10 भूखंड में 1000 वर्ग मीटर के नौ भूखंड के लिए 14 आवेदन आए है। ग्रुप हाउसिंग के सेक्टर-151 में दो भूखंड के लिए चार-पांच भी आवेदन आए है। इन सभी ने ईएमडी और दस्तावेज प्राधिकरण में जमा कर दिए है। ई ऑक्शन के जरिए आवेदन कर्ता को बोली लगानी होगी। जिसके बाद प्लाट का आवंटन किया जाएगा।

### 25 मार्च को सामूहिक विवाह का किया जाएगा आयोजन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिला समाज कल्याण अधिकारी, गौतमबुद्ध नगर ने सर्वसाधारण को बताया कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पात्रता हेतु निर्धारित आय सीमा एवं देय धनरा. शि में वृद्धि करते हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश निर्गत किये गए हैं। नवीन शासनादेश के अनुसार अब योजना के अंतर्गत प्रति जोड़े कुल 01 लाख रुपये व्यय किए जाने का प्रावधान किया गया है, जिसमें 60 हजार रुपये सीधे कन्या के बैंक खाते में हस्तांतरित किए जाएंगे, 25 हजार रुपये मूल्य की वैवाहिक उपहार सामग्री प्रदान की जाएगी तथा 15 हजार रुपये कार्यक्रम आयोजन पर व्यय किए जाएंगे।

# ऑनलाइन गेमिंग में युवक ने 20 लाख गंवाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ऑनलाइन गेम खेलकर मुनाफा कमाने के चक्कर में एक युवक ने 20 लाख रुपए गंवा दिए। युवक बीते 27 महीने से ऑनलाइन गेम खेल रहा था। ठगी की जानकारी होने पर उसने अज्ञात के खिलाफ साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। सूरजपुर निवासी वकील खान ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दी कि उसने जनवरी 2024 में डेमन ऐप ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर खेलना शुरू किया था। शुरुआत में उसे छोटे-छोटे गेम खेलने पर कुछ रुपये जीतने का मौका मिला। इससे उसका भरोसा बढ़ा और वह लगातार ऐप पर रुपये लगाने लगा।

इस ऐप पर करीब 100 से ज्यादा गेम थे। वह इनमें से पांच से सात गेम खेलता था और हर बार रुपये लगाता था। जीतने पर उसके बैंक खाते में कुछ रकम वापस मिल जाती। इसी वजह से उसे लगा कि यह ऐप सही है और यहां रुपये कमाए जा सकते हैं। धीरे-धीरे ऐप के जरिए उसे ज्यादा रकम लगाने के लिए उकसाया जाने लगा। हर बार उसे बड़े इनाम का लालच दिया जाता। वह रुपये जमा करता रहा। वह जब भी थोड़े बहुत रुपये जीतता, तो उसे फिर से गेम में लगाने के लिए कहा जाता।पीड़ित ने बताया कि उसने अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए करीब 20 लाख रुपये इस ऐप में लगा दिए। यह रकम उसने छोटे-छोटे हिस्सों में जमा की थी।

## नोएडा की पहली एडवांस्ड बर्न केयर यूनिट का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-70 स्थित एसआरएस मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में बृहस्पतिवार को आठवें स्थापना दिवस पर नोएडा की पहली एडवांस्ड बर्न केयर यूनिट शुरू हो गई। इससे पहले हवन-पूजा कर आधुनिक यूनिट का उद्घाटन किया। यूनिट की अगुवाई मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रितु सिंह करेंगी। उन्हें बर्न, प्लास्टिक, रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी का अनुभव है। छह बेड की यूनिट में आधुनिक उपकरण हैं। मरीजों को एडवांस्ड सर्जिकल ट्रीटमेंट, रिकंस्ट्रक्टिव प्रक्रियाएं और वाउंड केयर की सुविधा मिलेंगी। उनका मुख्य उद्देश्य गंभीर मरीजों को समय पर सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता का इलाज देना है।

# यीडा बोर्ड के बड़े फैसले: 1 अप्रैल से बढ़ेंगी प्लॉट दरें

## 2026-27 के लिए 11.82 लाख करोड़ का बजट प्रस्ताव पास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की 89वीं बोर्ड बैठक में शुक्रवार को कई अहम फैसलों पर मुहर लगी। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट प्रस्ताव पारित करने के साथ ही विभिन्न श्रेणियों की भूमि आवंटन दरों में औसतन 3.58 प्रतिशत बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई। नई दरें 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगी। बैठक में प्रस्तुत बजट के अनुसार प्राधिकरण ने वर्ष 2026-27 के लिए 11,82,969.19 लाख रुपये की प्राप्तियां और 11,81,101.46 लाख रुपये के व्यय का प्रावधान किया है। अधिकारियों के अनुसार आय का प्रमुख स्रोत भूमि आवंटन, औद्योगिक, संस्थागत और अन्य विकास परियोजनाएं रहेंगी।

प्राधिकरण ने दरों के पुनरीक्षण और ट्रांसपोर्ट लैंड यूज से जुड़े मामलों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित करने का भी निर्णय लिया है। यह समिति अपनी रिपोर्ट आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत करेगी। वहीं, जेवर क्षेत्र में 'ट्रैफिक पार्क कम ट्रेनिंग सेंटर' स्थापित करने को भी मंजूरी दी गई है। यह परियोजना पीपीपी मॉडल पर विकसित की जाएगी, जिसमें लोगों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा।

बैठक में प्राधिकरण क्षेत्र की प्रमुख परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों को आवश्यक संसाधन जुटाने और विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए कहा गया है। बैठक में विभिन्न श्रेणियों की आवंटन दरों में औसतन 3.58 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दी गई। यह नई दरें 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगी। इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट, लैंड यूज और अन्य मदों की दरों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की गई है, जो आगामी बैठक में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

**बजट प्रस्ताव:** प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कुल 11,82,969.19 लाख रुपये की प्राप्तियां प्रस्तावित की हैं, जबकि कुल व्यय 11,81,101.46 लाख रुपये निर्धारित किया गया है। बजट में भूमि आवंटन, औद्योगिक एवं संस्थागत विकास से आय में वृद्धि का अनुमान लगाया गया है।

**अन्य महत्वपूर्ण निर्णय:** बैठक में जापान के सहयोग से विकसित हो रहे 'मेडिकल डिवाइस पार्क' और 'फिल्म सिटी' परियोजनाओं को लेकर भी चर्चा हुई। इन परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि विकास कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे हो सकें।

# धर्म छिपाकर युवती को ब्लैकमेल करने का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेज-3 थाने की पुलिस ने धर्म पहचान छिपाकर शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म और ब्लैकमेल करने के आरोपी को मध्य प्रदेश से शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। केस दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थीं। पुलिस के मुता. बिक आरोपी की पहचान 26 वर्षीय विकास कुमार उर्फ मोहम्मद रमीज के रूप में हुई है, जो मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले का रहने वाला है। निवास स्थान से ही आरोपी को दबोचा गया। पीड़िता ने फेज-3 थाने में 17 मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी ने उससे शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।



इसके बाद आरोपी ने उसका वीडियो बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी देने लगा। आरोपी ने वीडियो के जरिए उसे ब्लैकमेल किया और उसके रुपये और गहने हड़प लिए। इतना ही नहीं, आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी और धर्म परिवर्तन करने के लिए भी दबाव बनाया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की, लेकिन आरोपी फरार हो गया। पुलिस टीम ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की। इसके बाद शुक्रवार को उसे छतरपुर कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस की लापरवाही सामने आई थीइस मामले में लापरवाही सामने आने पर पुलिस विभाग में भी कार्रवाई हुई थी।

शिकायत के बाद समय पर केस दर्ज न करने और सही धाराएं न लगाने को लेकर पुलिस कमिश्नर ने सख्त रुख अपनाया था। उन्होंने फेज-3 थाने के प्रभारी पुनीत सिंह और जांच कर रही महिला दरोगा प्रीति को गुरुवार निलंबित कर दिया था। साथ ही, डीसीपी सेंट्रल नोएडा से स्पष्टीकरण मांगा था। मामले में एसीपी उमेश यादव की भी जांच की जा रही है। इस मामले में पुलिस विभाग के कुछ अन्य पुलिसकर्मियों पर भी आगामी दिनों में कार्रवाई हो सकती है।

**हिंदू संगठनों ने नाराजगी जताई थी:** मामले को लेकर पहले स्थानीय लोगों और हिंदू संगठनों ने थाने पर प्रदर्शन किया था। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला और ज्यादा चर्चा में आ गया था। पुलिस ने बताया कि अब आरोपी के खिलाफ आईटी ऐक्ट और धर्म परिवर्तन से जुड़े कानूनों के तहत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उसने इस तरह की घटना कहीं और तो नहीं की है। पुलिस का कहना है कि पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व कर्मचारी को कंपनी का सामान चोरी करते दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में फाइबर केबल बिछाने वाली कंपनी का लाखों रुपये का सामान चोरी करने वाले पूर्व कर्मचारी को रंगे हाथ पकड़ लिया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को कंपनी प्रतिनिधि की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

कंपनी प्रतिनिधि सतीश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि श्री साई हाईटेक नामक कंपनी फाइबर केबल बिछाने का कार्य करती है। कंपनी के पूर्व कर्मचारी नीरज कुमार, निवासी गांव बागपत को करीब पांच माह पहले नौकरी से निकाल दिया गया था। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते उसने बृहस्पतिवार को गांव मकोड़ा के पास रखे कंपनी के सामान को चोरी करने की योजना बनाई। आरोपी नीरज कुमार ने एक और उसके चालक अंकुलपाल के साथ मिलकर शाम करीब 5 बजे से 7 बजे के बीच चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान कंपनी के कर्मचारी ममित कुमार और सूरज कुमार को शक हुआ। जिन्होंने पीछा कर आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों के पास से करीब 1200 मीटर ओएफसी केबल को बरामद किया है। केबल की कीमत लगभग 80 हजार रुपये है। इसके अलावा आरोपियों के पास से डक्ट रोडर (करीब 28 हजार रुपये), फावड़े और गैती समेत अन्य उपकरण बरामद किए गए है। वहीं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

# मैनेजर और दोस्त पर हमला

**■ कार से घर जाते समय चार युवकों ने रास्ते में रोका, शीशे तोड़े, एफआईआर दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के सलारपुर अंडरपास के पास एक मैनेजर और उनके दोस्त पर डंडों से हमला किया गया। रंजिश के चलते हुए इस हमले में दोनों घायल हो गए और उनकी कार के शीशे भी तोड़ दिए गए। घायलों का एक स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में एक नामजद समेत चार आरोपियों के खिलाफ शुक्रवार को कोतवाली में केस दर्ज किया गया है।

गाजियाबाद के कवि नगर निवासी राजकुमार शर्मा गौड़ यमुना सिटी सोसायटी में जनरल मैनेजर हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार शाम वे छुट्टी के बाद अपने दोस्त अवनी रस्तोगी के साथ कार से घर लौट रहे थे। वे यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड से गुजर रहे थे, तभी दनकौर क्षेत्र के सलारपुर अंडरपास के पास मिर्जापुर गांव निवासी गौरव भाटी और उसके तीन अन्य साथियों ने उनकी कार जबरन रोक ली। आरो. पियों ने दोनों दोस्तों पर डंडों से हमला किया। इस हमले में अवनी रस्तोगी को सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। पीड़ित मैनेजर राज. कुमार शर्मा के अनुसार, आरोपी गौरव उनके साथ ही काम करता है। कुछ दिन पहले किसी बात पर उनका विवाद हो गया था। इसी रंजिश के चलते आरोपी ने उन पर और उनके दोस्त पर हमला किया। कोतवाली प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। फरार आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# पत्नी से विवाद के बाद ट्रक चालक ने खुद को मारी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रिछपाल गढ़ी गांव में बुधवार को ट्रक चालक ने पत्नी से विवाद के बाद खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अस्पताल से मिली सूचना के बाद बिसरख कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। जबकि परिजनों की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है।

जानकारी के अनुसार बुलंदशहर निवासी धीरज कुमार (43) अपने परिवार के साथ रिछपाल गढ़ी गांव में रहते थे। वह एक निजी ट्रांसपोर्ट कंपनी में ट्रक चालक के रूप में कार्यरत थे। बीते बुधवार रात उन्होंने शराब का सेवन किया था। जिसके बाद उनका पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। घरेलू कलह के चलते दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई। घटना वाली रात भी वह घर में रखे अवैध तमंचे को निकालकर साफ कर रहे थे। इसी बीच अचानक उन्होंने तमंचे से खुद को गोली मार ली। गोली चलने की तेज आवाज सुनकर घर में हड़कंप मच गया और आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिजन गोली लगने के बाद धीरज को इलाज के लिए पास के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। मृतक के पास अवैध तमंचा कहां से आया, किसके माध्यम से खरीदा गया। परिवार के सदस्यों से भी पूछताछ की जा रही है। मामले में परिजन की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है।

# दो दिन तक रुक-रुक कर होगी बारिश

## अधिकतम तापमान 21 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री रिकार्ड किया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में दो दिन से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। इससे तापमान में चार से पांच डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। लोगों को ठंड का अहसास हो रहा है। अधिकतम तापमान 21 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री रिकार्ड किया गया। आईएमडी के मुताबिक पहाड़ों पर बर्फबारी के कारण एक पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हुआ है। इसका असर है जिससे नोएडा में बारिश हो रही है।



इसका असर आगामी दो दिनों मक रहेगा। जिससे दो दिन तक रुक-रुक कर बारिश होगी। वहीं वातावरण में नमी की मात्रा 80 प्रतिशत और हवा की रफ्तार करीब 8 किमी प्रतिघंटा है। शनिवार को रविवार को भी बारिश के आसार है। इसके बाद तेज धूप निकलेगी और तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होगी।

बारिश के चलते कई स्थानों पर लोकल फाल्ट हुए जिससे बिजली सप्लाई बाधित हुई। शटडाउन के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं मौसम सुहावना होने से लोगों ने मॉल और नोएडा के घूमने वाले स्थानों की ओर गए। हालांकि सड़कों पर जाम और जल भराव जैसी स्थिति नहीं रही।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# बाउंड्री पर बैठा नजर आया तेंदुआ ग्रामीणों में दहशत, वीडियो वायरल



**मुरादाबाद।** जनपद के ग्रामीण इलाकों में तेंदुए की लगातार दस्तक से दहशत का माहौल बना हुआ है। कभी खेतों में तो कभी पेड़ों पर नजर आ रहा तेंदुआ अब भगतपुर थाना क्षेत्र के गांव रामपुर बलभद्र में एक घर की बाउंड्री पर बैठा दिखाई दिया, जिससे गांव में हड़कंप मच गया।तेंदुए को देखते ही ग्रामीणों ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने तेंदुए का वीडियो भी बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वीडियो सामने आने के बाद आसपास के क्षेत्रों में भी डर का माहौल गहरा गया है।ग्रामीणों के मुताबिक, पिछले कई दिनों से तेंदुआ अलग-अलग स्थानों पर दिखाई दे रहा है, जिससे लोगों में लगातार भय बना हुआ है। हालात ऐसे हैं कि लोग अपने घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। खासकर बच्चे और महिलाएं घरों के अंदर ही रहने को मजबूर हैं, जबकि शाम होते ही गांव में सन्नाटा छा जाता है।ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही तेंदुए को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर नहीं भेजा गया तो किसी भी समय बड़ी घटना हो सकती है। फिलहाल वन विभाग की ओर से ठोस कार्रवाई न होने से लोगों में आक्रोश भी देखने को मिल रहा है।ग्रामीणों ने प्रशासन से इलाके में गश्त बढ़ाने और तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है, ताकि गांव में फैले भय के माहौल को खत्म किया जा सके।

# अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न शनिवार को होगी ईद



**कांठ( शाह टाइम्स )** अलविदा जुमे की नमाज आज शांतिपूर्वक संपन्न हो गई लेकिन बारिश के चलते नमाजिओ को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है बतादे कि आज रमजान के महीने का आखिरी जुम्मा था इसलिए अलविदा जुमे की नमाज आज पढ़ने के लिए लोग भारी संख्या में मस्जिदों की ओर निकले लेकिन बारिश के कारण नमाजियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा जहां मस्जिद ढकी हुई थी वहां तो लोग नमाज पढ़ सके लेकिन जहां मस्जिद खुली थी वहां भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कुल मिलाकर अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्वक और हर्सोउल्लास के साथ संपन्न हो गई शनिवार यानी आज ईद मनाई जाएगी।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल, उपचार जारी

**बिलारी।** क्षेत्र में सड़क हादसे में एक युवक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, निसार अहमद पुत्र सफी अहमद, निवासी रुस्तम नगर सहसपुर, बिलारी से गैस सिलेंडर लेकर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि निसार अहमद सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोग एकत्र हो गए और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायल को अपने संरक्षण में लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा घायल का प्राथमिक उपचार किया गया, जहां उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाने की मांग की है, ताकि इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके।



### ईदुल फित्र: रहमत, शुक्र और इंसानियत का पैगाम

**बिलारी।** रमजानुल मुबारक की मुकम्मल इबादतोंख्ररोजा, तरावीह, तिलावत-ए-कुरआन और ऐतिकाफख्रके बाद मिलने वाली अल्लाह की रहमत, मगफिरत और दोजख से निजात की खुशखघ्बरी के इजहार का दिन है ईदुल फित्र। इसका हुक्म हिजरत के दूसरे साल मदीना मुनव्वरा में नाजिल हुआ। जिस तरह किसी कघैम की आजादी या तालीमी कामयाबी पर जश्न मनाया जाता है, उसी तरह मुसलमान रमजान की बरकतों के हासिल होने पर अल्लाह का शुक्र अदा करते हुए ईद की नमाज अदा करते हैं और खुशियां मनाते हैं। "फित्र" का मतलब फितरत और अता से है। ईदुल फित्र के साथ जुड़ा सदकघ-ए-फित्र इस त्योहार की सामाजिक रूह को बयान करता है। हर साहिब-ए-निसाब मुसलमान पर यह वाजिब है कि वह अपने घर के हर सदस्य की तरफ से फित्रा अदा करे, ताकि गरीब, मिस्कीन, यतीम और बेसहारा लोग भी ईद की खुशियों में बराबर के शरीक हो सकें। यह अमल रोजों में हुई कोताहियों की तदारुक और उनकी कघ्बूलियत का जरिया भी बनता है। ईद का दिन अल्लाह की तरफ से इनाम और आम माफी का दिन बताया गया है। रिवायतों के मुताबिक, इस दिन बंदों पर इतनी रहमतें नाजिल होती हैं कि शैतान मायूस हो उठता है और इंसानों को नेकियों से दूर करने की कोशिश करता है। ऐसे में जरूरत है कि मुसलमान इस मुबा. रक मौके की असल रूह को समझें और इसे महज दुनियावी लुत्फख्र नाच-गाने, फुजूल मशगलों या बेढंगे मेलों-तक महदूद न करें, बल्कि इबादत, शुक्र और नेक अमल के साथ मनाएं। ईदुल फित्र हमें दो अहम पैगाम देती है पहला, अल्लाह के एहसानात पर दिल से शुक्र अदा करना; और दूसरा, समाज के कमजोर तबकघें का खघ्याल रखते हुए भाईचारा, मोहब्बत और मेल-मिलाप को बढ़ावा देना। यह दिन गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे से गले मिलने, रिश्तों को मजबूत करने और इंसा. नियत की बुनियाद को मजबूत करने का मौका है। दरअसल, ईदुल फित्र सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि इबादत की कामयाबी का इजहार और एक बेहतर समाज की तामीर का पैगाम है।



**मुहम्मद उस्मान अजहरी, बिलारी।**

# टीएमयू फिजियोथेरेपी के स्टुडेंट्स ने की साई की एजुकेशनल विजिट

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फिजियोथेरेपी विभाग की ओर से मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी-एमपीटी के 22 स्टुडेंट्स ने नई दिल्ली स्थित स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया- साई के इंदिरा गांधी इंडोर स्डेडियम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का शैक्षिक भ्रमण किया। इस एजुकेशनल विजिट का मुख्य उद्देश्य स्टुडेंट्स को राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रशिक्षण एवम् पुनर्वास व्यवस्था का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना, खेल विज्ञान के फिजियोथेरेपी और एथलीट मैनेजमेंट में अनुप्रयोग की समझ को विकसित करना रहा। विजिट के दौरान हाई परफॉर्मेंस एनालिस्ट डॉ. प्रहलाद प्रियदर्शनी और फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. ज्ञान ने खेल मूल्यांकन, पुनर्वास एवम् प्रदर्शन वृद्धि के क्षेत्र में अपने व्यावसायिक अनुभव साझा किए। इस दौरान चोटों की रोकथाम, वैज्ञानिक प्रशिक्षण सिद्धांत, रिकवरी प्रोटोकॉल और एलीट स्पोर्ट्स में बहु-विषयक टीम के महत्व पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही साइकिलिंग, कुश्ती, जिम्नास्टिक और अन्य इंडोर खेलों से जुड़े खिलाड़ियों के साथ व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया गया, जिससे स्टुडेंट्स को सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक परिस्थितियों से जोड़ने का अवसर मिला। नेशनल सेंटर फॉर स्पोर्ट्स साइंसेज एंड रिसर्च-एनसीएसएसआर के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. बिभु कल्याण नायक, मेडिकल ऑफिसर डॉ. शुभ्रा चटर्जी, एक्सरसाइज फिजियोलॉजिस्ट डॉ. शुभोजीत चटर्जी और स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट डॉ. शत्रुपा चक्रवर्ती ने स्टुडेंट्स को खेल विज्ञान में अंतर-विषयक सहयोग के महत्व से अवगत कराया।बायो मैकेनिकल एनालिस्ट डॉ. अजय पंडित ने बायोमैकेनिक्स विभाग का अवलोकन कराया, जहां उन्नत मोशन एनालिसिस सिस्टम, फोर्स प्लेट्स एवम् गेट एनालिसिस तकनीकों का प्रदर्शन किया गया, जिनका उपयोग मूवमेंट पैटर्न के अध्ययन एवम् चोटों की रोकथाम में किया जाता है। एंथ्रोपोमेट्री विभाग में बॉडी कंपोजीशन एनालिसिस, सोमैटोटाइपिंग एवं प्रतिभा पहचान तथा प्रदर्शन मॉनिटरिंग से संबंधित मापन तकनीकों की जानकारी दी गई, जिसने खिलाड़ी मूल्यांकन एवम् प्रशिक्षण के वैज्ञानिक आधार को स्पष्ट किया। भ्रमण में स्टुडेंट्स ने रेसलिंग एरीना, बास्केटबॉल कोर्ट और साइक्लिंग प्रशिक्षण क्षेत्र का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं एवम् संरचित प्रशिक्षण सत्रों को नजदीक से देखा। सत्र में विद्यार्थियों को एक्सरसाइज फिजियोलॉजी विभाग का भी भ्रमण कराया गया, जहां वी2 मैक्स परीक्षण, सहनशक्ति मूल्यांकन एवं मेटाबोलिक मॉनिटरिंग जैसे आधुनिक प्रदर्शन मूल्यांकन उपकरणों का प्रदर्शन किया गया। इससे स्टुडेंटस को यह समझने में सहायता मिली कि किस प्रकार शारीरिक मानकों का आकलन और मॉनिटरिंग कर खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाया जाता है तथा रिकवरी रणनीतियों को प्रभावी बनाया जाता है। भ्रमण का संयोजन फिजियोथैरेपी की फैकल्टी डॉ. हरीश शर्मा और डॉ. समर्पिता सेना. पति ने किया।




# इस्कॉन द्वारा भगवान कृष्ण बलराम की शोभायात्रा का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय श्री कृष्णा भावनामृत संघ इस्कॉन मुरादाबाद द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान कृष्ण बलराम की शोभायात्रा बड़े ही भव्य तरीके से निकाली जाएगी जिसमें भगवान कृष्ण बलराम जी रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देने के लिए आ रहे हैं उसी को लेकर आज इस्कॉन केंद्र आशियाना पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें संस्था के समस्त पदाधिकारी ने अपनी अपनी सेवाओं को लेकर विस्तार से गहन चर्चा हुई और सभी ने अपनी सेवाओं को लेकर जिम्मेदारी निभाने का प्रण किया शोभायात्रा में चार अलग-अलग रॉक बैंड, आठ सुंदर झांकियां ऊंट घोड़े आदि रहेंगे यात्रा में दिल्ली, गाजियाबाद, पिलखुआ, हापुड़, काशीपुर, रामनगर, बरेली, अफजलगढ़, बिजनौर रामपुर, संभल आदि जगह से भक्त आयेगे इसके साथ साथ विदेशी भक्तो की टीम मे आ रही है रॉक बैंड में के लिए



शोभा यात्रा का शुभारंभ दिनांक 22 मार्च दिन रविवार को दोपहर 11:00 बजे गवर्नमेंट इंटर कॉलेज थाना मुगलपुरा से शुरू होकर मंडी चौक, अमरोहा गेट, टाउन हाल, गुरहट्टी, जैन मंदिर सिविल लाइन,देव विहार से पीएसी, काठ रोड से किला होते हुए स्टेडियम रोड से होते हुए आरएसडी डिग्री कॉलेज पर विश्राम होगी दोनों जगह पर सभी भक्तों के लिए स्वादिष्ट कृष्ण भोजन प्रसाद की व्यवस्था होगी आज की प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्र प्रबंधक श्रीमान उज्जवल सुंदर दास, यूथ प्रभारी अरुण उदय दास, कृष्ण दास, मोहन श्याम प्रभु, सचिनंदन दास, महामुनि दास, राधिका माधव दास, साक्षी गौरंग दास राधा कांत गिरधारी दास( मीडिया प्रभारी ),अचिंत्य कृष्ण दास, आदि भक्त शामिल रहे।

# कलश यात्रा का सचिन चौहान उर्फ बंटी एवं अंजू चौहान ने फीता काट कर कराया शुभारंभ



**कांठ( शाह टाइम्स )** नवरात्रों के उपलक्ष में आज नगर के रामल. ीला मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई जिसका शुभारंभ अंजू चौहान पत्नी सचिन चौहान और सचिन पुत्र विनोद चौहान ने फीता काटकर किया। कलश यात्रा रामलीला मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई अपने गंतव्य पर जाकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में पीहू ने मां दुर्गा कृतिका ने मां सरस्वती और सलोनी ने मां काली का रूप धारण किया। कार्यक्रम के आयोजक बृजबाला देवी जितेंद्र सिंह बम भटक एकता मंच से जित. ेंद्र सिंह देवराज सिंह अरविंद कुमार हिमांशु गणेश कुमार अमित नन्नू अंकित गौरव सारांश नीतू चौहान भावेश शर्मा जसवंती कमला देवी मधु गुप्ता सरोज देवी मधु चौहान रेखा चौहान रमा चौहान पुष्पांजलि हर्षिता पूजा हिमानी आदि रही। शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया लोगों ने शोभायात्रा में पूरी आस्था दिखाई इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

### मानवता की मिसाल बिलारी के तहसीलदार प्रवीण कुमार

**बिलारी।** तहसील में नवागंतुक तहसीलदार प्रवीण कुमार ने कार्यभार संभालते ही जो कदम उठाया, उसने प्रशासनिक सेवा को नई पहचान दी है। पदभार संभालते ही उनका ग्वारखेड़ा स्थित वृद्ध आश्रम पहुंचकर वहां रह रहे वरिष्ठजनों से आत्मीयता के साथ इस प्रकार मिलना जैसे वे उन्हीं के अभिभावक हों इस बात का प्रमाण है कि उनके लिए मानवता पहले है। बुजुर्गों से मिलकर उनकी पीड़ा को महसूस किया और सहानुभूति का मरहम लगाया।



जिससे बुजुर्ग भी कुछ देर के लिए अपनी पीड़ा भूल गए। इसी के साथ तहसीलदार ने गायों को चारा खिलाया यह दृश्य बेजुबानों के प्रति साहअनुभूति भरा था तो समाज को गौ सेवा का संदेश देने वाला भी। वृद्धाश्रम में उन्होंने संस्थापक रोहन देव सामाजिक द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। संस्थापक रोहन देव सामाजिक ने तहसीलदार की इस सकारात्मक सोच और संवेदनशील व्यक्तित्व को नमन करते हुए कहा कि ऐसे अधिकारी समाज के लिए प्रेरणा हैं।

### शांतिभंग की आशंका में दो का चालान

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** पुलिस ने शांति भंग की आशंका में दो लोगों का चालान किया है नगर के घोसीपुरा निवासी नईम पुत्र हाफिजुर रहमान और मुजीबुर रहमान पुत्र हाफिजुर रहमान को पुलिस ने हिरासत में लिया और इनसे शांति भंग की आशंका जताते हुए एसडीएम कोर्ट में इन्हें पेश किया है।



# जुमा अलविदा पर जामा मस्जिद में उमड़ी नमाजियों की भीड़, अकीदत के साथ अदा की गई नमाज



**बिलारी।** मोहम्मद इब्राहिमपुर स्थित जामा मस्जिद में आज रमजान के आखिरी जुमा, यानी जुमा अलविदा की नमाज बड़े ही अकीदत और श्रद्धा के साथ अदा की गई।

इस मौके पर मस्जिद परिसर में सुबह से ही नमाजियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। नमाज अदा करने के लिए क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से लोग बड़ी संख्या में पहुंचे, जिससे मस्जिद के अंदर और बाहर तक नमाजियों की कतारें नजर आईं। जुमा अलविदा के इस पवित्र अवसर पर इमाम साहब ने रमजान के महत्व, रोजे की अहमियत और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से समाज में अमन-चौन, भाईचारा और इंसा. नियत को मजबूत करने की अपील की। साथ ही देश और समाज की तरक्की के लिए विशेष दुआएं भी की गईं। नमाज के दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा के भी उचित इंतजाम किए गए थे, जिससे पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर जुमा अलविदा की मुबा. रकबाद दी और आपसी सौहार्द का परिचय दिया। रमजान के इस आखिरी जुमा का मुस्लिम समाज में विशेष महत्व होता है, जिसे पूरे महीने की इबादत का अहम पड़ाव माना जाता है। इसी के साथ अब ईद-उल-फितर के त्योहार की तैयारियां भी तेज हो गई हैं।

# टीएमयू के छात्रों ने सीखे सुरक्षित ड्राइविंग के गुर



**मुरादाबाद।** यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के रोड सेफ्टी क्लब और होंडा मोटर साइकिल एंड स्कूटर इंडिया मानेसर, गुडगांव-हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिनी सड़क सुरक्षा जागरूकता कैंप का आयोजन हुआ। इस दौरान स्टुडेंट्स को सुरक्षित वाहन चलाने, नियंत्रित गति, सावधानीपूर्ण ड्राइविंग और दुर्घटना से बचाव के वैज्ञानिक तरीकों की विस्तार से जानकारी दी गई। यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न संकायों के 750 से अधिक स्टुडेंट्स ने सक्रिय भागीदारी की। फैकल्टी ऑफ एजुकेशन, कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज और कॉलेज ऑफ नर्सिंग के स्टुडेंट्स के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान सेफ्टी राइडिंग के सेंट्रल मैनेजर राकेश कुमार वत्स ने संवादात्मक तरीके से स्टुडेंट्स को सुरक्षित वाहन संचालन के सिद्धांतों से अवगत कराया। उन्होंने सही राइडिंग स्थिति, शरीर के संत. ुलन, आंख, हाथ, कोहनी, घुटनों और कंधों की सही स्थिति का महत्व समझाते हुए कहा, वाहन चलाते समय सजगता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। साथ ही ब्रेक, टायर और ईंधन की पूर्व जांच को आवश्यक बताया। सत्र के दौरान प्रस्तुत आंकड़ों ने स्टुडेंट्स पर गहरा प्रभाव छोड़ा। उन्होंने बताया कि 32 किलोमीटर प्रति घंटा की गति पर दुर्घटना में बचाव की संभावना लगभग 97 प्रतिशत रहती है, जबकि 64 किलोमीटर प्रति घंटा की गति पर यह घटकर मात्र 20 प्रतिशत रह जाती है। उन्होंने सुरक्षित वाहन संचालन के लिए कम से कम तीन सेकंड का अंतराल बनाए रखने पर विशेष बल दिया, ताकि अचानक परिस्थितियों में वाहन पर नियंत्रण बनाए रखा जा सके। उन्होंने ओवरटेक करते समय विशेष सावधानी बरतने और ओवर द शोल्डर नियम अपनाने पर जोर दिया। साथ ही अंधेरे में सामने से आने वाली तेज रोशनी से अप्रभावित रहकर ड्राइविंग करने के सुझाव दिए। उल्लेखनीय है, होंडा मोटर साइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सेफ्टी राइडिंग के सेंट्रल मैनेजर राकेश कुमार वत्स और टीएमयू के सहायक डीन छात्र कल्याण डॉ. रत्नेश कुमार जैन ने संयुक्त रूप से कैंप का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र में स्टुडेंट्स ने हेलमेट, अधिक गति, सड़क संकेतों और आपातकालीन प्रतिक्रिया से जुड़े प्रश्न पूछे। उत्कृष्ट उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार भी प्रदान किए गए। संच. ालन डॉ. रणजीत सिंह ने किया।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि "फर्म मैसर्स चौधरी कॉन्ट्रेक्टर, ग्राम मिर्जापुर डूंगर तहसील हसनपुर जिला अमरोहा (उत्तर प्रदेश) नामक फर्म में दिनांक 20-03-2026 को पार्टनर्स (1) श्री अंकित चौधरी पुत्र श्री चमन सिंह निवासी ग्राम चक रूस्तमपुर तहसील व जिला अमरोहा (2) श्री वीरेन्द्र चाहल पुत्र श्री सन्तरपाल सिंह निवासी ग्राम नरैना कलां तहसील व जिला अमरोहा (3) श्री विपिन कुमार पुत्र श्री खेमपाल सिंह निवासी ग्राम सिकन्दरपुर तहसील व जिला अमरोहा ने उपरोक्त फर्म से त्याग पत्र देकर अपनी साझीदारी समाप्त कर ली है तथा श्री सरजू चौधरी पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम फतेहपुर सराय तहसील व जिला सम्भल उपरोक्त फर्म में सम्मिलित हो गये हैं। उक्त फर्म में अब वर्तमान में दो पार्टनर (1) श्री नरेन्द्र सिंह पुत्र श्री अतर सिंह निवासी ग्राम मिर्जापुर डूंगर तहसील हसनपुर जिला अमरोहा (2) श्री सरजू चौधरी पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम फतेहपुर सराय तहसील व जिला सम्भल हैं।"

**नरेन्द्र सिंह ( पार्टनर )।**

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि "फर्म मैसर्स धारीवाल एण्ड अदर्स, ग्राम मालीपुर पो० ऊमरी सब्जीपुर जिला मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) नामक फर्म में दिनांक 25.02.2026 को पार्टनर्स (1) श्री नरेन्द्र सिंह उर्फ बॉबी पुत्र श्री महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम बहादुरपुर राजपूत पो० यूसुफपुर नगलिया तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद (2) श्री शीशपाल सिंह पुत्र श्री फूल सिंह निवासी 2जी, शाहपुर तिगरी आंशिक, शाहपुर तिगरी, मुरादाबाद ने उपरोक्त फर्म से त्याग पत्र देकर अपनी साझीदारी समाप्त कर ली है तथा श्री जितेन्द्र सिंह पुत्र श्री वेदपाल सिंह निवासी ग्राम किशनपुर जिला मुरादाबाद उपरोक्त फर्म में सम्मिलित हो गये हैं। उक्त फर्म में अब वर्तमान में दो पार्टनर (1) श्री अनुराग धारीवाल पुत्र श्री मित्रपाल सिंह निवासी ग्राम मालीपुर पो० ऊमरी सब्जीपुर जिला मुरादाबाद (2) श्री जितेन्द्र सिंह पुत्र श्री वेदपाल सिंह निवासी ग्राम किशनपुर जिला मुरादाबाद हैं।"

**अनुराग धारीवाल**
**पार्टनर**

# फर्जी दस्तावेजों के सहारे पुलिस भर्ती का आरोप, अब सीओ जांच में खुलेंगे राज!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिले के किठौर थाना क्षेत्र से पुलिस भर्ती में बड़े फर्जीवाड़े की गूंज उठी है। गांव फतेहपुर नारायण का एक मामला सामने आया है, जिसमें आरोप है कि एक युवक ने जालसाजी के जरिए उत्तर प्रदेश पुलिस में नौकरी हासिल कर ली। मामला खुलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और जांच सीओ (पुलिस उपाधीक्षक) को सौंप दी गई है। शिकायतकर्ता ने उच्च अधिकारियों को दिए प्रार्थना पत्र में दावा किया है कि आरोपी युवक ने अपने माता-पिता के साथ मिलकर शैक्षिक प्रमाणपत्रों में हेरफेर की। आरोप है कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के दस्तावेजों में जन्मतिथि और अभिभावकों के नाम तक बदल दिए गए, ताकि भर्ती प्रक्रिया में फायदा मिल सके।

बताया जा रहा है कि युवक ने वर्ष 2023 की पुलिस भर्ती में आवेदन कर चयन भी हासिल कर लिया और वर्तमान में बरेली में ट्रेनिंग पर तैनात है। शिकायत में अभ्यर्थी के रोल नंबर, रजिस्ट्रेशन नंबर समेत तमाम साक्ष्य भी सौंपे गए हैं, जिससे मामला और गंभीर हो गया है। मामले के सामने आते ही अधिकारियों ने तुरंत संज्ञान लिया और जांच सीओ स्तर के अधिकारी को सौंप दी। अब पूरे प्रकरण की गहन छानबीन की जा रही है, जिसमें दस्तावेजों की सत्यता और भर्ती प्रक्रिया में संभावित मिलीभगत की भी जांच होगी। इधर, गांव और आसपास के इलाकों में इस मामले को लेकर चर्चाएं तेज हैं। लोग सवाल उठा रहे हैं कि अगर आरोप सही निकले तो भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर बड़ा सवाल खड़ा हो सकता है। अब सबकी नजरें सीओ की जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, यह मामला सिर्फ एक युवक तक सीमित नहीं, बल्कि भर्ती सिस्टम की साख से भी जुड़ा हुआ माना जा रहा है।




# नशा मुक्त भारत और नागरिक कर्तव्य विषय पर सुभारती विश्वविद्यालय में हुआ प्रेरक व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस एवं कला और सामाजिक विज्ञान संकाय के भाषा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 'नशा मुक्त भारत और नागरिक कर्तव्य' विषय पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ललित कला संकाय स्थित सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश पुलिस के आईजी (सीआईडी) डॉ. अखिलेश कुमार निगम उपस्थित रहे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मेरठ जोन की एसपी (सीआईडी) अलका सिंह ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। अतिथियों का स्वागत विश्वविद्यालय की सीईओ प्रो. (डॉ.) शल्या राज एवं कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत विज्ञान संकाय के डीन प्रो. आर.के. जैन के स्वागत संबोधन से हुई। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि अलका सिंह ने छात्रों को जागरूक रहने और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं को कानून के दायरे में रहकर सुरक्षित एवं सफल भविष्य बनाने का संदेश दिया। मुख्य वक्ता डॉ. अखिलेश कुमार निगम ने सरल एवं प्रभावी भाषा में छात्रों को नशे




और अपराध से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने समाज के प्रति नागरिक कर्तव्यों को समझने और एक जिम्मेदार नागरिक बनने पर विशेष बल दिया।

कार्यक्रम का समापन भाषा विभाग की अध्यक्षा एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सीमा शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# विकास भवन सभागार में डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई व्यापार बंधु की मासिक समीक्षा बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। व्यापार बन्धु बैठक का संयोजन जितेन्द्र कुमार रमन, उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर मेरठ द्वारा कराया गया। उक्त बैठक में व्यापार बन्धु से सम्बन्धित कुल 25 समस्याएं शामिल थी। जिसमे से 05 समस्याओं का निस्तारण व्यापारी हित में कराया गया तथा लम्बित समस्याओं के सम्बन्ध में नगर निगम के अधिकारियों/नगर स्वास्थ्य अधिकारी व अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को सम्बंधित व्यापार मंडल को साथ लेते हुए संयुक्त रूप से भ्रमण करते हुए फोटो सहित समस्याओं के समाधान हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, सहायक नगर आयुक्त एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम मेरठ, एसपी ट्रैफिक, मेरठ, यातायात निरीक्षक, मेरठ, ई.ई. आवास विकास परिषद, मेरठ, जिला सूचना अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग, मेरठ, उपाध्यक्ष मेरठ विकास प्राधिकरण, अधिशासी अभियंता आवास विकास परिषद, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आदि विभागों के अधिकारी एवं बैठक में विभिन्न व्यापार बन्धु एवं व्यापार मण्डल के विभिन्न पदाधिकारीगण आदि उपस्थित रहें।

# सुभारती विवि में पांच दिवसीय स्काउट एवं गाइड शिविर का शुभारंभ, विद्यार्थियों में नेतृत्व व अनुशासन पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के शिक्षा संकाय अंतर्गत शिक्षा विभाग द्वारा हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के सहयोग से बी.एल.एड. 8वें सेमेस्टर एवं बी.एड. 4 वें सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए पांच दिवसीय स्काउट एवं गाइड शिविर का भव्य शुभारंभ किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीमवर्क तथा सामाजिक सेवा की भावना का विकास करना है, ताकि भावी शिक्षक व्यावहारिक अनुभव के साथ समग्र व्यक्तित्व का निर्माण कर सकें। उद्घाटन समारोह की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) संदीप कुमार ने स्काउट्स एवं गाइड्स की गतिविधियों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया।

शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अनोज राज ने अपने संबोधन में स्काउट एवं गाइड आंदोलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, जिम्मेदारी, सहयोग एवं कर्तव्यनिष्ठा का



विकास करती हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं को शिविर की सभी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उद्घाटन सत्र में डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी ने भी विद्यार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए स्काउटिंग एवं गाइडिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। यह शिविर डॉ. रागिनी श्रीवास्तव एवं वैशाली सैनी के समन्वयन में आयोजित किया जा रहा है, जिनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए स्काउटिंग एवं गाइडिंग के व्यावहारिक पहलुओं को सीखने में गहरी रुचि दिखाई।

शिविर के पहले दिन स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षक श्री अभिषेक माथुर ने प्रतिभागियों को स्काउट एवं गाइड आंदोलन के मूल सिद्धांतों एवं उद्देश्यों से अवगत कराया। उन्होंने टीमवर्क, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के महत्व को समझाते हुए विभिन्न प्रकार के क्लैप स्काउट क्लैप, वेलकम क्लैप एवं थैंक यू क्लैप का प्रदर्शन किया। बेहतर समन्वय के लिए विद्यार्थियों को पंजाब, हरियाणा एवं गुजरात समूहों में विभाजित किया गया तथा प्रत्येक समूह को एक लीडर सौंपा गया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को सामाजिक जागरूकता विषयों पर चार्ट तैयार कर प्रस्तुति देने का कार्य भी दिया गया, जिससे उनके आत्मविश्वास एवं संचार कौशल का विकास हो सके। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को दैनिक गतिविधियों का रिकॉर्ड तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। प्रथम दिवस अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं सहभागितापूर्ण रहा, जिसने आगामी सत्रों के लिए मजबूत आधार तैयार किया। कार्यक्रम का समापन डॉ. रूबी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने सभी शिक्षकों, समन्वयकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। यह शिविर प्रतिभागियों के लिए एक समृद्ध एवं उपयोगी शिक्षण अनुभव सिद्ध होने की अपेक्षा है।

**मवाना में पत्रकार के साथ हुई मारपीट का मामला**

# ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन ने की आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मवाना में एमडीए के कर्मचारियों द्वारा पत्रकारों के साथ हुए दुर्व्यवहार व मारपीट की ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन संगठन निंदा करता है। वहीं मवाना के पत्रकारों के साथ हर कदम पर साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया।

बता दें कि मवाना में एमडीए द्वारा की गई कार्रवाई की कवरेज कर रहे पत्रकारों के साथ एमडीए के कर्मचारियों ने दुर्व्यवहार करते हुए मारपीट की थी जिससे पत्रकारो में भारी रोष है। इसे लेकर मवाना के पत्रकारों ने गुरुवार व शुक्रवार को मवाना थाने में आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी मगर कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसी मामले को लेकर ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारियों की एक ऑनलाइन मीटिंग हुई जिसमें निंदा करते हुए कार्यवाही की मांग की गई। इस मौके पर कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेंद्र त्यागी ने कहा कि ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन हर स्तर पर पत्रकारों के साथ है, इसके लिए मेरठ या लखनऊ तक भी धरना देना पड़ा तो साथ रहेंगे। राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी ने कहा कि सरकारी कर्मचारी लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का अपमान कर रहे हैं जो निंदनीय है। प्रदेश महामंत्री शाहवेज खान व जिला अध्यक्ष संजीव तोमर ने भी आलोचना करते हुए कार्यवाही की मांग है। इस मौके पर राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्रीकांत अस्थाना, राष्ट्रीय सचिव अशोक सोम, राष्ट्रीय एडवाइजर मनोज कश्यप, लीगल एडवाइजर दीपक अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामबाबू दुबे, प्रदेश सचिव उस्मान अली, क्षेत्रीय अध्यक्ष यशपाल सिंह, जिला महामंत्री लियाकत मंसूरी, मुमताज अली, विवेक त्यागी, पंकज शर्मा, रामकिशन, सहित अनेक साथियों ने निंदा करते हुए समर्थन देने की बात कही है। वहीं इस मामले में मवाना तहसील अध्यक्ष अजय ठाकुर व तहसील प्रभारी रजनीश विश्वकर्मा अपने दर्जनों साथियों के साथ धरने पर मौजूद हैं।

# आत्मनिर्भर भारत तभी संभव जब नागरिक स्वस्थ हों: राष्ट्रपति



**वृंदावन।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार को नगर के मथुरा मार्ग स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल पहुंचीं। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम के सचिव सुप्रकाश आनंद एवं सह सचिव कालीकृष्णानंद ने बुके देकर राष्ट्रपति का स्वागत किया।

इसके बाद राष्ट्रपति ने ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का लोकार्पण किया।रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के नंद किशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत तभी संभव है, जब उसके नागरिक स्वस्थ हों। उन्होंने कहा कि आज कैंसर स्वास्थ्य से जुड़ी सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है। इस बीमारी का समय पर पता चलना और उच्च–स्तरीय इलाज मरीज की जान बचाने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। लेकिन, कुछ परिवारों के लिए ऐसा लगता है कि उनकी आर्थिक परिस्थितियों के कारण, इस बीमारी का इलाज करवाना असंभव है।इसके बाद राष्ट्रपति वृंदावन स्थित नीव करौरी बाबा आश्रम पहुंचीं। राष्ट्रपति का आश्रम में आगमन देवी मंदिर की ओर से हुआ, जहां पर उनका स्वागत राधाकृष्ण पाठक, देवेन्द्र कुमार शर्मा और सेवानिवृत्त ग्रुप कैप्टन संदीप भटेले ने किया। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने हनुमान मंदिर के दर्शन किए। राष्ट्रपति ने मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना की। हनुमान मंदिर की परिक्रमा लगाई। हनुमान मंदिर पर रामरूप पुजारी एवं टीसी शर्मा ने पूजा संपन्न कराई।हनुमान मंदिर के दर्शन के बाद राष्ट्रपति ने नींव करौरी बाबा की समाधि स्थल व मंदिर के दर्शन किए। समाधि स्थल में उन्होंने पूजा की तथा समाधि स्थल की परिक्रमा लगाई। राष्ट्रपति को समाधि स्थल पर अभिषेक पुजारी एवं नरेंद्र मोहन अग्रवाल ने प्रसाद, पटुका, नींव करौरी बाबा का फोटो एवं कम्बल भेंट किया। राष्ट्रपति ने महाराज की कुटिया के दर्शन किए। आश्रम स्थित संग्रहालय का भ्रमण किया। उन्होंने संपूर्ण संग्रहालय का बारीकी से अवलोकन किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी एवं प्रभारी मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा विभाग संदीप सिंह उपस्थित रहे।इंसेटकृसंत प्रेमानंद महाराज से की भेंट, आध्यात्मिक संवाद कर लिया आशीर्वादराष्ट्रपति मुर्मू ने संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचकर उनसे आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की। संत महाराज ने उन्हें ब्रज की भक्ति परंपरा, यमुना संरक्षण और समाज सेवा से जुड़े कार्यों की जानकारी दी। राष्ट्रपति ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संत समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।भेंट के दौरान संत प्रेमानंद महाराज ने राष्ट्रपति को आशीर्वाद स्वरूप प्रसाद एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। वहीं राष्ट्रपति ने भी देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में संतों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

# 48 घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का भंडाफोड़

## एजेंसी संचालक व मैनेजर पर मुकदमा दर्ज

**किठौर।** तहसील मवाना क्षेत्र के ग्राम ललियाना स्थित मैसर्स आलम इंडेन ग्रामीण वितरक एजेंसी में घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का बड़ा मामला उजागर हुआ है। प्रशासन को मिली सूचना के आधार पर की गई जांच में अनियमितताएं सामने आने के बाद संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पूर्ति निरीक्षक अजय कुमार द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना किठौर में एजेंसी के प्रोपराइटर (स्वामी) और मैनेजर मुजीबुर रहमान के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3ध्7 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि एजेंसी से 48 भरे हुए घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध रूप से बिक्री की जा रही थी, जो कि स्पष्ट रूप से कालाबाजारी की श्रेणी में आता है। सूचना मिलते ही संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन हरकत में आया और मौके पर जांच की गई। जांच के दौरान सिलेंडरों के वितरण और स्टॉक में गड़बड़ी पाई गई, जिससे कालाबाजारी की पुष्टि हुई। इसके बाद तुरंत कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है, ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा सके। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि कालाबाजारी कब से और किस स्तर पर की जा रही थी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई से आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी और गैस सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी इस प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें।

# रोजेदारों ने जुमे की अलविदा की नमाज की अदा

**मथुरा।** शहर में रमजान के पाक महीने के अंतिम शुक्रवार को अकीदत और शांति के साथ 'अलविदा जुमे की नमाज' अदा की गई। ईदगाह मस्जिद सहित शहर की प्रमुख मस्जिदों में भारी भीड़ उमड़ी, जहाँ रोजेदारों ने मुल्क में अमन–चौन और भाईचारे के लिए दुआएं मांगी। प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर कड़ी चौकसी बरती। जुआ अलविदा की नमाज के लिए शुक्रवार की सुबह से ही पुलिस बल तैनात किया गया था। शाही जामा मस्जिद पर पीएसी के साथ ही पुलिस फोर्स तैनात किया गया था। चौक बाजार मस्जिद में दोपहर को नमाजियों की संख्या ज्यादा होने के कारण पूरी मस्जिद भर गई। रोजेदारों ने सीढिध्यों पर बैठकर भी नमाज अदा की। जगह कम पड़ने पर चौक बाजार में नमाज अदा करने के लिए नमाजी पहुंचे तो पुलिस प्रशासन ने उन्हें रोक दिया।

# संस्कृति स्पोर्ट्स फिएस्टा 2026 का चैंपियन बना विधयांचल हाउस

**मथुरा।** संस्कृति विश्व विद्यालय के तीन दिवसीय स्पोर्स्ट्स फिएस्टा 2026 की चौंपियनशिप ट्राफी पर विध्यांचल हाउस ने कब्जा किया। विध्यांचल हाउस के खिलाड़ियों ने कुल 17 स्वर्ण पदक जीते। वहीं रनर अप ट्राफी शिवालिक हाउस ने जीती। शिवालिक हाउस के खिलाड़ियों ने आठ स्वर्ण पदक जीते। इस पुरुस्कार वितरण समारोह के विशिष्ठ अतिथि एशियन गेम्स में शूटिंग में रजत पदक जीतने वाले शार्दुल विहान विशेष आकर्षण का केंद्र बने। उन्होंने इस मौके पर विद्यार्थियों को लगातार प्रयास करते रहने का मूल मंत्र दिया।शार्दूल विहान ने अपनी सफलता की कहानी बताते हुए कहा कि वे असफलता के आगे झुके नहीं और लगातार प्रयास करते रहे। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता, पिता और शिक्षकों को दिया। उन्होंने संस्कृति स्पोर्ट्स फिएस्टा 2026 के दौरान हुए खेलों में विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि आप लगातार प्रयास करते रहेंगे तो एक दिन अपने खेल में देश का प्रतिनिधित्व भी कर पाएंगे। इस मौके पर उनके माता,पिता और परिवार के अन्य सदस्यों की मौजूदगी माहौल को और गरिमामय बना दिया। शार्दूल विहान को संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता, की सीईओ डा. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा और कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी द्वारा सम्मानित किया गया।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने कहा कि संस्कृति विवि में हर विद्यार्थी को अपनी खेल क्षमता को प्रदर्शित करने का मौका साल में एक बार आता है। इस स्पोर्ट्स फिएस्टा में खेलों में रुचि रखने वाले हर विद्यार्थी को भाग लेना चाहिए। जिन बच्चों ने इस बार खेलों में भाग लिया वे भले ही हारे या जीते सभी बधाई के पात्र हैं। हारना बुरा नहीं, हार कर प्रयास छोड़ देना गलत है। लगातार प्रयास करते रहें तो एक दिन जीत हासिल हो ही जाती है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपना जज्बा हमेशा कायम रखिए, यही आपको जीत दिलाता है। समारोह के दौरान स्पोर्ट्स फिएस्टा 2026 के आयोजन से जुड़े हुए आर्गेनाइजर डा. फहीम अख्तर, विवेक श्रीवास्तव, डा. दुर्गेश वाधवा, मयंक यादव, पंकज सारस्वत, कृष्ण राज सिंह, डा. गरिमा गोस्वामी, राहुल, राज. कुमार, स्टूडेंट स्पोर्ट्स क्लब के प्रेसीडेंट प्रतीक चौधरी बीबीए, वाइस प्रेसीडेंट तुषार, सचिव जाह्नवी मिश्रा, अदिति गोएनका को भी उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। पुरुस्कार वितरण समारोह का संचालन संस्कृति होटल मैनेजमेंट की असिस्टेंट प्रो. शुभांगी सक्सैना ने किया। ऑफ लाइन फिल्म का प्रमोशनस्पोर्ट्स फिएस्टा 2026 के पुरुस्कार वितरण समारोह के दौरान हुआ 'ऑफ लाइन' फिल्म के प्रमोशनल कार्यक्रम ने समारोह में चार चांद लगा दिए। मंच पर आई आफ लाइन फिल्म की टीम में प्रोड्यूसर मजहर खान, क्राइम पेट्रोल के ख्यातिप्राप्त कलाकार गुलशन पांडे, मुख्य कलाकार जावेद अली खान, अभिनेत्री तनु राना ने अपने ठुमकों से विद्यार्थियों में जोश भर दिया। कलाकार गुलशन पांडे ने कहा कि खेल जिंदगी जीना सिखाते हैं। उन्होंने बताया कि ज्वलंत समस्या पर आधारित यह फिल्म बहुत ही रोचक और सबक देने वाली है। उन्होंने बताया कि यह फिल्म राजस्थान की पृष्ठभूम पर बनाई गई उन महिलाओं, युवतियों को सचेत करती है कि कभी भी किसी टैक्सी में बिना आनलाइन बुकिंग कराए न बैठें। भारत में अनेक घटनाएं ऐसी टैक्सियों में महिलाओं के साथ हो चुकी हैं, जिन्हें राह चलते सीधे बुक किया गया। फिल्म के मुख्य कलाकार जावेद और अभिनेत्री तनु राना ने विद्यार्थियों की मांग पर गानों पर जमकर नृत्य किया। इन सभी कलाकारों को विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता, सीईओ डा. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी, प्रति कुलपति प्रो. रघुराम आदि रहे।

# डुवासु, मथुरा में विश्व गौरैया दिवस मनाया गया

**मथुरा।** विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर द स्पैरो क्लब दृ डुवासु मथुरा द्वारा एक विचारपूर्ण एवं प्रभावशाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पक्षी संरक्षण और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के महत्व को रेखांकित किया गया। यह पहल जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा संचालित थी, जो उनकी पारिस्थितिक जागरूकता और सकारात्मक कार्यभावना को दर्शाती है।

द स्पैरो क्लब एक नवीन छात्र–नेतृत्व पहल है, जिसकी स्थापना मात्र तीन माह पूर्व एक स्पष्ट और सार्थक उद्देश्य के साथ की गई थी। इस विचार की शुरुआत दिसंबर 2025 में हुई, जब माननीय कुलपति डॉ. अभिजित मित्र एवं उस समय के जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर. पी. पांडेय ने विद्यार्थियों को परिसर की जैव विविधता में मौजूद कमियों को दूर करने हेतु एक केंद्रित संरक्षण पहल शुरू करने के लिए प्रेरित किया। यद्यपि डुवासु परिसर विविध जैव विविधता से समृद्ध हैकृजहाँ अनेक प्रकार के वृक्ष, पक्षी एवं स्तनधारी पाए जाते हैं, और मोर, बब्बलर, इंडियन रोलर तथा ग्रे हॉर्नबिल जैसे पक्षी नियमित रूप से देखे जाते हैंकृ फिर भी गौरैया की स्पष्ट अनुपस्थिति ने विद्यार्थियों को चिंतित किया। इसी प्रेरणा से विद्यार्थियों ने गौरैया की पुनर्स्थापना और संरक्षण के उद्देश्य से स्पैरो क्लब का गठन किया। प्रभागीय वन कार्यालय, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (ठछभ्) तथा पक्षी संरक्षण में सक्रिय अन्य संस्थाओं से व्यापक परामर्श के पश्चात क्लब ने विश्व गौरैया दिवस को जागरूकता एवं क्रियात्मक पहल के रूप में मनाने का निर्णय लिया। कार्यक्रम से पूर्व के सप्ताहों में विद्यार्थियों ने परिसर में अनेक नेस्ट बॉक्स, फीडर एवं जल पात्र स्थापित किए, ताकि गौरैया के लिए अनुकूल आवास तैयार किया जा सके। कार्यक्रम का आयोजन माननीय कुलपति डॉ. अभिजित मित्र की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि शैलजाकांत मिश्र, उपाध्यक्ष, ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने अपने संबोधन में कहा कि गौरैया संरक्षण समाज की साझा जिम्मेदारी है और इसके लिए सक्रिय जनभागीदारी आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि वेंकट श्रीकर पटेल, प्रभागीय वन संरक्षक, मथुरा ने वन विभाग द्वारा पक्षी संरक्षण हेतु किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला तथा जैव विविधता संरक्षण को सुदृढ़ करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में फलदार वृक्षों के रोपण पर विशेष बल दिया जाएगा, जो गौरैया सहित अन्य पक्षियों को भोजन उपलब्ध कराने के साथ–साथ प्राकृतिक बीज प्रसार में भी सहायक होते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने गौरैया संरक्षण के महत्व तथा जैव विविधता संरक्षण में समुदाय की भूमिका जैसे विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं। विश्वविद्यालय के "चिरैया दृ द स्पैरो क्लब" द्वारा निर्मित एक लघु वृत्तचित्र भी प्रदर्शित किया गया।

## गर्दिश में सितारे

# जैक एडवर्ड्स आईपीएल-2026 से बाहर



● **जैक एडवर्ड्स को नीलामी में एसआरएच ने 3 करोड़ रुपये में खरीदा था**


**हैदराबाद, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स पैर की चोट के कारण आईपीएल 2026 से बाहर हो गए हैं।

25 वर्षीय एडवर्ड्स को नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने 3 करोड़ रुपये में खरीदा था। इस सीजन में वह अपना आईपीएल डेब्यू कर सकते थे, जिसके लिए उन्हें अब इंतजार करना होगा। वह 2025 की नीलामी में साइन किए जाने वाले इकलौते अनकैप्ड विदेशी खिलाड़ी थे। एडवर्ड्स का बीबीएल 2025-26 सीजन काफी अच्छा रहा था, जिसमें उन्होंने सिडनी सिक्सर्स के लिए 13 मैचों में 19 विकेट लिए थे और 133 रन भी बनाए थे। उन्होंने सिक्सर्स के बीबीएल फाइनल में पर्थ स्कॉर्चर्स से हारने के चार दिन बाद पर्थ में पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 में अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू किया, लेकिन यह प्रदर्शन यादगार नहीं रहा। उन्होंने दो ओवर में 25 रन देकर कोई विकेट नहीं लिया और छह गेंदों में सिर्फ 5 रन बना पाए। तब से उन्होंने अपनी राज्य की टीम न्यू साउथ वेल्स के लिए दो शेफील्ड शील्ड मैच खेले हैं, जिनमें से आखिरी मैच गुरुवार को ही समाप्त हुआ। यह एसआरएच के लिए एक और बड़ा झटका है।

## हेजलवुड, स्टार्क और नेथन पर भी संशय

### सीए आगामी व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर को ध्यान में रखते हुए अपने प्रमुख बॉलरों के वर्कलोड को मॉनिटर कर रही है







**चेन्नई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड के अपनी टीमों के शुरुआती आईपीएल मैचों के लिए उपलब्ध रहने की संभावना कम है, क्योंकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) आगामी व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर को ध्यान में रखते हुए अपने प्रमुख तेज गेंदबाजों के वर्कलोड को मॉनिटर कर रही है।

इसका मतलब है कि स्टार्क (दिल्ली कैपिटल्स) और हेजलवुड (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) उन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं, जो आगामी आईपीएल सीजन के कुछ हिस्से या पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। पैट कमिंस पहले ही सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती मैचों से बाहर हो चुके हैं, जबकि जैक एडवर्ड्स (सनराइजर्स हैदराबाद) भी शुक्रवार को पूरी तरह से टूर्नामेंट से बाहर हो गए। नेथन एलिस (चेन्नई सुपर किंग्स) के भी हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर होने की प्रबल संभावना है।

कमिंस ने ऑस्ट्रेलियाई समर में सिर्फ एक टेस्ट खेला था। दिसम्बर में खेला गया तीसरा एशेज टेस्ट, जुलाई 2025 के बाद उनका एकमात्र मैच था। उन्होंने इस टेस्ट मैच से पहले और बाद में अपनी पीठ की स्ट्रेस चोट को मैनेज किया। वहीं, हेजलवुड हैमस्ट्रिंग समस्या के कारण पूरी एशेज सीरीज से बाहर रहे। हेजलवुड ने पिछले साल घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका और भारत के खिलाफ सीमित ओवर के कुछ मैच खेले थे, साथ ही नवम्बर में एक शेफील्ड शील्ड मैच में भी हिस्सा लिया था। लेकिन पिछले कई महीनों में वह ज्यादातर समय बाहर ही रहे हैं। स्टार्क एशेज में ऑस्ट्रेलिया के मुख्य गेंदबाज रहे। उन्होंने सभी पांच टेस्ट खेले और 31 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जीता था। वह सीजन के अंत में बीबीएल में भी खेले थे। स्टार्क टी-20 से संन्यास ले चुके हैं, इसलिए वह फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में हुए टी-20 विश्व कप के लिए उपलब्ध नहीं थे, जहां ऑस्ट्रेलिया पहले राउंड में ही बाहर हो गया। कमिंस और हेजलवुड भी उस टूर्नामेंट में नहीं खेले थे।

## फर्ग्यूसन आईपीएल के शुरुआती हिस्से से बाहर रहेंगे



● **लॉकी फर्ग्यूसन जो हाल ही में पिता बने हैं, अपने परिवार को प्राथमिकता देंगे**

**ऑकलैंड, वार्ता।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन आईपीएल 2026 के शुरुआती चरणों में पंजाब किंग्स के लिए नहीं खेल पाएंगे। फर्ग्यूसन, जो हाल ही में पिता बने हैं, टूर्नामेंट के दूसरे हाफ में पंजाब किंग्स से जुड़ने और सर्दियों के दौरों के लिए 'ब्लैक कैप्स' (न्यूजीलैंड टीम) के साथ खेलने से पहले अपने परिवार के साथ समय बिताने को प्राथमिकता देंगे।

द. अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी-20 से पहले ऑकलैंड में फर्ग्यूसन ने कहा कि अभी-अभी मेरा एक छोटा बेटा हुआ है, मैं घर पर जितना हो सके उतना समय बिताने और अपनी पत्नी की मदद करने की कोशिश कर रहा हूं। इसके बाद मुझे कुछ हफ्तों का आराम मिलेगा, जिसके बाद मैं आईपीएल के बाद के चरणों में खेलने और सर्दियों के दौरों के लिए बाहर जाऊंगा। ब्लैक कैप्स के लिए खेलना हमेशा खुशी की बात होती है, मुझे भारत में टीम के साथ बिताया गया समय बहुत पसंद आया, हालांकि यह दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि सीजन की शुरुआत में मुझे चोटों का सामना करना पड़ा। मैं सच में अपने देश में क्रिकेट खेलना चाहता था और अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलने का मौका मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। भारत और श्रीलंका में हुए 2026 टी-20 विश्व कप के दौरान फर्ग्यूसन ने कुछ दिनों की 'पैटर्निटी लीव' (पिता बनने पर मिलने वाली छुट्टी) ली थी।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### ऑस्ट्रेलिया में पहले राउंड के बाद दीक्षा संयुक्त 8वें स्थान पर

**ऑस्ट्रेलिया, वार्ता।** पार-71 सैंक्चुअरी कोव गोल्फ एंड कंट्री क्लब में हो रही ऑस्ट्रेलियन डब्ल्यूपीजीए चैंपियनशिप के पहले राउंड के बाद भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा डागर सबसे आगे रहीं। उन्होंने 4-अंडर 67 का मजबूत शुरुआती राउंड खेला और लीडरबोर्ड पर संयुक्त रूप से 8वें स्थान पर रहीं। वह लीडर केल्सी मैकडॉनल्ड (64) से चार शॉट पीछे हैं, जिन्होंने अपने शुरुआती राउंड के साथ एक नया कोर्स रिकॉर्ड बनाया है। हिताशी बख्शी का शुरुआती राउंड भी काफी अच्छा रहा( उन्होंने 2-अंडर 69 का स्कोर बनाकर अपने हफ्ते की शुरुआत की। इस प्रतियोगिता में शामिल अन्य भारतीय खिलाड़ी प्रणवी उर्स (72) और वाणी (73) हैं, जिनके लिए हफ्ते की शुरुआत थोड़ी मुश्किल रही।

#### खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स 2026 में 3800 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**रायपुर, वार्ता।** रायपुर में बुधवार से शुरु होने वाले खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स 2026 में देशभर के 3800 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स की तैयारियां को लेकर शुक्रवार को रायपुर संभाग कार्यालय में बैठक आयोजित कर व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अधिकारियों ने विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय स्वीमिंग पूल और कोटा स्टेडियम सहित प्रमुख खेल स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा भी लिया गया। 25 मार्च से तीन अप्रैल तक होने वाली इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 3800 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों और उनके साथ आने वाले स्टाफ की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर सहायता केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## थाईलैंड पहुंची भारतीय महिला टीम

● **भारतीय महिला टीम एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप में जापान के खिलाफ पहला मैच खेलेंगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय अंडर-20 महिला टीम 24 खिलाड़ियों के साथ शुक्रवार सुबह एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप के लिए थाईलैंड पहुंच गई। 20 साल बाद एशिया कप के लिए क्वालिफाई करने वाली 'यंग टाइग्रेस' टीम को 2 अप्रैल को जापान के खिलाफ अपने पहले ग्रुप सी मुकाबले से पहले बैंकॉक की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने के लिए 13 दिन का समय मिलेगा। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम 6:30 बजे खेला जाएगा। इसके बाद भारत 5 अप्रैल को दोपहर 2:30 बजे ऑस्ट्रेलिया और 8 अप्रैल को दोपहर 2:30 बजे चीनी ताइपे से भिड़ेगा। एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप थाईलैंड 2026 का सीधा प्रसारण फैनकोड पर किया जाएगा। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और तीनों ग्रुपों में से दो सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान वाली टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। इसके अलावा, क्वार्टर फाइनल जीतने वाली चार टीमें फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप पोलैंड 2026 के लिए क्वालिफाई करेंगी। स्वीडन के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन के मार्गदर्शन में भारतीय टीम ने जनवरी में आईडब्ल्यूएल के पहले चरण के बाद बेंगलुरु में प्रशिक्षण शिविर शुरू किया था। इसके बाद टीम ने स्वीडन में एक महीने का कैंप किया, जहां उन्होंने स्वीडिश क्लबों की सीनियर टीमों के खिलाफ पांच फेंडली मैच खेले। स्कैंडिनेविया से लौटने के बाद टीम ने कोलकाता में अपनी तैयारियां जारी रखीं, जहां से वह शुक्रवार तड़के थाईलैंड के लिए रवाना हुई। एलेक्जेंडरसन टूर्नामेंट के करीब अंतिम 23 सदर्स्ईय टीम की घोषणा करेंगे।

**एएफसी** अंडर-20 महिला एशिया कप 2026 के लिए थाईलैंड गई भारत की 24 सदर्स्ईय टीम-

**गोलकीपर:** मोनालिशा देवी मोइरांगथेम, नंदिनी, रिबांसी जामू

**डिफेंडर:** अलका इंडवार, सिडी रेमरुआतपुई कोल्नी, निशिमा कुमारी, रेमी थोकचोम, रुचि यादव, साहेना टीएच, शुभांगी सिंह, थोइबिसाना चानू तो. इजाम

**मिडफील्डर:** अंजू चानू काएनपाइबम, अरीना देवी नामेइ. रकपम, भूमिका देवी खुमुकचम, मोनिशा सिंघा, नेहा, पूजा, श्रुति कुमारी

## न्यूजीलैंड ने द. अफ्रीका को आठ विकेट से हराया



● **न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है**

**ऑकलैंड, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद टॉम लैथम (नाबाद 63 ) की शानदार अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 22 गेंदें शेष रहते आठ विकेट से हराया। न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। टॉम लैथम को उनके शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए टॉम लैथम और डेवोन कॉन्वे के बीच पहले विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। 11वें ओवर में केशव महाराज ने डेवोन कॉन्वे को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। डेवोन कॉन्वे ने 26 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 39 रन बनाए। टिम रॉबिन्सन 17 रन बनाकर 17वें ओवर की पहली गेंद पर पगबाधा आउट हुए। उन्हें लुथो सिपामला ने आउट किया। टॉम लैथम ने 55 गेंदों में सात चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 63 रनों की पारी खेली।

यह टी-20 में लैथम का चौथा अर्द्धशतक है। लैथम को 27 के स्कोर पर जीवनदान मिला था, जब डियान फॉरेस्टर ने एक आसान सा कैच टपका दिया। न्यूजीलैंड ने 16-2 ओवरों में दो विकेट पर 137 रन बनाकर मुक.ाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। उल्लेखनीय है कि यह डेवोन कॉनवे, मिचेल सैंटनर और लॉकी फर्ग्यूसन के लिए इस सीरीज का आखिरी मैच है, बाकी दो मैचों में इन तीनों खिलाड़ियों को आराम दिया जाएगा। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 136 का स्कोर बनाया। दक्षिण अफ्रीका के लिए नकोबानी मोकोएना ने 20 गेंदों में नाबाद 26 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी में तीन छक्के और एक चौका भी लगाया। जॉर्ज लिंडे ने 19 गेंदों में (23), डियन फॉरेस्टर (17), गेराल्ड कोएत्जी ने (16) तथा टोनी डी जॉर्जी और कॉनर एस्टरहुइजन (15-15) रनों का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए काइल जैमीसन, मिचेल सैंटनर, बेन सियर्स ने दो-दो विकेट लिए। लॉकी फर्ग्यूसन, कोल मैककॉन्ची, नीशम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## अनाहत-अभय क्वार्टरफाइनल में



● **अनाहत सिंह ने मिस्र की फरीदा को सीधे गेम में हराकर टॉप आठ में जगह बनाई**

**मुम्बई, वार्ता।** भारत की अनाहत सिंह, अभय सिंह और जोशना चिनप्पा ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर इंडियन ओपन 2026 स्क्वैश टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। सीसीआई ब्रेबॉर्न स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए मुकाबले में मौजूदा महिला चैंपियन और टॉप सीड अनाहत सिंह ने मिस्र की फरीदा वालिद को सीधे गेम में हराकर टॉप आठ में जगह बनाई। 17 साल की इस भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने पूरे मैच के दौरान अपना दबदबा बनाए रखा और 3-0 से मैच जीत लिया। वहीं तन्वी खन्ना ने मिस्र की नूर खफागी के खिलाफ शांत और आत्मविश्वास से भरा प्रदर्शन करके सबको प्रभावित किया। जहां खफागी ने हर गेम में जोरदार टक्कर दी, वहीं खन्ना ने अहम मौकों पर अपना संयम बनाए रखा और 3-0 से जीत हासिल की। अनुभवी खिलाड़ी और पांचवीं सीड जोशना चिनप्पा भी आयरलैंड की ब्रीएन फ्लिन को 3-1 से हराकर अगले दौर में पहुंच गईं। पुरुष वर्ग में, दूसरे वरीयता प्राप्त और पिछले साल के उपविजेता अभय सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हांगकांग के मैथ्यू लाई को हरा दिया। शुरुआत में मुकाबला कड़ा होने के बावजूद, एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय ने 3-0 से शानदार जीत हासिल की।

वीर चोत्रानी भी अगले दौर में पहुंच गए, क्योंकि उनके जर्मन प्रतिद्वंद्वी यानिक ओम्लोर को मैच की शुरुआत में ही चोट के कारण हटना पड़ा। हालांकि, मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी याह्या अल-नवासाणी अपने ही देश के इब्राहिम अल- कब्बानी से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। इस परिणाम के बाद, अभय अब पुरुषों के ड्रॉ में सबसे ऊंची वरीयता वाले खिलाड़ी बन गए हैं। जोरदार प्रयास के बावजूद, वेलवन सेंथिलकुमार शांत और संयमित अमीशेनराज चंद्रन के सामने पिछड़ गए।

## दूसरे दौर में अल्काराज से भिड़ेंगे फोन्सेका



● **प्रशंसकों की भारी भीड़ के सामने इस जीत के साथ फोन्सेका ने अल्काराज के साथ दूसरे राउंड के एक दिलचस्प मुकाबले की नींव रखी**

**मियामी, वार्ता।** ब्राजील के जोआओ फोन्सेका ने गुरुवार को मियामी ओपन में एक बड़ी जीत हासिल करने के लिए अपना पूरा जोर लगा दिया। फोन्सेका का दूसरे दौर में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अलकाराज से मुकाबला होगा।

नेक्स्टजेनएटीपी स्टार ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के पहले राउंड के कड़े मुकाबले में फैबियन मारोजसान को 6-4, 3-6, 6-2 से हराया। ब्राजीलियाई प्रशंसकों की भारी भीड़ के सामने एक घंटे 50 मिनट की इस जीत के साथ, फोन्सेका ने अल्काराज के साथ दूसरे राउंड के एक दिलचस्प मुकाबले की नींव रखी। यह इन दोनों खिलाड़ियों के बीच पहला मुकाबला होगा। अल्काराज के साथ फोन्सेका का मियामी में यह मुकाबला, ब्राजीलियाई खिलाड़ी के जानिक सिनर के साथ पहले टूर-स्तरीय मुकाबले के ठीक बाद हो रहा है। पिछले हफ्ते इंडियन वेल्स में पहली बार मास्टर्स 1000 के चौथे राउंड में खेलते हुए, फोन्सेका ने सिनर को दो टाई-ब्रेक सेट तक कड़ी टक्कर दी थी।

प्रशंसक अब यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि 19 वर्षीय यह खिलाड़ी दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी अल्काराज के साथ अपनी पहली भिड़ंत में कैसा प्रदर्शन करता है, अल्काराज का इस सीजन में रिकॉर्ड 16-1 का है, जिसमें ऑस्ट्रेलियन ओपन और दोहा में जीते गए खिताब भी शामिल हैं। अल्काराज का सामना करने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर फोन्सेका ने कहा कि मैं निश्चित रूप से उत्साहित हूं। मुझे दूसरे खिलाड़ियों के बारे में तो नहीं पता, लेकिन मैं टॉप खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का बेसब्री से इंतजार करता हूं। पिछले टूर्नामेंट में मैं जानिक के खिलाफ खेला था, और अब मैं कार्लोस के खिलाफ खेल रहा हूं। यह एक बहुत ही शानदार अनुभव है, इसलिए मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं और यह एक बेहतरीन मैच होने वाला है। उम्मीद है कि मैं जीत हासिल कर पाऊंगा।

ड्रॉ के ऊपरी हिस्से में, बेल्जियम के राफेल कोलिग्नन ने एक 'मैच पॉइंट' बचाते हुए 2024 के फाइनलिस्ट ग्रिगोर दिमित्रोव को 7-6(3), 4-6, 7-6(6) से हरा दिया। कोलिग्नन ने निर्णायक सेट के 'टाई-ब्रेक' में 5-6 के स्कोर पर दिमित्रोव के 'मैच पॉइंट' को बेहद नाटकीय अंदाज में नाकाम कर दिया( उन्होंने 11 शॉट्स की एक लंबी 'रैली' को एक जोरदार 'फोरहैंड पास' के साथ अपने नाम किया। उस रैली के दौरान दिमित्रोव ने तीन 'वॉली' शॉट लगाए, लेकिन वे गेंद को कोर्ट से बाहर भेजने (पॉइंट हासिल करने) में नाकाम रहे। स्टेफानोस सित. सिपास ने ब्रिटिश खिलाड़ी आर्थर फेरी को 6-1, 7-6(4) से हराकर, पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर के साथ दूसरे दौर में मुकाबले की राह बनाई। एटीपी हेड2हेड सीरीज में सितसिपास, डी मिनौर से 11-1 से आगे हैं। बोटिक वैन डी जैंड्सचल्प ने डेनिस शापोवालोव को 7-5, 6-3 से हराया।

## महिला कीवी टीम ने द. अफ्रीका को छह विकेट से हराया



● **सोफी डिवाइन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया**

**ऑकलैंड, वार्ता।** सोफी डिवाइन ( दो विकेट/नाबाद 55) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने शुक्रवार को तीसरे टी-20 मुक.ाबले में आठ गेंदें शेष रहते दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली हैं। सोफी डिवाइन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार दिया गया। 150 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने 18-4 ओवरों में चार विकेट पर 152 रन बनाकर मुक.ाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया। न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर (चार) और इजाबेला गेज (17) के विकेट जल्द ही गंवा दिए थे। इसके बाद कप्तान अमेलिया केर और सोफी डिवाइन की जोड़ी ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। 10वें ओवर में नॉनकुलुलेको म्लाबा ने अमेलिया केर को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

अमेलिया केर ने 28 गेंदों में चार चौके लगाते हुए 30 रन बनाए। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर ब्रुक हॉलिडे (दो) रनआउट हुई। मैडी ग्रीन ने सोफी डिवाइन के साथ पांचवें विकेट के लिए 84 रनों की अविजित साझेदारी कर अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिला दी। सोफी डिवाइन ने 38 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 55 रनों की पारी खेली। वहीं मैडी ग्रीन ने 25 गेंदों में दो चौके और एक छक्का उड़ाते हुए नाबाद 34 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के लिए एनेरी डर्कसेन, अयंदा लुबी और एन म्लाबा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 149 रनों का स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने मात्र नौ रन के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। ताजमिन ब्रिट्स (शून्य) और सुने लुस (तीन) रन बनाकर आउट हुई।

### ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम न विंडीज को 43 रनों से हराया

**किंग्सटाउन, वार्ता।** बेथ मूनी (79) और अलाना किंग (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 43 रनों से हराया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। बेथ मूनी को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। 165 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की महिला टीम ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 121 रन ही बना सकी और मुकाबला 43 रनों से हार गई। कियाना जोसेफ और हेली मैथ्यूज की सलामी जोड़ी ने सधी हुई शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 33 रन जोड़े। सातवें ओवर में अलाना किंग ने हेली मैथ्यूज (11) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई शेमेन कैंपबेल ने कियाना जोसेफ के साथ पारी को संभाला और स्कोर को 76 के स्कोर तक ले गई। 12वें ओवर में किम ग्राथ ने कियाना जोसेफ को आउट कर वेस्टइंडीज को बड़ा झटका दिया। कियाना जोसेफ ने 39 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 45 रन बनाए। अगले ही ओवर अलाना किंग ने शेमेन कैंपबेल (15) और डिआंड्रा डॉटिन (शून्य) को आउटकर मैच पर ऑस्ट्रेलिया की पकड़ मजबूत कर ली। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का कोई मौका नहीं दिया। 20वें ओवर में स्टेफनी (28) और जाहजारा (शून्य) को वेयरहम ने आउट किया। चिनेल हेनरी 12 रन बनाकर नाबाद रही।इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने गुरुवार रात खेले गए मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 164 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

## फ्रांसेस्का जोन्स की विजयी शुरुआत

● **फ्रांसेस्का जोन्स ने वीनस विलियम्स को सीधे सेटों में 7-5, 7-5 से हराया**

**अमेरिका, वार्ता।** ब्रिटेन की फ्रांसेस्का जोन्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मियामी ओपन 2026 टेनिस टूर्नामेंट अमेरिका की दिग्गज वीनस विलियम्स के खिलाफ सीधे सेटों में जीत दर्ज की। ग्रैंडस्टैंड कोर्ट पर गुरुवार रात एक घंटा 51 मिनट तक चले मुक.ाबले में 25 वर्षीय गैर-वरीयता प्राप्त फ्रांसेस्का ने सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन और टूर्नामेंट की वाइल्डकार्ड खिलाड़ी वीनस विलियम्स की जोरदार चुनौती को पार करते हुए, पहले दौर का यह मुकाबला सीधे सेटों में 7-5, 7-5 से जीत लिया।

एक्ट्रोडैक्टाइली एक्टोडर्मल डिस्प्लेजिया नाम की एक जेनेटिक बीमारी के साथ जन्मी, दुनिया की 93वें नंबर की खिलाड़ी जोन्स हर हाथ में तीन उंगलियों और एक अंगूठे के साथ खेलती हैं। इस बीमारी की वजह से उन्हें कई बार सर्जरी करवानी पड़ी है, लेकिन इसने उन्हें महिलाओं के टेनिस में अपनी छाप छोड़ने से कभी नहीं रोका। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में चोट के बाद खेल में वापसी करते हुए, जोन्स ने अपने पहले राउंड के मैच में विलियम्स की सर्विस को पांच बार तोड़ा। दोनों सेटों में 4-5 से पीछे होने के बावजूद उन्होंने शानदार वापसी की और उत्साहित भीड़ के सामने एक यादगार जीत हासिल की। 45 वर्षीय टेनिस स्टार के कनाडा की लेयला फर्नांडीज के साथ महिलाओं के युगल मुकाबले में खेलने की उम्मीद है, जबकि जोन्स महिलाओं के एकल टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में पहुंच गई हैं, जहां उनका मुकाबला पांचवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से होगा। मैच के बाद फ्रांसेस्का ने कहा कि अगर वे दो महिलाएं (वीनस और सेरेना विलियम्स) न होतीं, तो मुझे पक्का नहीं पता कि मैं यह कदम उठा पाती या नहीं। उन्हीं की वजह से मैं आज यहां हूं। उन्होंने कहा कि मेरा यह साल अब तक बहुत मुश्किल भरा रहा है। मुझे कई चोटें लगी हैं और मैं अभी भी बीमार हूं। मुझे हर समय खांसी आ रही थी। मुझे चिंता थी कि कहीं मैं किसी दिग्गज खिलाड़ी को भी बीमार न कर दूं।

# बारिश के बीच अलविदा जुमे की नमाज़ की अदा

**मोरना।** हल्की बारिश के बीच भोपा,मोरना,ककरौली क्षेत्र में अलविदा जुमे की नमाज़ शान्ति पूर्वक अदा की गयी। सुरक्षा को लेकर मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा।वहीं ईदुलफितर के त्यौहार पर धर्म गुरुओं ने शान्ति सौहार्द बनाये रखने की अपील की है।

रमजान माह के पांचवे तथा आखरी जुमे की नमाज़ की नमाज दोपहर 1रू00 बजे से लेकर 2:00 बजे तक विभिन्न मस्जिदों में अलग अलग समय पर अदा की गयी। नमाज अदा कराने वाले इमाम हजरात ने नमाज के पूर्व दिए जाने वाले धार्मिक सम्बोधन में असहाय व्यक्तियों की मदद करने किन्ही कारणों से हो गये विवादों में तुरन्त सुलह कर प्रेम मुहब्बत का माहौल बनाने।ईद के दिन अनावश्यक रूप से वाहनों का प्रयोग न करने कोल्डड्रिंक जैसे पय पदार्थो के स्थान पर स्वदेशी पदार्थो को अपनाने की विशेष अपील की गयी।अंत मे ईद की नमाज के समय की घोषणा भी की गयी।मोरना,भोपा,जौली,रहकड़ा,बेलडा,सीकरी,भोकरहेड़ी,किशनपुर,ककरौली, तेवड़ा, जटवाड़ा, टंढेडा, ककरौली, बेहड़ा सादात, रुड़कली आदि गाँव मेअलविदा जुमे की नमाज़ शांति पूर्वक संपन्न हुई। क्षेत्र के सबसे बड़े अरबी मदरसा कासिमुल उलूम तेवड़ा के प्रबंधक मुफ्ती बिन यामीन,मदरसा शमशुल उलूम टंढेडा के प्रबंधक मौलाना जमील अहमद कासमी , मदरसा बहरुल उलूम किशनपुर के प्रबंधक मौलाना सईदुलजमा, मदरसा इज़हारूल उलूम



भोकरहेड़ी के उपप्रबंधक मौलाना फरमान आदि ने ईद के त्यौहार को शांति पूर्वक मनाने व प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।क्षेत्राधिकारी देवव्रत वाजपेयी ने ईद की नमाज के सम्बंध में बताया कि शनिवार की सुबह भोपा थाना क्षेत्र में 17 ईदगाह व 38 मस्जिदों में तथा ककरौली थाना क्षेत्र में 12 ईदगाह में ईदुल फितर की नमाज अदा की जाएगी।प्रशासन शांति सुरक्षा कायम करने को लेकर अलर्ट है।

# छात्राओं ने पानी की बरबादी रोकने का लिया संकल्प

**बुढ़ाना।** एसडी गर्ल्स पीजी कॉलेज बुढ़ाना में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत पंच दिवसीय एनएसएस इकाई द्वारा आज कॉलेज में जल संचय संरक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज के प्राचार्य डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने किया व कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस की स्वयं सेविकाओं ने जल स्रोतों के पुनरुद्धार व संरक्षण जैसे जल संचयन तालाब का जीर्णोद्धार पर पोस्टर के माध्यम से जल संचयन का संदेश दिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने जल संरक्षण के महत्व व इसकी तत्काल आवश्यकता पर उपस्थित समस्त स्वयं सेविकाओं का ध्यान आकर्षित किया तथा उन्होंने छात्राओं को बताया कि आज जल का दोहन ज्यादा हो रहा है जिससे भविष्य में जल संकट पैदा होगा और हमारा जीवन जल के बिना संकट में आ जाएगा इसलिए हम सभी का उद्देश्य यही होना चाहिए की जल का सदुपयोग करें दुरुपयोग नही। सरकार द्वारा जल ही जीवन है का प्रचार एवं प्रसार इसीलिए किया जा रहा है कि आम नागरिक जल के उपयोग को जाने और सीमित मात्रा में इसका उपयोग करे। शिविर लगाने का उद्देश्य तब सफल होगा जब हम सब अपने आप जल की उपयोगिता को जाने व दूसरों को भी जल की उपयोगिता के बारे में जागरुक करें। कार्यक्रम अधिकारी एसोसिएट प्रोफेसर रूपाक्षी चौधरी ने बताया कि जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाया जाए। जैसे कॉलेज में प्रणालियों को समृद्ध कॉलेज के पौधों के लिए टपक सिंचाई व्यवस्था का उपयोग किया जाए। नलों एवं टॉयलेट में एरिएटर लगाकर पानी की बर्बादी रोकी जाए। इसके लिए समय समय पर जागरुकता शिविर लगाए जाएं। कॉलेज की अन्य प्रोफेसर किरण मलिक ने इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इससे भू जल स्तर में वृद्धि होगी। कॉलेज की स्वयंसेविका अंशिका, साक्षी, शिवानी, वंशिका, संध्या, अवंतिका व तुलसी आदि व समस्त उपस्थित स्टाफ में सबा खान, किरण, ज्योति, स्वाति शर्मा और प्रवीण कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## चरस के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**भोपा।** गांव जौली से विलायत नगर मार्ग पर पुलिस के द्वारा चलाए गए चे. किंग अभियान में एक युवक को चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है। प्रभारी निरीक्षक जशवीर सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक सुमित चौधरी की टीम शुक्रवार की दोपहर जौली से विलायतनगर मार्ग पर चैकिंग कर रही थी कि इसी दौरान एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड लिया और उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध मादक पदार्थ 174 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आबिद पुत्र अकबर निवासी ग्राम मुस्कीपुर थाना बडगांव जिला सहारनपुर व हाल निवासी गांव जटमुझेडा थाना नई मंडी बताया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे को कोर्ट में पेश किया।

# रेल सुविधाओं के मुद्दे पर विधायक मदन भैया ने बढ़ाई सक्रियता

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली क्षेत्र में रेलवे सुविधाओं को लेकर लंबे समय से उठ रही जनसमस्याओं के समाधान के लिए विधायक मदन भैया ने एक बार फिर पहल तेज कर दी है। उन्होंने भारत सरकार के कौशल विकास मंत्री जयंत चौधरी को पत्र भेजकर खतौली रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार, सुरक्षा व्यवस्था में सुधार और आवश्यक निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने की मांग की है। विधायक ने अपने पत्र में साफ तौर पर कहा कि रेलवे से जुड़ी मूलभूत समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं, जिससे स्थानीय लोगों में असंतोष लगातार बढ़ रहा है।

## प्रमुख ट्रेनों के ठहराव पर दिया जोर

विधायक ने खतौली रेलवे स्टेशन पर कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की आवश्यकता भी बताई। उन्होंने वंदे भारत एक्सप्रेस, जनशताब्दी एक्सप्रेस, सहारनपुर मेमू स्पेशल, जालंधर एक्सप्रेस, कलिंगा उत्कल एक्सप्रेस और गोल्डन टेंपल मेल जैसी ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग रखी।

उनका कहना है कि खतौली एक महत्वपूर्ण कृषि और व्यापारिक केंद्र है, ऐसे में ट्रेनों के ठहराव से न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि रेलवे की आय में भी बढ़ोतरी होगी।

## स्टेशन के आधुनिकीकरण का दिया प्रस्ताव

विधायक ने स्टेशन को आधुनिक बनाने के लिए भी कई सुझाव दिए। उन्होंने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एस्केलेटर लगाने, बेहतर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास पर जोर दिया। खासतौर पर बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं बढ़ाने की बात कही गई।

## क्रॉसिंग नंबर 44 पर अंडरब्रिज की मांग

जनसठ रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 44 को लेकर विधायक ने गंभीर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि यहां बनाया गया ओवरब्रिज आम लोगों के लिए व्यावहारिक नहीं है, खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली बच्चों के लिए। अधिक ऊंचाई होने के कारण लोग इसका उपयोग करने से बचते हैं और मजबूरन रेलवे लाइन पार करते हैं, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। ऐसे में विधायक ने जनहित को देखते हुए इस स्थान पर जल्द से जल्द अंडरब्रिज निर्माण कराने की मांग उठाई है।

## पहले भी उठाया जा चुका है मुद्दा

विधायक ने बताया कि इन मांगों को लेकर 19 जुलाई 2024 को रेल मंत्री को भी अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया है कि जनहित से जुड़े इस विषय पर जल्द हस्तक्षेप करते हुए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

# इफ्तार पार्टी में सर्व समाज ने की शिरकत कर दिया भाईचारे का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना में शुक्रताल मार्ग पर स्थित लव पैराडाइज बैंक्विट हॉल में रोजा इफ्तार पाटह्र का आयोजन भाकियू नेता द्वारा किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोगों ने शिरकत कर आपसी भाईचारे का सन्देश दिया।

मोरना में अलविदा अलविदा जुमे के अवसर पर भाकियू नेता प्रधान सर्वेन्द्र उर्फ मिन्टू राठी द्वारा रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व समाज के व्यक्तियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान जलपान कराया गया।सर्वेन्द्र मिन्टू राठी ने सर्व समाज के गणमान्य व्यक्तियों को इदुल फितर के त्यौहार की मुबारक. बाद देते हुए एक दूसरे सभी त्योहारों



को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन आपसी भाईचारे प्रेम मुहब्बतको बढ़ावा देते हैं।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सादिक चौहान,कृष्णपाल, साजिद हसन, रजनीश यादव, इस्तखार अंसारी,डॉ.अलीशेर अंसारी भूरा अंसारी, शददन जैदी, गोहर जैदी,अमली खान, परवेज, अफजल, अफसर कुरैशी,रफत जैदी, जोहर अब्बास, फिरोज मियां आदि मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** खेल निद.ेशालय उत्तर प्रदेश एवं कबड्डी संघ के तत्वावधान में राज्य स्तरीय आमंत्रण ओपन पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 22 मार्च 2026 तक चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम मुजफ्फरनगर में किया जा रहा है।

उक्त प्रतियोगिता का उद्घाटन दिनांक 20 मार्च 2026 को मुख्य अतिथि कंडारकर कमल किशोर देशभूषण मुख्य विकास अधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि संजीव बालियान अर्जुन अवॉर्ड एवं अंतराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अतिथि जितेंद्र यादव क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी सहारनपुर एवं मेरठ मंडल राहुल चोपड़ा क्रीड़ाधिकारी सहारनपुर मंडल द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया गया।

उक्त प्रतियोगिता में आए मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि एवं



अतिथि एवं निर्णायकों का स्वागत बुके एवं मोमेंटो एवं पटका पहनकर भूपेंद्र सिंह यादव प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी एवं कुमारी पूनम बिश्नोई उप क्रीड़ा अधिकारी द्वारा सवागत किया गया। उक्त प्रतियोगिता में राजीव कुमार बाल कल्याण समिति मुजफ्फरनगर द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। उक्त प्रतियोगिता का मैच 21 मार्च 2026 को पूल ए पर मुजफ्फरनगर सहारनपुर पूल ठ पर मेरठ बागपत पूल ब पर गाजियाबाद मथुरा एवं सुल्तानपुर पूल कचत बिजनौर शामली एवं हापुड़ के मध्य कबडी मैच कराया जाएगा।

# अकीदत के साथ अदा हुई अलविदा जुम्मे की नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** पवित्र रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को नगर में अलविदा जुम्मे की नवाज पूरे सम्मान और आस्था के साथ अदा की गई। सुबह से ही शहर की मस्जिदों के बाहर नमाजियों की भीड़ उमड़ने लगी थी। निर्धारित समय पर इमामों की अगुवाई में नमाज अदा की गई, जिसमें लोगों ने देश में अमन, भाईचारे और तरक्की की दुआ मांगी।

भीड़ अधिक होने के कारण कई स्थानों पर नमाजियों को सड़कों और खुले स्थानों पर भी नमाज अदा करनी पड़ी। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। संवे.दनशील इलाकों में पुलिस बल तैनात रहा और अधिकारी लगातार निगरानी करते रहे। नमाज के बाद अब शहर में ईद-उल-फितर को लेकर उत्साह चरम पर पहुंच गया है। शनिवार को ईद मनाई जाएगी। चांद के दीदार के बाद इतिकाफ में बैठे रोजेदार घर लौट आए और तैयारियों में जुट गए। घरों में साफ-सफाई, पकवानों की तैयारी और मेहमानों के स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। ईद से पहले बाजारों में जबरदस्त चहल-पहल देखी जा रही है। कपड़े, जूते, इत्र, टोपी और खान-पान की दुकानों पर देर रात तक भीड़ लगी रही। सेवई, लच्छे, सूखे मेवे और मिठाइयों की दुकानों पर लोगों की लंबी कतारें नजर आईं। महिलाएं और बच्चे खरीदारी में व्यस्त दिखे, जिससे बाजार पूरी तरह गुलजार हो उठा। हालांकि नमाज-ए-अलविदा के बाद शहर की यातायात व्यवस्था चरमरा गई। जीटी रोड और खतौली-जानसठ तिराहे पर लंबा जाम लग गया। दिनभर वाहन रेंगते नजर आए और लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा। पुलिस की मौजूदगी के बावजूद यातायात व्यवस्था सुचारू नहीं हो सकी। उधर, ईद से एक दिन पहले दूध की मांग में अचानक उछाल देखा गया। स्थानीय स्तर पर दूध की कमी के चलते लोगों



ने पैकिंग दूध की खरीदारी शुरू कर दी। डेयरी और किराना दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी। कई दुक.ानदारों ने अस्थायी स्टॉल लगाकर दूध बेचा, जहां देर शाम तक खरीददारों की आवाजाही बनी रही। कुल मिलाकर नमाज-ए-अलविदा के मौके पर जहां पूरे शहर में धार्मिक आस्था और शांति का माहौल रहा, वहीं ईद की तैयारियों ने खतौली को उत्साह और रौनक से भर दिया है। अब प्रशासन के सामने ईद के दिन सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना बड़ी चुनौती होगी।

## देर रात तक बाजारों में दुकानदारों की खूब कटी चांदी

**बुढ़ाना।** कस्बे के लगभग सभी बाजार शुक्रवार की देर रात तक खुले रहे। छोटा बाजार और बड़े बाजार में तो इतनी भीड़ रही कि पैदल चलने वाले भी परेशान रहे। रही सही कसर दोपहिया वाहनों और ई-रिक्शाओं ने पूरी कर दी। इन बाजारों में महिलाओं की भारी संख्या देखने को मिली। छोटे और बड़े बाजार में जाने वाली सड़क पर लोगों को दोपहिया लेकर गुजरने में परेशानी हो रही थी। बाजार में लोगों की खचाखच भीड़ थी। ठीक इसी तरह पुराने बस स्टेंड का भी यही हाल था। सड़क के पास भी कई स्थानों पर फुटपाथ पर भी अस्थाई दुकानें सजी रही। जिसमें लच्छा सेवई से लेकर कपड़े, जूते, चप्पल और आर्टिफिशियल जेव.रों के साथ कई दुकानें सजी हुई थी। जिसमें महिलाओं की काफी भीड़ थी। वहीं किराना की दुकान में लोग सुबह में व्यंजनों की तैयारी को लेकर खरीदारी कर रहे थे। शाम को इफ्तार के बाद लोगों की भीड़ देखते ही बन रही थी। कुल मिलाकर चांद रात पर बुढ़ाना कस्बे के सभी बाजार ग्राहकों से गुलजार रहे लेकिनः महिलाओं की भीड़ ने पिछले साल का रिकार्ड तोड दिया ऐसा कुछ दुकानदारों का कहना था।हर दुकानदार अपनी अपनी दुकानों पर व्यस्त रहा।

# पीयूष सैनी फिर बने जिला मंत्री, जताया संगठन का आभार

**मुजफ्फरनगर।** संगठनात्मक मजबूती और सक्रिय कार्यशैली के लिए पहचाने जाने वाले पीयूष सैनी को एक बार फिर जिला मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी इस पुनर्नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

पदभार संभालने के बाद पीयूष सैनी ने शीर्ष नेतृत्व और सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी चुनौती भी है। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाना, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना तथा समाज के हर वर्ग तक संगठन की नीतियों और योजनाओं को पहुंचाना रहेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर सामूहिक रूप से कार्य करेंगे, ताकि संगठन की गतिविधियों को गति मिल सके।

पीयूष सैनी ने कहा कि संगठन की विचारधारा और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने युवाओं को संगठन से जोड़ने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि युवा ही देश और समाज का भविष्य हैं, और उनकी भागीदारी से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर आयोजित बैठक में कई वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। सभी ने बिवास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन जिले में और अधिक प्रभावशाली भूमिका निभाएगा तथा आगामी कार्यक्रमों और अभियानों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया जाएगा।कार्यकर्ताओं ने कहा कि पीयूष सैनी की कार्यशैली, मिलनसार व्यवहार और संगठन के



प्रति उनकी निष्ठा उन्हें एक मजबूत नेतृत्वकर्ता बनाती है। उनकी पुनर्नियुक्ति से संगठन को नई गति मिलेगी और जिले में संगठनात्मक गतिविधियां और तेज होंगी।समापन में पीयूष सैनी ने सभी का धन्यवाद करते हुए आश्वासन दिया कि वे पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंच.ाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# विश्व पानी दिवस पर इंटरैक्ट क्लब की पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** इंटरैक्ट क्लब GEN-Z समर्पण द्वारा वर्ल्ड वाटर डे के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादायक एवं सराहनीय रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसमें इंटरैक्ट क्लब के सदस्यों के साथ-साथ विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए और जल बचाने का संदेश दिया। क्लब के अध्यक्ष चिन्मय भार्गव एवं सेक्रेटरी अंश्रित शर्मा ने अपने उत्कृष्ट विचारों एवं सशक्त नेतृत्व से सभी को विशेष रूप से प्रभावित किया।कार्यक्रम में रिद्धित अग्रवाल, विवान अग्रवाल, शिखर जिंदल, उन्नत जिंदल एवं रियांश गुप्ता सहित अन्य इंटरैक्टर्स ने भी अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को सफल एवं यादगार बना दिया।

इसी क्रम में आयोजित ड्रॉइंग



प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा, जागरूकता एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर समर्पण की ओर से सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।


## नाम परिवर्तन सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र स0 4432/ 08.04.2013 मे गलती से पुत्री का नाम यशिका,माता का नाम पूजा व पिता का नाम दीपक अंकित करा दिया गया, जबकि वास्तविक नाम क्रमश: यशिका तेवतिया,पूजा तेवतिया व दीपक तेवतिया है भविष्य मे भी इन्ही नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**दीपक तेवतिया**
**पुत्र नरेंद्र सिंह तेवतिया**
**निवासी -ग्रेटर नोएडा वेस्ट,**
**गौतम बुद्ध नगर**


# रमज़ान के अलविदा जुमे की नमाज़ अकीदत के साथ अदा कर मांगी अमन-शांति की दुआएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरक़ज़ी।** क़स्बा पुरक़ाज़ी में शुक्रवार को रमज़ानुल मुबारक के पां.चवे अलविदा जुमे की नमाज़ बड़ी अक़ीदत और एहतराम के साथ शहर की विभिन्न मस्जिदों में अदा की गई। इस दौरान हज़ारों रोज़ेदारों ने एक साथ सजदे में सिर झुकाकर मुल्क में अमन-चौन, भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं मांगीं।क़स्बे के शहर क़ाज़ी मुफ़्ती तनमीक अहमद ने रोज़ेदारों से अपील करते हुए कहा कि सदक़ा-ए-फ़ितर ईद की नमाज़ से पहले अदा कर देना चाहिए, ताकि ग़रीब और ज़रूरतमंद लोग भी अपनी ज़रूरत का सामान ख़रीदकर खुशी-खुशी ईद मना सकें। उन्होंने यह भी बताया कि ईद की नमाज़ से पहले अगर किसी के घर बच्चा पैदा होता है तो उसका फ़ितरा भी मां बाप पर अदा करना वाजिब होता है।



पुरकाज़ी क़स्बे और आसपास के क्षेत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज़ पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। नमाज़ के बाद लोगों ने बाज़ारों में जाकर कपडों और रोज़मर्रा की ज़रूरतों के सामान की खरीदारी की। बाज़ारों में रौनक और खुशगवार माहौल दिखाई दिया, जिससे दुकानदार भी काफ़ी खुश नज़र आए। बताते चलें कि इस बार रमजान माह के इस मुकद्दस महीने में पांच जुमा अदा किए गए हैं।

# योजनाओं की धीमी प्रगति पर सांसद हरेन्द्र मलिक ने जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सासंद हरेंद्र मालिक एवं जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता जिला सलाहकार समिति/ जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि सासंद हरेंद्र मालिक रहे। बैठक में पंजाब नैशनल बैंक के मंडल प्रमुख राजेन्द्र पॉल ने मुख्य अतिथि व जिलाधिक.ारी का बुक्के देकर स्वागत किया। बैठक का संचालन अग्रणी जिला प्रबंधक अनिल कुमार सिंह ने किया तथा उक्त बैठक में बैंको की उपलब्धि जिले की प्रगति के बारे में अवगत कराया। बैठक में सासंद ने सभी बैंकर्स के अधिकारियों को निर्देश दिए की सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाए जाने में अपना पूर्ण सहयोग करें, जिस योजना के संबंध जो भी आवेदन आए उसका निस्तारण अवश्य करें, कोई भी आवेदन को लंबित न रखा जाए। जिलाधिकारी ने पीएम सूर्यघर योजना व मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा स्वयं सहायता समूह की प्रगति के कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी बैंकों के जिला समन्वयको को निर्देशित किया कि वह इन योजनाओं में तत्काल अपनी प्रगति सुनिश्चित करे तथा जो बैंक उक्त योजनाओं में कार्य नही कर रहे है उनके चेयरमैन को मेरे स्तर से पत्र भेजे जाए। माननीय सांसद महोदय ने जिले में बैंको के द्वारा किये गए सामाजिक कार्यो के



योगदान की सराहना की तथा सभी बैंक सामाजिक कार्य मे जिले को अपना योगदान करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री कंडारकर कमलकिशोर देशभूषण ने भी जिले में चल रहे स्वयं सहायता समूहो की सीसीएल की समीक्षा की तथा सभी बैंकों को स्वयं सहायता समूहो को अधिक से अधिक सीसीएल कर उन्हें आत्म निर्भर बनाने में सहयोग करने के निर्देश दिए बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारी एव सभी बैंकों के जिला समन्वयक , सरकारी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा लडका इब्राहिम गलत किस्म के व्यक्तियों में उठने बैठने लगा है। मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है। इब्राहिम ने नेपाल की किसी लडकी से पांच माह पूर्व लव मैरिज मेरी व मेरे परिवार की मर्जी के कर ली है। इस कारण मैने व मेरे परिवार ने इब्राहिम से पांच माह पूर्व अपने सम्बन्ध विच्छेद कर लिये थे मै अपने लडके इब्राहिम को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। उसके किसी भी लेन-देन व कृत्य से मेरी व मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नही है न ही भविष्य में होगा।

**मौ.मोहसीन पुत्र शब्बीर**
**निवासी म.न.790, गली न.14**
**मौहल्ला लद्धावाला मुजफ्फरनगर**


आप सभी को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
आरिफ अंसारी
समाजसेवी


आप सभी को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
अशोक चौधरी
अध्यक्ष
इंडस्ट्रियल फेडरेशन उ0प्र0
ए-43, साइड-IV साहिबाबाद, इंडस्ट्रियल एरिया, गाजियाबाद, यूपी



आप सभी नगर वासियों को
ईद-उल-फितर
की
दिली
मुबारकबाद
आपके अपने
हाजी असलम खान
वरिष्ठ रालोद नेता


आप सभी को
ईद-उल-फितर
की हार्दिक
शुभकामनाएं
रविशंकर चंदेल
समाजवादी प्रचारक


आप सभी को
ईद-उल-फितर
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
विकास यादव
(भट्टे वाले)
वार्ड नं. 05 से जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी


आप सभी क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
बी.एस. पंवार
निगम पार्षद (दिलशाद गार्डन)


सभी देशवासियों को
रियाज-उल-हसन खान
प्रधानाचार्य
डॉ. जाकिर हुसैन मेमोरियल सीनियर सैकेंड्री स्कूल
जाफराबाद, दिल्ली-110053
की तरफ से
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
रियाज-उल-हसन खान


भारत
डायग्नोस्टिक सैन्टर की ओर से
डॉ. मनोज कुमार
MD. Radio
डॉ. एम.पी. सिंह
MBBS. DMRD
आप सभी को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
FACILITIES
3D,4D LATEST
ULTRASOUND,
DIGITAL X-RAY,
COMPUTERIZED
PATHOLOGY LAB
Latest ULTRASOUND and COLOUR DOPPLER with high resolution, Liner,Trans-Vaginal & Trans-rectal Probes with Facilities for Neanatal Brain,Testes, Breast, Thyroid, Eye, Musculoskelatal, Peripheral Vascular, Renal, CAROTID, OBSTRATIC
Regn. No.:- GZB/2016/07
पता: दुकान नं.: 19, जिला पंचायत मार्किट के.एन. इण्टर कालेज के सामने, मैन रोड मुरादनगर,
फोन: 9927199331
8630444907


आप सभी को
ईद
उल
फितर
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
Late. Shree. omeshwar dayal Tyagi
nekpur sabit nagar
murad nagar gzb
Advo. Amit Kumar Tyagi
chamber no.886
Nekpur Sabit Nagar, Muradnagar GZB.


इण्डिया फ्रोज़न फूड
भूड़ा बेगमपुर चिमयावली
हाजी इरफान कुरैशी
हाजी रिजवान कुरैशी
हाजी एहतेशाम कुरैशी
मो0 रेहान कुरैशी
Eid
MUBARAK
सभी देश वासियों एवं जनपद वासियों तथा क्षेत्र वासियों को ईद की दिली मुबारकबाद
हाजी इमरान कुरैशी
समाजसेवी
सौजन्य से:-इण्डिया फ्रोज़न फूड भूड़ा बेगमपुर चिमयावली मुरादाबाद मार्ग सम्भल


समस्त क्षेत्रवासियों को ईद उल फितर की
दिली मुबारकबाद
अशोक कुमार पाल
सरोज देवी
निवेदकः सरोज देवी राशन डीलर
ग्राम मुख्त्यारपुर नवादा कांठ (मुरादाबाद)


FACE ISLAMIC CULTURAL COMMUNITY INTEGRATION
FICCI
Eid mubarak
DR. MUSHTAQ ANSARI
Founder Chairman
HAJI RIYAZUDDIN
SHABANA AZEEM
HAJI AKBAR ALI SAIFI
SHAKEEL ANJUM
SHAMIM KHAN
MOHD JAVED


नगर पंचायत सिरसी की ओर से कस्बे वासियों को ईद-उल फित्र एवं चैत्र नवरात्र की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
अपील
-नगर को स्वच्छ रखने में नगर पंचायत का सहयोग करें।
-कूड़ा नियत स्थान पर ही डालें।
-करों की अदायगी समय से करें।
-उपयोग के बाद पानी की टोंटी को बंद कर दें।
-पॉलिथीन का प्रयोग न करें।
-सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न करें।
-जन्म मृत्यु का पंजीकरण अवश्य करायें।
-अपने हरे-भरे जीवन हेतु एक पेड़ अवश्य लगायें।
विकास चन्द्र
डिप्टी कलेक्टर/अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सिरसी
जिला सम्भल
कौसर अब्बास
अध्यक्ष